धनबाद संस्करण | वर्ष : 66, अंक : 343 | पंजीयन संख्या : 3591/1957 | website : www.awazlive.com | संवत 2081, चैत्र, पूर्णिमा | मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024 | पृष्ठ : 16 | ₹4.00

औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख दैनिक (स्थापित : 15 अगस्त, 1947)

# आवाज

धनबाद, हजारीबाग, देवघर व आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से प्रकाशित



डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीता



कैस्पर रूड ने बार्सीलोना ओपन खिताब जीता

# कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा सीट से 29 अप्रैल को भरेंगी पर्चा

- भाजपा प्रत्याशी दिलीप कुमार वर्मा से होगा चुनावी मुकाबला

एजेंसी । 22 अप्रैल

**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन 29 अप्रैल को गांडेय विधानसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल करेंगी। मालूम हो कि हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद कल्पना सोरेन अब सक्रिय रूप से राजनीति हिस्सा बन गई हैं। वह लगातार एक के बाद एक सभाओं को संबोधित कर रही हैं। रविवार को ही उन्होंने उलगुलान महारैली जैसे बड़ी सभा में हुंकार भरी थी। मालूम हो कि बीजेपी ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए दिलीप कुमार वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। गांडेय उपचुनाव 20 मई को होना है। बता दें कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी 31 जनवरी को हुई है। उनकी गिरफ्तारी के कुछ दिनों के बाद से ही कल्पना ने राजनीति ज्वाइन कर ली है और अब वह केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ मोरचा खोल रखा है।



कल्पना सोरेन

### लोकसभा के साथ ही होगा गांडेय उपचुनाव

*बता दें कि झारखंड की 14 लोकसभा सीट के लिए चार चरणों में चुनाव होंगे। राज्य में मतदान 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को होंगे। इसके साथ ही गांडेय विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ ही 20 मई को होंगे। ऐसे में कल्पना के मैदान में उतरने से यह चुनाव दिलचस्प हो गया है। मालूम हो कि अगर इंडिया गठबंधन के दलों ने संयुक्त रुप से झामुमो प्रत्याशी का समर्थन किया तो चुनाव परिणाम रोचक हो सकता है।*

### 31 दिसंबर से खाली है सीट

*गौरतलब है कि गांडेय विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव 20 मई को होंगे। गिरिडीह जिले की गांडेय सीट झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद यह सीट खाली हुई है। 31 दिसंबर को विधानसभा सचिवालय ने कहा था कि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष ने गांडेय के विधायक सरफराज अहमद का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। ऐसे में यह सीट 31 दिसंबर, 2023 से खाली थी। इसके बाद चुनाव आयोग ने यहां चुनाव कराने की घोषणा की।*

# लेह पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ, जवानों संग लगाए भारत माता की जय के नारे



सियाचिन में जवानों के साथ राजनाथ

**लेह/जम्मू :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लद्दाख के लेह में पहुंच चुके हैं। जहां वह सियाचिन में तैनात सशस्त्र बलों के जवानों से मिले और बातचीत की। सियाचिन में जवानों के साथ मुलाकात के दौरान वहां भारत माता की जय के जोरदार नारे लगे। इस दौरान राजनाथ सिंह भी जवानों का हौसला बढ़ाया और दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर देश की रक्षा करने वाले जवानों को बधाई दी।

## शिक्षक भर्ती घोटाला में ममता सरकार को बड़ा झटका

# कलकत्ता हाई कोर्ट ने रद्द कीं 23 हजार शिक्षकों की नियुक्तियां

- सभी कर्मियों को सूद सहित लौटानी होगी सैलरी
- 15 दिन के अंदर नई भर्ती प्रक्रिया शुरु करने का निर्देश
- सिर्फ एक महिला की नौकरी कोर्ट ने बरकरार रखी

एजेंसी । 22 अप्रैल

**कोलकाता :** लोकसभा चुनाव के बीच पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को शिक्षक भर्ती घोटाला मामले बड़ा झटका लगा है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने वर्ष 2016 के पूरे शिक्षक नियुक्ति पैनल को अमान्य करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग पैनल द्वारा की गई स्कूल शिक्षक भर्ती को रद्द कर दिया है जिसके बाद 23000 शिक्षकों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा है। इस पैनल में शिक्षक से चपरासी तक हर भर्ती रद्द करने का कोर्ट ने निर्देश दिया है। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कक्षा 9वीं से 12वीं और समूह सी और डी तक की उन सभी नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया जिनमें अनियमितताएं पाई गईं। इसके साथ ही करीब 23 हजार 753 नौकरियों को रद्द कर दिया है। इस भर्ती में पैनल पर करीब 5 से 15 लाख रुपये की घूस लेने आरोप हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस देवांशु बसाक की बेंच ने यह फैसला सुनाया है।



कलकत्ता हाई कोर्ट

### चार सप्ताह में ब्याज सहित वापस करना होगा वेतन

*कोर्ट ने कहा कि जिन लोगों को एसएससी पैनल की समाप्ति के बाद नौकरी मिली, उन्हें जनता के पैसे से भुगतान किया गया। सभी को चार सप्ताह के अंदर ब्याज सहित वेतन लौटाना होगा। इसके लिए कोर्ट ने जिला अधिकारियों को पैसे वसूलने के लिए 6 सप्ताह का समय दिया। सभी को 12 फीसदी सालाना ब्याज भी देना होगा। कोर्ट ने 15 दिनों में प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है।*

### 2014 में निकाली रिक्तियां, 2016 में नियुक्ति

*बता दें कि यह घोटाला साल 2014 का है। उस समय पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमिशन ने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी। जिसकी प्रक्रिया साल 2016 में शुरू की गई थी। इस मामले में घोटाले की कई शिकायतें सामने आई थी, जिसमें कहा गया था कि जिन उम्मीदवारों के नंबर कम थे वो मेरिट लिस्ट में सबसे ऊपर थे। इसके साथ ही ये भी आरोप था कि जिनके नाम मेरिट में नहीं थे, उन लोगों को भी नौकरी दी गई थी।*

### मंत्री सहित हो चुके हैं गिरफ्तार बरामद हुई थी करोड़ों की नकदी

*कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने पूरे मामले की जांच की और बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया। जांच में पार्थ चटर्जी के सहयोगियों के पास से करोड़ों रुपए बरामद किए गए थे। उनके अलावा पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग के कुछ पदाधिकारियों को भी गिरफ्तार किया गया। कलकत्ता हाई कोर्ट के कहने पर ही सीबीआई ने दो महीने के अंदर अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंप दी थी।*

### हाईकोर्ट के फैसले को ममता ने बताया अवैध, देंगी चुनौती

*बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने शिक्षक नियुक्तियों को रद्द करने के कोर्ट के आदेश को अवैध करार दिया और कहा कि उनकी सरकार फैसले को चुनौती देगी। उन्होंने भाजपा नेताओं पर न्यायपालिका के एक वर्ग और निर्णयों को प्रभावित करने का भी आरोप लगाया। कहा कि हम उनलोगों के साथ खड़े हैं जिनकी नौकरियां चली गई हैं।*

## गिरिडीह में 40 करोड़ की लागत से बन रहा नगर निगम का भवन गिरा

**गिरिडीह :** झारखंड के गिरिडीह शहर के ऑफिसर कॉलोनी में करीब 40 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे नगर निगम के नए भवन का सामने का हिस्सा पूरी तरह से गिर गया है। घटना में मौके पर काम कर रहे करीब दो दर्जन से अधिक मजदूर बाल-बाल बच गए। भवन का सामने का हिस्सा गिरने के बाद संवेदक के द्वारा मरम्मत कार्य तेज कर सभी काम को दुरुस्त करने में जुट गया है। बताया गया कि ऑफिसर कॉलोनी में निरंजन राय कंस्ट्रक्शन को करीब 40 करोड़ रुपये की लागत से नगर निगम का नया भवन बनाने का जिम्मा मिला है। लेकिन, भवन बनाने में घटिया सामाग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है जिस कारण भवन का एक हिस्सा टूट कर गिर गया। घटना के बाद विभाग के द्वारा जांच का आदेश दे दिया गया है। इस मामले में नगर निगम उपआयुक्त विशालदीप खालको ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं होना चाहिए।

# लोकसभा चुनाव में कम वोटिंग पर चुनाव आयोग ने जताई चिंता

## हीटवेव रिस्क कम करने को आईएमडी के साथ की मीटिंग

एजेंसी । 22 अप्रैल

**नई दिल्ली :** देश के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान और लू चलने का असर लोकसभा चुनाव में देखा जा रहा है। 19 अप्रैल को पहले फेज की वोटिंग हुई, भीषण गर्मी की वजह से कम वोटर्स बूथ तक पहुंचे। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले कुछ दिनों के लिए भी गर्मी और लू चलने का पूर्वानुमान जताया है। कम वोटिंग पर चुनाव आयोग ने चिंता जाहिर की है। हीटवेव रिस्क को कम करने के लिए चुनाव आयोग ने सोमवार को मौसम विभाग के अधिकारियों समेत कई स्टैक होल्डर्स के साथ हाई लेवल मीटिंग की। इस बैठक में मौसम विभाग, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ बैठक की अध्यक्षता की। अधिकतर राज्यों के सीईओ ने हीटवेव को लेकर इंतजामों को बेहतर करने का आश्वासन दिया है। दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है। लिहाजा बेहतर व्यवस्था के लिए राज्य सरकारें भी कदम उठाएंगी। ये जानकारी सूत्रों के हवाले से सामने आई है।



बैठक करते आयोग के अधिकारी व अन्य

### चुनाव आयोग के साथ लगातार संपर्क में आईएमडी

*मौसम विज्ञान (आईएमडी) के डायरेक्टर जनरल मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि आईएमडी चुनाव आयोग के साथ लगातार संपर्क में है। मौसमी पूवार्नुमानों के साथ हम मासिक, सप्ताह-वार और रोजमर्रा के पूवार्नुमान कर रहे हैं। उन्हें हीटवेव और ह्यूमिडिटी के पूर्वानुमान दे रहे हैं। हम आयोग को उन स्थानों के बारे में इनपुट और पूवार्नुमान दे रहे हैं, जहां कई चरणों में चुनाव होने वाले हैं।*

## पूर्व जस्टिस गांगुली ने मांगा ममता बनर्जी का इस्तीफा

**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गांगुली ने राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) के जरिए भर्ती प्रक्रिया की सभी नियुक्तियों को निरस्त करने के फैसले को उचित करार दिया है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के तत्काल इस्तीफे की मांग की। गांगुली की एकल पीठ ने ही पूर्व में भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच का आदेश दिया था।

## केजरीवाल का आरोप- मैं रोज इंसुलिन मांग रहा हूं

एजेंसी । 22 अप्रैल

**नई दिल्ली :** सीएम अरविंद केजरीवाल की शुगर लेवल से जुड़े मामले और इंसुलिन न मिलने को लेकर अब जेल से केजरीवाल ने चिट्ठी लिखी। आप के सूत्रों ने बताया कि सीएम केजरीवाल ने तिहाड़ जेल सुप्रिडेंटेंट को चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में केजरीवाल ने कहा कि मैंने अखबार में तिहाड़ प्रशासन का बयान पढ़ा। केजरीवाल ने आगे कहा कि मुझे बयान पढ़कर दुख हुआ, तिहाड़ जेल प्रशासन के दोनों बयान झूठे हैं। केजरीवाल ने कहा कि मैं रोज इंसुलिन मांग रहा हूं। इधर, तिहाड़ जेल अधिकारियों ने रविवार को कहा था कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तबीयत पर सलाह दी। इसी दौरान तिहाड़ जेल प्रशासन ने रविवार को बयान जारी कर कहा था कि इंसुलिन का मुद्दा न तो अरविंद केजरीवाल द्वारा उठाया गया था और न ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान डॉक्टरों ने सुझाया था।

### राजनीतिक दबाव में झूठ बोल रहा तिहाड़ प्रशासन



# भाजपा नेता विश्वेश्वर ओझा के दो हत्यारे अपनी मौत तक जेल में रहेंगे बंद, अर्थदंड भी लगाया गया

- सात आरोपित दोषी पाए गये थे, छह आरोपित बरी

एजेंसी । 22 अप्रैल

**आरा :** विशेश्वर ओझा हत्याकांड में आज सोमवार को आरा सिविल कोर्ट में एडीजे 8 के द्वारा सजा सुनाई गई। नामजद मुख्य आरोपी हरेश मिश्रा और ब्रजेश मिश्र को आजीवन कारावास, टील डेथ, साथ ही दोनों पर 302 के तहत 85-85 हजार फाइन लगाया गया है। दोनों पर साजिश के तहत हत्या करने के मामले में सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही अन्य 5 आरोपियों को 307 के तहत 10 वर्षों की सजा सुनाई गई है। साथ ही 25 हजार का जुर्माना लगाया गया है। इस हत्याकांड में कोर्ट ने सात आरोपित को दोषी पाया था, जिनमें ब्रजेश मिश्रा, हरेश मिश्रा, उमाकांत मिश्रा, टुन्नी मिश्रा, बसंत मिश्रा, हरेंद्र सिंह, पप्पू सिंह शामिल थे। इसमें ब्रजेश मिश्रा और हरेश मिश्रा दोनों सगे भाई हैं। वहीं इस मामले में कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में छह आरोपितों को बरी कर दिया था।

### भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष थे विशेश्वर ओझा

*12 फरवरी 2016 की शाम भाजपा के तत्कालीन प्रदेश उपाध्यक्ष सह गद्दावर नेता ओझवलिया निवासी विशेश्वर ओझा अपनी सफारी गाड़ी से एक शादी समारोह में सोनवर्षा गांव गए हुए थे। लौटने के दौरान उक्त आरोपित अपने साथियों के साथ सोनवर्षा गांव में पहले से घात लगाकर बैठे हुए थे। जैसे ही विशेश्वर ओझा की गाड़ी गांव से बाहर निकली, अपराधियों ने गाड़ी को रुकवा कर गोलियों से छलनी कर दिया, जिसमें विशेश्वर ओझा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।*



**लोकसभा चुनाव 2024 : एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा ने भरा पर्चा, कहा-**

# जोबा या चंपाई चुनाव लड़ें, मोदी की गारंटी सब पर पड़ेगी भारी

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**चाईबासा।** सिंहभूम लोकसभा सीट से जोबा मांझी चुनाव लड़े या मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता. इन सब पर मोदी सरकार की 10 साल की गारंटी भारी पड़ेगी. यह कहना है सिंहभूम लोकसभा सीट भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा का. सोमवार को चाईबासा समाहरणालय में पर्चा दाखिल करने के बाद एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा ने मीडिया से बात की. लोकसभा चुनाव 2024 में सिंहभूम से एनडीए उम्मीदवार गीता कोड़ा ने चाईबासा स्थित



गांधी मैदान से रोड शो करते हुए समाहरणालय पहुंचीं. इसके बाद कलेक्ट्रेट के अंदर जाकर अपना नामांकन दाखिल किया. जहां जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी के समक्ष गीता कोड़ा ने दो सेट में अपना पर्चा भरा है. गीता कोड़ा के नामांकन दाखिल करने के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पार्टी नेता जेबी तुविद, गीता बलमुचू, भाजपा जिलाध्यक्ष संजू पांडे भी मौजूद रहे. चाईबासा समारणालय में निर्वाचन पदाधिकारी कुलदीप चौधरी के समक्ष पर्चा दाखिल करने के बाद करने के बाद गीता कोड़ा ने पत्रकारों से बातचीत के क्रम में कहा कि चुनावा का एलान-ए-जंग अब शुरू हुआ है. अब पूरी तरह खुलकर चुनावी मैदान में डटकर मुकाबला करने को वो तैयार हैं. पत्रकारों द्वारा पूछे गये एक सवाल के जवाब में गीता कोड़ा ने कहा कि सिंहभूम सीट से जोबा माझी चुनाव लड़े या मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, इन सब पर मोदी सरकार के 10 साल की गारंटी भारी रहेगी. कांग्रेस से जुड़े वोटर्स के बिखराव होने पर भी एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा की नीति सिद्धांत से प्रभावित होकर लोग उन्हें इस बार भी संसद में भेजने का काम करेंगे. बता दें कि गांधी मैदान से कलेक्ट्रेट तक के इस रोड शो में गीता कोड़ा के पति मधु कोड़ा के साथ साथ भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे. गाजे बाजे के साथ समाहरणालय पहुंचकर गीता कोड़ा ना पर्चा भरा है।

**झारखंड हाई कोर्ट ने ईडी से पूछा**

# चैशायर होम रोड की जमीन की क्या प्रकृति है और मूल रैयत कौन है!

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में चैशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में राजेश राय की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ईडी से पूछा कि चैशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की क्या प्रकृति है तथा इसका मूल रैयत कौन है? कोर्ट ने अनुसंधान में जितने भी इससे संबंधित रिकॉर्ड आया है उसे शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में दो सप्ताह में दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई आठ मई को होगी। विष्णु अग्रवाल पर चैशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन गलत




ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में राजेश राय, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल,विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ईडी ने मामले में ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया है। ईडी ने जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था, जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी।

*जमशेदपुर के पूर्व जज आरपी रवि पर फायरिंग मामला*

# आरोप से अखिलेश सिंह बरी

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**जमशेदपुर।** एडीजे-4 आनंद मणि त्रिपाठी की कोर्ट ने सोमवार को जमशेदपुर कोर्ट के पूर्व जज आरपी रवि पर फायरिंग के केस में दुमका जेल बंद में जमशेदपुर के गैंगस्टर अखिलेश सिंह को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। केस में अनुसंधान पदाधिकारी समेत कुल 22 लोगों की गवाही हुई थी लेकिन अखिलेश सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 307, 120 बी, आर्म्स की धारा साबित नहीं हो सकी। इस केस में आरोपित बंटी जायसवाल, रितेश राय, मनोरंजन सिंह उर्फ लल्लू सिंह के खिलाफ अलग से सुनवाई चल रही है। कोर्ट में बचाव पक्ष की ओर अधिवक्ता प्रकाश झा,



अधिवक्ता विद्या सिंह ने पक्ष रखा जबकि आरोपित गैंगस्टर अखिलेश सिंह वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से जुड़ा था। उल्लेखनीय है कि 19 मार्च, 2008 को साकची थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्पाद कार्यालय के समीप जमशेदपुर कोर्ट के पूर्व जज आरपी रवि पर गैंगस्टर अखिलेश सिंह के गुर्गों ने फायरिंग की थी।

# रांची में आईएनडीआईए की उलगुलान रैली में मारपीट मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**रांची।** राजधानी के प्रभात तारा मैदान में रविवार को आईएनडीआईए की उलगुलान न्याय महारैली में हुई मारपीट मामले में सोमवार को दोनों पक्षों ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक पक्ष के चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई नंद गोपाल त्रिपाठी ने धुर्वा थाना में मारपीट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस प्राथमिकी में कहा गया है कि प्रभात तारा मैदान में दिन के 02:30 बजे चल रहे कार्यक्रम में काला बिल्ला लगाकर 23-25 लोग घुस गए और आईएनडीआईए का विरोध करने




लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। डंडे से उनके सिर पर हमला किया गया, जिसमें उनका सिर फट गया। इसमें प्रभु दयाल समेत 24 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इधर, दूसरे पक्ष ने भी मारपीट समेत अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्ष के आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि महारैली में गठबंधन के नेता जनता को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के कार्यकताओं के बीच भिड़ंत हो गई। दोनों दलों के कार्यकर्ता एक-दूसरे पर कुर्सी और डंडे आदि लेकर टूट पड़े। वहां मौजूद लोगों और सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव की कोशिश की लेकिन तब तक कुछ लोगों को चोट लग चुकी थी। इससे रैली में अफरा-तफरी मच गई। रैली में शामिल लोग भागने लगे। इस दौरान कई लोग जमीन पर गिर पड़े। इस मारपीट की घटना में चतरा से गठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के भाई गोपाल त्रिपाठी का सिर फट गया।

# रिम्स की सुरक्षा में हुई भारी चूक कैदी हथकड़ी निकाल हुआ फरार

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**रांची।** रिम्स की सुरक्षा में एक बार फिर चूक का मामला सामने आया है। सुरक्षा में चूक की वजह से रिम्स के सर्जरी वार्ड से कैदी श्याम किशोर चौधरी (32) हाथ से हथकड़ी निकाल कर रविवार रात भाग निकला। आरोपित पलामू जिला के हरिहरगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसे 13 अप्रैल को डालटनगंज सदर अस्पताल से रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। कैदी ने कील निगल लिया था। इस कारण 13 अप्रैल को उसके पेट का ऑपरेशन हुआ था। बरियातू थाना प्रभारी सुरेश मंडल ने बताया कि कैदी के भागने को लेकर बरियातू पुलिस ने श्याम किशोर चौधरी की सुरक्षा में तैनात हवलदार शनिचरवा उरांव ओर जीतलाल




महतो ने बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दोनों जवान पलामू जिला बल के हैं और दोनों ही कैदी को लेकर इलाज के लिए रिम्स पहुंचे थे। आरोपित भागकर वापस अपने गांव तो नहीं पहुंचा। इस पर निगरानी रखने के लिए रांची पुलिस ने पलामू जिला की पुलिस को अलर्ट कर दिया है। श्याम किशोर चौधरी को ऑपरेशन के बाद कैदी वार्ड से 16 अप्रैल को सर्जरी वार्ड में शिफ्ट किया गया था। इसके बाद से ही सर्जरी वार्ड में ही उसका इलाज चल रहा था। बरियातू पुलिस ने जब कैदी की सुरक्षा में तैनात दोनों जवानों से पूछताछ की, तब एक जवान शनिचरवा उरांव ने बताया कि वह लघुशंका के लिए गया था। जबकि जीतलाल महतो ने बताया कि पेट खराब होने की वजह से वह शौचालय जाने के बाद रिम्स दवाखाना दवा लाने गया था।

# राज मिस्त्री सरबर अंसारी हत्याकांड का खुलासा, पांच लोग गिरफ्तार

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**रांची।** रांची के बेड़ो थाना पुलिस ने राज मिस्त्री सरबर अंसारी हत्याकांड मामले का खुलासा करते हुए पांच लोगों को पकड़ा है। इनमें पंचम उरांव, शंकर उरांव और महावीर उरांव शामिल है। जबकि मामले में दो नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। इनके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया बाइक बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 20 अप्रैल को मुबारक अंसारी रात आठ बजे फोन कर थाना में सूचना दिया था कि उसके छोटा भाई सरबर अंसारी जो राज मिस्त्री का काम करता है । वह शाम को अपने लेबर बिरसमुनी उराईन को पैसा देने के लिए चरिया



गांव गया था, जो अभी तक घर नही आया है और उसका फोन भी बन्द है। सूचना के बाद पुलिस सरबर अंसारी को खोजबीन करने के लिए चरिया गांव पहुंची और काफी खोजबीन करने के बाद रात एक बजे सरबर अंसारी का शव खिरदा मोड़ के अन्दर बिजली के टावर के पास खेत से बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी बेड़ो अखिल नितिश कुजूर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक का पेशन प्रो बाइक घटनास्थल से करीब 500 मीटर की दूरी पर खेत में बरामद किया गया । पूछताछ के दौरान सभी के जरिये अपना अपराध स्वीकार किया गया। ।

## संक्षिप्त खबरें

### सुप्रियो ने उलगुलान न्याय महारैली को बताया सफल, जताया आभार

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**रांची।** जेएमएम के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने धुर्वा स्थित जगन्नाथ मैदान (प्रभात तारा) में आयोजित उलगुलान रैली को सफल बताया। उन्होंने इसके लिए इंडी गठबंधन के घटक दलों का आभार व्यक्त करते हुए जनता को धन्यवाद दिया। सुप्रियो भट्टाचार्य सोमवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सुप्रियो ने कहा कि प्रभात तारा मैदान में जनसैलाब यह बताता है कि अब देश में परिवर्तन की बयार बह रही है और लोग परिवर्तन चाहते हैं। भाजपा राज से जनता मुक्ति चाहती है। उलगुलान न्याय महारैली में अब स्पष्ट हो गया है कि झारखंड का मूड क्या है। हम लोगों ने महसूस किया कि जननेता हेमंत सोरेन के साथ हुए अन्याय को लेकर लोगों के अंदर आक्रोश है। भाजपा को समझ लेना चाहिए कि जनता क्या चाहती है और बयानवीर को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। सुप्रियो ने कहा कि मारपीट की जो घटना घटी वह अप्रत्याशित थी। हमें लगता है कि यह भाजपा की तरफ से प्रायोजित था। भाजपा ने हताशा और निराशा में ऐसा काम किया है। मारपीट की घटना टार्गेटेड थी, जो भाजपा का कर्मकांड है। महारैली में गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन की अनुपस्थिति पर सुप्रियो ने कहा कि गिरिडीह विधायक गांडेय में व्यस्त थे और बसंत सोरेन की तबीयत खराब हो गयी थी। इस कारण दोनों कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए।

### अफसर अली की रिमांड अवधि 27 अप्रैल तक बढ़ी

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े 8.46 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़ा मामले में सोमवार को सात दिनों की रिमांड पूरी होने के बाद अफसर अली को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया। ईडी ने अफसर अली से पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए छह दिनों की और रिमांड देने का आग्रह किया, जिस पर कोर्ट ने 27 अप्रैल तक के लिए रिमांड प्रदान की है। ईडी ने अफसर अली को 8.46 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़ा मामले में प्रोडक्शन रिमांड पर लिया था। मामले में अबतक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भानु प्रताप प्रसाद समेत पांच को चार्जशीटेड आरोपित बनाया गया है।

### गिरिडीह में 34 गोवंश बरामद, 4 गिरफ्तार

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**गिरिडीह।** जिले की बगोदर थाना पुलिस ने सोमवार को गोवंश लोड गाड़ियों को जब्त किया, जिसमें कई बछड़ों समेत 34 गोवंश लदे थे। इस दौरान पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। इस बाबत थाना प्रभारी सुख सागर सिंह ने बताया कि वाहनों में लोड गोवंश को बिहार से पश्चिम बंगाल पहुंचाया जा रहा था। गोवंश को मुक्त कराकर मधुबन गोशाला भेजा दिया गया है।

### सरिया पुलिस ने 150 बोतल अवैध शराब जब्त की

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**गिरिडीह।** जिले के सरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयरीडीह गांव में एफएसटी टीम ने सोमवार को छापेमारी कर 150 बोतल अवैध शराब जब्त किया। शराब रंजीत राम के घर से बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक सरिया के एसडीपीओ धनंजय प्रसाद राम को गुप्त सूचना मिली थी कि कोयरीडीह निवासी रंजीत घर में अवैध तरीके से शराब का कारोबार कर रहा है। इसके बाद एफएसटी प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में घर में छापेमारी कर शराब जब्त की गई। हालांकि, आरोपित मौके से भाग निकला। आरोपित रंजीत राम के खिलाफ सरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### सीबीआई के नाम पर 40 हजार की साइबर ठगी

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**रांची।** राजधानी के बेरमो अनुमंडल के बोकारो थर्मल गोविंदपुर डी पंचायत अंतर्गत वैशाखी कॉलोनी निवासी गणेश दुबे से सीबीआई द्वारा जांच के नाम पर डराकर साइबर ठगों ने 40 हजार रुपये ठग लिए। इस संबंध में गणेश दुबे ने कहा कि सोमवार को उनके मोबाइल पर 92 3147037233 नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को सीबीआई इंस्पेक्टर बताते हुए कहा कि उनका बेटा आशीष दुबे जो कि सूरतकल में बीटेक की पढ़ाई कर रहा है, रेप की घटना में संलिप्त था और वह पकड़ा गया है। उसे मीडियावालों से अलग रखा गया है। वरीय पदाधिकारी से बात हुई है। यदि उसे अपने बेटा को मामले से बचाना है तो 40 हजार रुपये दिये गये नंबर पर ट्रांसफर करना होगा। गणेश दुबे फोन सुनकर काफी डिस्टर्ब हो गये और उसे 40 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। रुपये ट्रांसफर करने के बाद उसने गणेश दुबे से और एक लाख रुपये की मांग की। बाद में उन्होंने अपने बेटा को फोन किया तो उसका कहना था कि वह ट्रेन में है और बोकारो थर्मल घर लौट रहा है।

### पृथ्वी दिवस पर ज्यादा पेड़ लगाने का दिया संदेश

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**रामगढ़।** पृथ्वी दिवस पर रामगढ़ जिले में धरती को बचाने का संदेश दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में सोमवार को पृथ्वी दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। गोला पंचायत के चिल्ड्रेन पैराडाइस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में डालसा रामगढ़ के बैनर तले बच्चों को पर्यावरण से संबंधित जानकारी पीएलवी पूनम कुमारी ने दिया। साथ ही पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के उपायों की जानकारी दी। पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उसके संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया गया। बच्चों को बताया गया कि पेड़ लगाने से पृथ्वी का मौसम संतुलित रहता है। बच्चों को पर्यावरण से जुड़े रहने की जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि प्रत्येक मनुष्य को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए।

# आनेवाली सदी भारत की होनी चाहिए : अर्जुन मुंडा



*नेत्रहीन मांदर वादक से प्रभावित हुए अर्जुन मुंडा*

*उड़ीकेल गांव में आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान गांव के ही नेत्रहीन मांदर वादक सूरदास मुंडा की प्रतिभा से अर्जुन मुंडा काफी प्रभावित नजर आये। उन्होंने सूरदास से हाथ मिलाया और कुछ दूर उसका हाथ पकड़कर साथ लेते गये।इस मौके पर शिवशंकर मिश्रा, दिलीप शर्मा, तोरपा विधानसभा प्रभारी अरुण चंद्र गुप्ता, विष्णु सोनी, राजेन मुंडा, जिला परिषद सदस्य जोरोंग आईंद, मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह, सुधीर सिंह, मोहनलाल पाठक, अश्विनी शर्मा, बिट्टू शर्मा, मनोज मिश्रा, जगरनाथ साहू, कृष्णा हेमरोम, महादेव गोप, रावण गोप, महावीर गोप, सीमा देवी, प्रीति देवी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।*

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**खूंटी।** खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आने वाली सदी भारत की होनी चाहिए। इसके लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है और यह तभी संभव है जब आप लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देंगे। अर्जुन मुंडा सोमवार को कर्रा प्रखंड के लापा और उड़ीकेल गांव में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। मुंडा ने कहा कि 60 वर्षों तक देश में शासन करने वालों ने गांवों के विकास को अवरुद्ध करके रखा। उन्होंने कहा कि विकास के लिए हमें परंपरा और परिवर्तन को साथ लेकर चलना होगा। विकसित भारत के लिए हमें विकास मं गतिशीलता लानी होगी। एक ओर हम ऑर्गेनिक फूड की बात करते हैं और गोबर से दूर होते जा रह हैं। विकास के लिए समयबद्ध काम होना चाहिए। घड़ी के बंद होने से समय नहीं रुकता।

**भुईहरी जमीन को हड़पने वाले आदिवासियों का विकास क्या करेंगे :** राज्य सरकार पर हमला करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि भुईहरी की जमीन को हड़पने वाले न आदिवासियों का विकास करेंगे और न उनकी रक्षा। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जमीन को दलालों को देने के लिए ही इस सरकार ने सीएनटी एक्ट में बदलाव का भी प्रयास किया। तत्कालीन मंत्री मथुरा महतो के पास सीएनटी में संशोधन वाली फाइल अब भी पड़ी है। मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने आदिवासियों खासकर खूंटी को काफी सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहले भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू कोई प्रधानमंत्री नहीं गया था। द्रौपदी मुर्मू पहली राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने उलिहातू जाकर धरती आबा को नमन किया। मुंडा ने लोगों का आह्वान किया कि 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी कोई भाजपा के पक्ष में वोट देकर नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री बनाने में सहयोग करें। भाजपा नेता ब्रजेंद्र हमेरोम ने अतिथियों का स्वागत किया।

औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख दैनिक (स्थापित : 15 अगस्त, 1947)

# आवाज

धनबाद, हजारीबाग, देवघर व आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से प्रकाशित






**मौसम**

| स्थान | अधिकतम | न्यूनतम | वर्षा |
|---|---|---|---|
| धनबाद | 38 | 26 | 1% |
| देवघर | 38 | 26 | 1% |
| हजारीबाग | 36 | 22 | 25% |
| आसनसोल | 41 | 27 | 1% |
| रांची | 35 | 23 | 1% |
| पटना | 39 | 29 | 0% |

*लोकसभा चुनाव : कांग्रेस उम्मीदवार का पर्चा रद्द, सात ने नाम वापस लिए*

# सूरत से निर्विरोध जीते बीजेपी के मुकेश दलाल



**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** पूरे देश भर में चुनाव का मौसम चल रहा है. पहले चरण की वोटिंग हो चुकी है और मौसम के साथ साथ चुनावी पारा भी चढ़ गया है. गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर चले लंबे ड्रामे के बाद इखढ कैंडिडेट मुकेश दलाल ने निर्विरोध जीत दर्ज कर ली है. रविवार को कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी और उनके डमी कैंडिडेट का नामांकन रद्द हो गया था. कांग्रेस नेता का पर्चा रद्द होने के बाद बाकी बचे सभी सात उम्मीदवारों ने भी अपना नामांकन वापस ले लिया है. उम्मीद की जा रही थी कि इरढ के उम्मीदवार प्यारेलाल भारतीय अपना पर्चा वापस नहीं लेंगे लेकिन आज उन्होंने भी मुकेश दलाल के सामने सरेंडर कर दिया है।

**सीएम करेंगे अधिकारिक घोषणा**

*2024 लोकसभी चुनाव में भाजपा की ये पहली कामयाबी है. सामने खड़े होने जा रहे उम्मीवारों के पर्चा वापस लेने के बाद मुकेश दलाल इस लोकसभी चुनाव के पहले निर्विरोध जीतने वाले सांसद बन गए हैं. सीएम की घोषणा के बाद भाजपा के पाले में चुनाव परिणामों से पहले ही एक सीट आ जाएगी. मुकेश दलाल गुजरात के सूरत भाजपा के महासचिव हैं. निर्विरोध जीत दर्ज करने वाले मुकेश दलाल मोढ वणिक समुदाय से आते हैं और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष उफ पाटिल के करीबी माने जाते हैं. वे हाल ही में एसडीसीए कमेटी के मेंबर भी हैं।*

# पृथ्वी दिवस पर बच्चियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



झरिया। झरिया में अंधाधुंध कोयला खनन से प्रदूषण का स्तर बहुत ज्यादा बढ़ गया है। वाहनों से कोयला ढुलाई भी प्रदूषण को जानलेवा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। यहां के लोग बीमार हो रहे हैं। लोगों की औसत आयु घटती जा रही है और बच्चे दिव्यांग पैदा हो रहे हैं। पृथ्वी दिवस पर इसी प्रदूषण से झरिया की रक्षा के लिए निकली रैली में बच्चियों ने सिर पर ग्लोब उठाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# राहुल गांधी के लिये गोड्डा सीट कुर्बान : दीपिका सिंह पांडे

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**



दीपिका सिंह पांडे

**देवघर।** 17 अप्रैल को लोकसभा के गोड्डा सीट से महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में माहगमा विधायक दीपिका सिंह पांडे को अपना उम्मीदवार बनाया था. उसके बाद उन्होंने गोड्डा संसदीय क्षेत्र में प्रचार प्रसार की शुरूआत भी कर दी थी, जिसके अचानक चार दिन बाद 21 अप्रैल को कांग्रेस आलाकमान के द्वारा लोकसभा की गोड्डा सीट से उन्हें हटाकर पौड़ेयाहाट विधायक प्रदीप यादव को महागठबंधन का प्रत्याशी बनाया गया. जिसको लेकर दीपिका सिंह पांडे ने सोशल मीडिया पर कहा की ऐसे कई टिकट कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए कुर्बान कर सकती हुं. इसके साथ उन्होंने लिखा कि महागठबंधन प्रत्याशी बनाने के बाद जिन लोगों ने भी मेरा साथ दिया, मेरे साथ खड़े रहे उन सभी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया. इसके साथ ही जिन लोगों ने भी विरोध किया उन सभी को आश्वस्त कराती हूँ की मैं कांग्रेस पार्टी की सच्ची सिपाही हूँ. इसके साथ ही मैं पूरी निष्टता के साथ गोड्डा महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव में काम करूँगी. इसके साथ ही केंद्रीय नेतृत्व के निर्णय का सम्मान करते हुए, पार्टी की समर्पित सिपाही का कर्तव्य निभाने का काम करुंगी. इसके बाद प्रत्याशी बनाने के बाद तीन चार दिनों में गोड्डा की जनता ने मेरे प्रति जो स्नेह और भरोसा बरसाया, वो मैं कभी नहीं भूलूँगी और आजीवन आभारी रहूँगी।

# बंगाल में थी 26/ 11 जैसे हमले की योजना एसटीएफ ने आतंकी को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। 22 अप्रैल**




**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी कर हमले की योजना बना रहे एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। कोलकाता पुलिस ने उसे मुंबई के माहिम इलाके से गिरफ्तार किया है। शख्स की पहचान राजाराम रेगे के तौर पर हुई है।

कोलकाता पुलिस ने दावा किया है कि राजाराम आतंकी है और उसका कनेक्शन मुंबई हमलों के हैंडलर डेविड हेडली से भी रहा है। इतना ही नहीं एसटीएफ का दावा है कि राजाराम कोलकाता में मुंबई के 26/11 जैसे हमले की साजिश रच रहा था। कोलकाता पुलिस के एडिशनल सीपी 1 मुरलीधर शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि कोलकाता पुलिस ने तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी के मामले में मुंबई से राजाराम रेगे को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि राजाराम ने साल 2011 के मुंबई हमले से पहले डेविड हेडली से मुलाकात की थी। पुलिस का कहना है कि आतंकी हेडली ने शिकागो की एक कोर्ट में 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मुकदमे में अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में अपने बयान में कहा था कि वह मध्य मुंबई के दादर में शिवसेना भवन गया था और राजाराम रेगे से मिला था। एडिशनल सीपी ने बताया कि राजाराम को कोलकाता में देखा गया था। उसने साउथ कोलकाता के होटल रुका था। उसके पास अभिषेक बनर्जी और उसके पीए का नंबर भी था। कोलकाता पुलिस का कहना है कि 26/11 जैसे हमले का प्लान किया जा रहा था।

**अभिषेक बनर्जी के घर की थी रेकी**

*कोलकाता पुलिस के एडिशनल सीपी 1 मुरमुलीधर शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि कोलकाता पुलिस ने तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी के मामले में मुंबई से राजाराम रेगे को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि राजाराम ने साल 2011 के मुंबई हमले से पहले डेविड हेडली से मुलाकात की थी।*

आरोपित ने अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी करने की भी कोशिश की थी। शुरूआती जांच में पता चला है कि राजाराम ने कोलकाता में कुछ और लोगों से मुलाकात की थी। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच जारी है।

# वलसाड एक्सप्रेस में आग बुझाने के दौरान विस्फोट

■ **आरपीएफ कांस्टेबल की हुई मौत**

**एजेंसी। 22 अप्रैल**



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर वलसाड एक्सप्रेस की एक बोगी में ब्लास्ट होने से एक आरपीएफ जवान की मौत हो गई। बोगी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई थी। आरपीएफी की टीम आग पर काबू पाने में जुट गई। उसी वक्त कांस्टेबल विनोद कुमार छोटा फायर सिलेंडर ( फायर एक्सटिंग्विशर) लेकर आग बुझाने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान फायर सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। हादसा इतना भीषण था कि विनोद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। रेलवे की पूरी ने विनोद कुमार को अस्पताल में भर्ती करवाया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि वलसाड एक्सप्रेस सोमवार की सुबह साढ़े छह बजे मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर आई थी। कुछ देर बाद ट्रेन की एस-आठ बोगी के शौचालय में आग लपटें निकलने लगीं। आग की सूचना रेलवे और आरपीएफ की टीम यहां पहुंची और आग पर काबू पाने में जुट गई। आरपीएफ जवान विनोद कुमार भी आग पर काबू पाने के लिए पहुंचे। उन्होंने फायर सिलेंडर से आग पर काबू पाने की कोशिश पाने लगे। एक फायर सिलेंडर खत्म हो गया लेकिन आग की लपटें कम नहीं हुई। इसी बीच उन्होंने दूसरे फायर सिलेंडर से आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। सिलेंडर का लॉक जैसे ही खोला वैसे ही सिलेंडर ब्लास्ट कर दिया।

# धनबाद से चुनाव लड़ सकती है भाजमो, घोषणा आज

■ **अंतरआत्मा की आवाज पर वोट करें : सरयू राय**

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**



पार्टी पदाधिकारियों की साथ प्रेस को सम्बोधित करते सरयू राय

**धनबाद।** जमशेदपुर के पूर्वी विधायक सह भारतीय जनतांत्रिक मोर्चा (भाजमो) के संस्थापक सरयू राय ने सोमवार को धनबाद में प्रेस वार्ता कर कहा कि उनकी पार्टी धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम के ऊपर फैसला लेने का अधिकार दिया गया है, जो संभवत मंगलवार को पार्टी प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर देगी। उन्होंने कहा कि सरयू राय या कृष्णा अग्रवाल या कोई और उम्मीदवार होगा इस पर मंथन जारी है। अंतिम निर्णय से पहले पार्टी सभी बिंदुओं पर चर्चा अपने पदाधिकारियों से राये कर लेना चाहती है। उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि कांग्रेस प्रत्याशी अनुमपा सिंह को समर्थन नहीं दिया है। बल्कि उन्हें व्यक्तिगत आशीर्वाद दिया था। जो अक्सर एक बेटी या बहू को दिया जाता है। सरयू राय ने एक बार फिर केंद्र के बीजेपी पर निशाना साधा और कहा कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने चुनाव आयोग के जो एफिडेविट दिया है, जो कि अखबारों में भी प्रकाशित किया है। उसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो पर अभी 19 मामले लंबित है और दो मामलों में सजा हुई है, जबकि वर्ष 2022 में धनबाद के पूर्व एसएसपी ने झारखंड उच्च न्यायालय में एक रिपोर्ट दी थी उसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो पर इससे कहीं ज्यादा मामले लंबित है। साथ ही उन्हें चार मामलों में सजा हुई है।




# लातेहार में ट्रिपल मर्डर से दहशत

**लातेहार।** जिले के गारू थाना क्षेत्र के डबरी में एक सिरफिरे युवक रंजन उरांव ने अपने ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कुल्हाड़ी से मारकर कर दी । घटना रविवार रात की है। मृतकों में आरोपित का पिता सूरज उरांव (65)भाभी अनुपमा देवी (35) तथा एक अन्य रिश्तेदार मंसूरिया देवी (32) शामिल है। आरोपित रंजन उरांव ने अपने चचेरे भाई अमलेश उरांव और अपनी पत्नी हीरामणि देवी को भी कुल्हाड़ी से मारकर घायल कर दिया है। जानकारी के अनुसार आरोपित रंजन उरांव रविवार की रात शराब के नशे में घर आया था।

# वेंकैया नायडू समेत कई हस्तियां पद्म पुरस्कारों से सम्मानित

■ **राष्ट्रपति मुर्मू ने दिए अवॉर्ड**

**एजेंसी। 22 अप्रैल**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू समेत अन्य गणमान्य जनों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने वेंकैया नायडू को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। इसके अलावा सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, पूर्व राज्यपाल राम नाईक, गायिका उषा उत्थुप और उद्योगपति सीताराम जिंदल को पद्म भूषण से नवाजा गया। लगभग आधे विजेताओं को सोमवार को पुरस्कार प्रदान किए गए। शेष को अगले सप्ताह पुरस्कार दिए जाने की संभावना है। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर सहित अन्य उपस्थित थे। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिए जाते हैं। इनमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री शामिल हैं। पुरस्कार विभिन्न विषयों या क्षेत्रों में दिए जाते हैं। इनमें कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल, सिविल सेवा आदि शामिल हैं।

## भाजपा का प्रबुद्ध सम्मेलन : लोगों ने मांगा विकास का हिसाब

# सरकार बनी तो राज्य से खत्म करेंगे गुंडागर्दी : बाबूलाल

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**धनबाद।** धनबाद में लोगों की समस्या से रूबरू होने के लिए भाजपा ने प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन मेमको मोड़ स्थित एक निजी होटल परिसर में आयोजित किया गया। सम्मलेन में जिले के शिक्षा, व्यवसाय, सहित कई अन्य क्षेत्र से जुड़े प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के पहले मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, लोकसभा प्रत्याशी सह बाघमारा विधायक ढुलू महतो, विधायक राज सिन्हा, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, लोकसभा प्रभारी सुरेश साव, जिलाध्यक्ष श्रवण राय, ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर शामिल थे। कार्यक्रम में प्रबुद्ध लोगों में चेतन गोयनका ने दिल्ली और बेंगलुरु के लिए सीधे धनबाद से ट्रेन, बैंक मोड़ में फ्लाईओवर, धनबाद में एयरपोर्ट जैसी मांगो को रखा। राजेश रिटोलिया ने 15 साल में भाजपा का किये विकास का हिसाब मांगा। कहा कि 15 साल में धनबाद के सांसद और विधायक, मेयर भाजपा के रहे तो क्षेत्र पिछड़ा क्यों रह गया। एयरपोर्ट, एम्स धनबाद में क्यों नहीं बना। भाजपा नेता अमरेश सिंह ने जन चेतना मंच की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष को एक मांग पत्र सौंपा। राजेश गुप्ता ने कोयले के उद्योग को लेकर सवाल किये और मांग किया की अगर इस बार सरकार बने तो कोयले के क्षेत्र में विकास हो क्योंकि कोयला उद्योग भी नौकरी का ही एक अंग होता है। कोयला आयात निर्यात के लिए भी एक साइड वैल्यू बनाया जाना चाहिए। सभी सवालों के जवाब में प्रदेश अध्यक्ष, लोकसभा प्रत्याशी, धनबाद विधायक ने लोगों को आश्वस्त किया कि अगर केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो सभी समस्याओं का निदान कर दिया जाएगा। संचालन संजीव बियोत्रा ने किया।




### 400 पार की चुनौती को पूरा करना है : राज सिन्हा

विधायक राज सिन्हा ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में धनबाद में कई विकास के काम हुए। बीबीएमकेयू विश्वविद्यालय खुला, 4 हजार करोड़ की सड़के बनी। बिजली के लिए सात सब स्टेशन बनाये गए, ग्रिड जोड़े गए। पानी के लिए पाइपलाइन बिछे। जंहा काम नहीं हुआ वो राज्य सरकार की देन है। इसलिए केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार बनाना है।

### सम्मेलन में 400 पार के साथ बाबूलाल को मुख्यमंत्री बनाने पर भी जोर

इस सम्मलेने में 400 पार नारा के साथ ही वक्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को भी मुख्यमंत्री के रूप में देखने के लिए जोर दिया और लोकसभा चुनाव के साथ आगामी विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को वोट देकर बाबूलाल मरांडी को मुख्यमंत्री बनाने की अपील की।

### धनबाद में कानून व्यवथा दुरुस्त कर खत्म करेंगे गुंडागर्दी : मरांडी

अपने सम्बोधन में बाबूलाल मरांडी ने भाजपा की सरकार केंद्र और राज्य में बनने पर धनबाद की कानून व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही। उन्होंने कहा आज व्यवसायियों से खुलेआम रंगदारी मांगी जाती है। जिले के एसपी कहते है ले देकर मैनेज कर लो। ऐसे में धनबाद में डर का माहौल है। व्यवसायी से लेकर डॉक्टर और छोटे बड़े बिजनेसमैन यंहा से पलायन कर रहे है। अगर सरकार बनी तो झारखण्ड से गुंडागर्दी खत्म करेंगे।

### जनप्रतिनिधि डरपोक होगा तो हक की लड़ाई कैसे होगी : ढुलू

प्रत्याशी ढुलू महतो ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि जनता फिर आशीर्वाद देगी। उन्होंने अपने ऊपर आरोपों पर कहा कि जनप्रतिनिधि डरपोक नहीं होना चाहिए। ऐसा होगा तो लोगों की हक की लड़ाई कैसे होगी। सबके काम करने का अलग तरीका होता है मेरा भी है। अगर मुझसे कोई गलती हो तो सजा दीजिये। हमारे ऊपर जो भी है उनसे शिकायत कीजिये। मजदूरों के साथ अब व्यवसायियों की जिम्मेवारी रहेगी जिसका आपका भाई बेटा बनकर निर्वहन करूंगा।

### हीट वेव से कामगारो की सुरक्षा के लिए मुख्य कारखाना निरीक्षक ने जारी किया निर्देश

**धनबाद।** झारखंड की मुख्य कारखाना निरीक्षक ने एक पत्र जारी कर राज्य के सभी कारखाना प्रबंधको को केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय सचिव द्वारा हीट वेव के संदर्भ में उनकी सुरक्षा के लिए दिये निर्देशों के अनुपालन करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय द्वारा जारी गाइड लाइन की तहत सभी कारखाना प्रबंधको को हीट वेव को देखते हुए कामगारों की सुरक्षा को ध्यान में रख सभी प्रकार की सुरक्षात्मक प्रबंध कारखाना परिसर में करने करने को कहा है। जिसमे गर्मी को देखते हुए काम के घंटों में परिवर्तन, समय समय पर कामगारो की स्वास्थ्य जांच, कार्यस्थल पर आइस पैक उपलब्ध करवाने, हवादार रेस्ट रूम का इंतजाम, उचित पीने के पानी का समुचित इंतजाम, इलेक्ट्रॉल पाउडर की व्यवस्था आदि का इंतजाम करने को कहा है। किसी आकस्मिक अवस्था में कामगारों को अत्यधिक गर्मी वाले स्थानों पर जाने से रोकने का भी निर्देश दिया गया है।

# अनुपमा ने पीएन सिंह और कुंती देवी से मांगा आशीर्वाद





**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**धनबाद।** लोक सभा चुनाव को लेकर मतदान की तिथि 25 मई है। मतदान में महज एक माह शेष है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं प्रत्याशियों को जीत के लिए आशीर्वाद की आवश्यकता बढ़ती जा रही है। धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने चुनाव में जीत के लिए आशीर्वाद भी मांग रही हैं। कांग्रेस ही नहीं बल्कि बीजेपी के भी कई बड़े नेताओं के घर आशीर्वाद मांगने पहुंच रही हैं। अनुपमा सिंह पूर्व सांसद पीएन सिंह के भतीजे के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुईं जहां उन्होंने पीएन सिंह के पैर छुए और चुनाव में जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। अनुपमा सिंह अपने पति अनूप सिंह के साथ झरिया की पूर्व विधायक कुंती सिंह से भी आशीर्वाद लेने उनके घर गई। मौके पर सिद्धार्थ गौतम भी मौजूद थे। अभी हाल ही में अनुपमा सिंह ने पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के घर भी आशीर्वाद लेने गई थी।

### विधायक सरयू राय ने रणविजय सिंह से की मुलाकात



**धनबाद।** पूर्वी जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने सोमवार को धैया गोकुल बंगला में कांग्रेस नेता सह बिहार जनता खान मजदूर संघ के महामंत्री रणविजय सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की और राज्य के महत्वपूर्ण राजनीतिक बिंदुओं समेत धनबाद लोकसभा चुनाव पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान भाजपा के ढुलू महतो को चुनाव में कैसे रोका जाये इस पर भी गहन विचार विमर्श किया गया। अवसर पर बिजये झा, कृष्णा अग्रवाल समेत अन्य भी मौजूद थे।

# पृथ्वी दिवस : हरियाली पर खनन विभाग का दंश, खुली हवा में सांस लेना भी मुश्किल

- **धनसार, चांदमारी, केंदुआ लोयाबाद, लोदना, बागड़िगी कुजामा, जयरामपुर ,बरारी सहित अन्य जगहों पर बज रही खतरे की घंटी**

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**धनबाद।** देश दुनिया के साथ झारखंड भी हर साल 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनता तो है,मगर पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण से निजात दिलाने के लिए सार्थक प्रयास नहीं किया जा रहा है। यही वजह है कि आज लोगों की औसत उम्र भी तेजी घटती जा रही है। तरह -तरह की प्रदूषण जनित बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण धनबाद में हरियाली भी दिखती थी, लेकिन अब उस हरियाली को ही डंस लिया गया है। खनन विस्तार की चपेट में वन प्रमंडल की 400 हेक्टेयर से अधिक की जमीन आ चुकी है, जहां से 24 घंटा धूलकण उड़कर मानव स्वास्थ्य के लिए खतरे की घंटी बजा रहा है। धनसार, चांदमारी, केंदुआ, लोयाबाद, लोदना, बागड़िगी, कुजामा, जयरामपुर ,बरारी सहित अन्य जगहों के लोग कोल डस्ट, गैस रिसाव से परेशान हैं।

### ठौर की तलाश में पक्षी भी

पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पक्षियों तक को घोंसला बनाने के लिए अपने ठौर की तलाश करना पड़ रहा है। कटते वनों की पीड़ा नहीं सुनी जा रही और ना ही पक्षियों का दर्द। पहले की तरह पक्षियों के कलरव भी कम सुनाई पड़ रही है।

### संकट में मानव जीवन

खुली खदानें, दहकती खदानों ने और गैस रिसाव ने मानव जीवन को संकट में डाल दिया है। इस प्रकार की स्थिति को लेकर पर्यावरण संरक्षण, ग्लोबल वार्मिंग, ग्रीन हाउस गैस आदि पर चर्चा करना ही बेकार है।

### जंगलों के कटाव से घट रही कृषि उत्पादन क्षमता

शहरीकरण की आड़ में जंगलों के कटाव से वनों का क्षेत्रफल, वर्षा का अनुपात और कृषि उत्पादन क्षमता लगातार घटती जा रही है। जब धनबाद मानभूम का अंग था तो यहां धान की अच्छी फसल होने के कारण इसे धनबाइद यानी धान से आबाद कहा जाता था। अब खुली हवा में सांस लेना मुश्किल हो रहा है। लोगों में अस्थमा, टीवी, हिट स्ट्रोक सहित अन्य शिकायतें मिल रही हैं। कोयलांचल की हवा में सल्फर डाई ऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड के बहाव से अम्लीय बारिश के कारण भूमि की उर्वरा क्षमता घटती जा रही है।

### आज मनेगी हनुमान जयंती

**धनबाद।** श्री अग्रसेन समाज, हीरापुर द्वारा संचालित हनुमान मंदिर में मंगलवार को हनुमान जयंती धूमधाम से मनाया जायेगा। यहां रामनवमी के अलावा हनुमान जयंती भी उल लास के साथ मनाया जाता है। जयंती को लेकर मंदिर की साज-सज्जा भी की जा रही है।

# बार एसोसिएशन के पदाधिकारी के खिलाफ अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

- **लगाया शोषण और मनमानी करने का आरोप**

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**धनबाद।** धनबाद बार एसोसिएशन के पदाधिकारी के खिलाफ आम अधिवक्ताओं ने सोमवार को एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। अधिवक्ता बार के पदाधिकारी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। सभा को संबोधित करते हुए अधिवक्ता अरुण कुमार तिवारी ने कहा कि बार एसोसिएशन के पदाधिकारी मनमानी एवं तानाशाह रवैया अपना कर विनोद बिहारी महतो हॉल की खिड़की को बंद कर दिया। वहां बाथरूम का निर्माण कराया जा रहा है। खिड़की बंद होने के कारण हॉल में न रोशनी आ रही है और न ही हवा। इससे अधिवक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है। संगठन के पदाधिकारी को शिकायत की गई, लेकिन इसका निष्कर्श नहीं निकला। सभा का संचालन करते हुए अधिवक्ता गजेंद्र कुमार ने बार एसोसिएशन से तत्काल खिड़की खोलकर अधिवक्ताओं को राहत देने की मांग की। उन्होंने कहा कि दूसरे को न्याय दिलाने वाला अधिवक्ता स्वयं संविधान में प्रदत्त अपनी मांगों को लेकर आंदोलन के लिए विवश हो गया है। यह बहुत बड़ी विडंबना है। अधिवक्ता के के तिवारी ने कहा कि संगठन अधिवक्ताओं के हित के लिए बनाया गया है, जबकि वर्तमान समय के पदाधिकारी अधिवक्ताओं का शोषण करने पर आमदा है। अधिवक्ता अरुण तिवारी ने बताया कि आंदोलन की अगली रणनीति मंगलवार को तय की जाएगी। अधिवक्ता अपनी मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करते रहेंगे।



### अधिवक्ताओं से मिलने नहीं पहुंचे कोई अधिकारी

चार घंटे तक अधिवक्ता धरना पर बैठे रहे लेकिन उनसे मिलने बार का कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय ने कहा कि उन्हें आधिकारिक सूचना नहीं दी गई थी। कहा कि मुट्ठी भर अधिवक्ता अपना स्वार्थ साधने का प्रयास कर रहे हैं। बार एसोसिएशन सैंकड़ो अधिवक्ताओं के हित में काम कर रही है और सैंकड़ो अधिवक्ताओं की सुविधा को लेकर बाथरूम बनाया गया है।

# जदयू ने लिया ढुलू को जीताने का संकल्प

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**धनबाद।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आह्वान पर लोकसभा चुनाव 2024 में धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी ढुलू महतो को जीतने का संकल्प लिया गया। यह निर्णय सोमवार को हीरक रोड स्थित एक होटल में बैठक में ली गई। बैठक के पश्चात संवाददाताओं से बातचीत करते हुए पार्टी के प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह ने सभी से आह्वान करते हुये कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में एनडीए घटक भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ढुलू महतो को हर हाल में जितना है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी को जमीन से जुड़ा बताते हुये कहा कि पीछे कई चुनावों में यह पहली बार है कि धनबाद सीट पर गरीबो का सही प्रतिनिधि चुनाव में उतारा गया है। उन्होंने प्रत्याशी पर लगे संगीन आरोपों और केस पर बोलते हुए कहा कि इनमें कई केस दुर्भावना वश हुये हैं, जो कोर्ट में साबित नहीं हो पायेंगे। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी हबीब खान, जिला अध्यक्ष पिंटू सिंह, रामस्वरूप यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय सिंह कुशवाहा, प्रदेश सचिव राजू सिंह, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, वरिष्ठ नेता सकलदेव राय, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष बबलू मोदक, बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष शिवचरण महतो, जिला महासचिव जयपुर सिंह आदि शामिल थे।



# आसमान में छाए बादल और ठंडी हवाओं ने दी तेज गर्मी से राहत





- **पूरे दिन बादलों ने डाला डेरा आज भी मौसम रहेगा सुहाना**

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**धनबाद।** धनबाद में सोमवार की सुबह से ही मौसम ने करवट ले ली। रविवार तक गर्मी ने जहां लोगों को जीना मुहाल कर दिया था, वहीं सोमवार को राहत भरी ठंडी हवाएं चली। दिनभर बादलों ने भी आसमान में डेरा डाले रहा। अधिकतम तापमान की बात करें तो सोमवार को दो डिग्री सेल्सियस की कमी आई। सोमवार को 40 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। मौसम विभाग के विशेषज्ञ अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तर-पूर्व आसाम और उत्तर-पूर्व बंगलादेश में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। जिसकी वजह से बंगाल की खाड़ी से मॉयस्चर झारखंड की ओर आ रहे हैं। इस वजह से गर्मी से राहत मिल रही है। 23 अप्रैल तक मौसम राहत देगी। साइकलोन की वजह से झारखंड के कुछ भागों में सोमवार को हल्की बारिश भी हुई।

### 24 से फिर बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग के अनुसार 24 अप्रैल से फिर तापमान में बढोतरी होगी। आगामी बुधवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री तक रहेगा। वहीं 25 अप्रैल को 42 और 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार 25 और 26 अप्रैल को धनबाद में हीट वेव का प्रकोप बन सकता है। न्यूनतम तापमान में भी दो से तीन डिग्री तक बढोतरी महसूस की जा सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि इस बार पारा 45 डिग्री तक भी जा सकता है।

# बीसीसीएल में अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**विभाग में सभी पत्राचार हिंदी में करना आवश्यक है : रामा कृष्णा रमैया**



**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**धनबाद।** केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के सहयोग से बीसीसीएल के कल्याण भवन जगजीवन नगर में पांच दिवसीय अनुवाद ट्रेनिंग का उद्घाटन किया। मौके पर मुख्य रूप से मौजूद निदेशक कार्मिक मुरली कृष्णा ने सभी प्रतिभागियों को कहा कि हिंदी भाषी क्षेत्र में होने के कारण सभी पत्राचार हिंदी में करना चाहिए। निदेशक कार्मिक ने कहा कि कार्य बढ़ाने के लिए कंपनी में विशेष प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जा रहा है। बताया जाता है कि बीते कुछ वर्षों में 70 प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। वहीं बीसीसीएल के जीएमपी विद्युत सहाय ने कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन में अनुवाद का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों में प्रयोग किया जा रहा सभी कार्यों को हिंदी अनुवाद में करना आवश्यक है। कार्यक्रम में शिक्षक जगत सिंह रुहेला और कुसुम शर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम में दिलीप कुमार सिंह प्रबंधक राजभाषा, सतीश कुमार सिंह जीएम एचआरडी सहित अन्य मौजूद थे।

# लोस चुनाव के बीच जिले में 9 दिनों का रहेगा ड्राई डे

## चार चरण के चुनाव में 48 घंटों की शराब बंदी का निर्देश जारी

- टीमों का किया गया गठन
- बंदी के दिन गश्ति करेगी मोबाइल टीम
- शराब दुकान बंद रखने के लिए जारी किया गया सर्कुलर

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव से पहले जिले में अलग-अलग क्षेत्रों में उत्पाद विभाग की छापेमारी जारी है। कई जगह से नकली शराब के खेप भी पकड़ाये हैं। लगातार छापेमारी चल भी रही है। इस बीच लोकसभा चुनाव को लेकर शराब दुकान बंद रखने का नोटिस जारी कर दिया गया है।





उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त संजय कुमार मेहता ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक में अलग-अलग दिनों में शराब की दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। कुल 9 दिन दुकान बंद रखने का सर्कुलर जारी कर दिया गया है।

### कब-कब बंद रहेंगी दुकानें

*सहायक आयुक्त ने बताया कि 13 मई को चतुर्थ चरण का चुनाव है। इसके मद्देनजर 11 मई शाम 5 बजे से 13 मई शाम के 5 बजे तक शराब की दुकानें बंद रहेंगी। पंचम चरण का चुनाव 20 मई को है। इसे लेकर 18 मई शाम 5 बजे से 20 मई शाम 5 बजे तक दुकानें बंद रहेंगी। छठ्े चरण का चुनाव 25 मई को होना है। इसे लेकर 23 मई की शाम 5 बजे से 25 मई की शाम 5 बजे तक दुकानें बंद रखना है। वहीं सातवें चरण का चुनाव 1 जून को निर्धारित है। इसलिए 30 मई की शाम 5 बजे से लेकर 1 जून के शाम 5 बजे तक शराब की दुकानें बंद रखने का निर्देश दिया गया है। आखिर में मतदान के दिन भी शराब दुकान बंद रखा जाना है।*

### जांच और कार्रवाई के लिए टीम गठित

*लोस चुनाव के बीच निर्धारित दिनों में शराब दुकानें बंद रखने का निर्देश जारी हो चुका है। बंदी के दिन अगर शराब बेचते या खरीदते कोई भी पकड़ा जाता है तो उसपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उत्पाद सहायक आयुक्त ने बताया कि जांच और कार्रवाई के लिए टीम का गठन किया गया है। बंदी के दिन टीम अलग-अलग क्षेत्रों में गश्ति भी करेगी। सूचना मिलने पर मोबाइल टीम मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करेगी। दुकान को शील बंद करने का भी निर्देश दिया गया है।*

# पाथरडीह : ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

- सिर से अलग हुआ धड़

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**पाथरडीह।** पाथरडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत भाटडीह बस्ती के समीप पाथरडीह रेलवे ट्रैक के सिग्नल एस 2 पोल संख्या 3/50 और3/51 के बीच एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई शव का सिर और धड़ अलग-अलग था। घटना की जानकारी पाथरडीह थाना प्रभारी पवन चंद्र पाठक को मिलने पर एसआई आर के पांडेय के साथ दलबल सहित घटना स्थल पहुच घटना की छानबीन की। शव की पहचान जीतन मोदी छह नंबर धौड़ा बस्ती निवासी के रूप में की गई। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। जीतन रविवार की शाम ही घर से निकला था पर रात में नहीं लौटा। छोटे बहन-भाई रात भर राह देखते रहे। सुबह में मरने की खबर मिली तो बहन दहाड़ मार रोने लगी। जीतन अपने छोटी बहन नैना के साथ छः नम्बर बस्ती में रहता था दैनिक मजदूरी कर जीवन यापन करता था। उसका पिता सोसोधर मोदी बीसीसीएल कर्मी था जो डिसमिस होने के बाद अधिक शराब पीने लगा और उसकी मौत हो गयी। पिता के गुजरने के बाद मां भी गुजर गई। घटना की खबर मिलते ही बंगाल से तीन बहन नोनिबला देवी,अंगूरी देवी,नीतू देवी बहनोई पहुंच गये। पाथरडीह थाना प्रभारी पवन चंद्र पाठक ने पीड़ित परिवार को दाहसंस्कार के लिये आर्थिक मदद की।



जांच के लिए पहुंची पुलिस, इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

# जमीन विवाद के दो आरोपियों को तोपचांची पुलिस ने भेजा जेल

- हिंसक झड़प में एक युवक की हुई थी मौत
- अन्य आरोपियों को तलाश रही पुलिस

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**तोपचांची।** पिछले माह लेदाटांड़ में जमीन विवाद को लेकर हिंसा में आरोपित दो लोगों को तोपचांची पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त हिंसक झड़प के प्राथमिक अभियुक्त खुर्शीद अंसारी एवं सनाउल्लाह हक (दोनों लेदाटांड़ निवासी) को गुप्त सूचना के आधार पर तोपचांची थाना प्रभारी संजय कुमार ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के लिए धनबाद भेजा। फिर वहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि पिछले महीने 20 मार्च को लेदाटांड़ हिंदुस्तान ढाबा के समीप जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हुई थी जिसमें दोनों तरफ से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे। इसी क्रम में हिंदुस्तान ढाबा के मालिक अब्दुल सलाम के घायल पुत्र 26 वर्षीया एहतेशाम अंसारी की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस संबंध में दोनो तरफ से मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक पक्ष के दो लोगों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि अन्य लोगों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है जल्द ही इस कांड से संबंधित अन्य लोग भी कानून की गिरफ्त में होंगे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

# डीजे मशीन तालाब से बरामद



**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**कतरास।** भदरीचक से चोरी हुई लाखों की डीजे सिस्टम की पांच मशीनें, कतरास थाना क्षेत्र के रामपुर-पतराकुल्ही पथ के किनारे स्थित तालाब से कतरास पुलिस ने सोमवार को बरामद करने में सफलता हासिल की। पुलिस पानी से मशीनों को निकलवाकर थाना ले आई है। बीते 25 मार्च को जोगता थाना क्षेत्र के भदरीचक स्थित पूजा लाइट एंड साउंड सिस्टम के गोदाम में सेंधमारी कर चोरों ने मशीन चोरी की थी। इधर मशीन बरामदगी की सूचना पाकर पूजा लाइट के मालिक कलामुल हक घटनास्थल पर पहुंचे और शिनाख्त की। बरामद मशीन की कीमत लगभग ढाई लाख रुपये है। इसका खुलासा तब हुआ जब तालाब का पानी कम होने पर मशीन नजर आने लगी। सोमवार की सुबह बच्चों की नजर मशीनों पर पड़ी। बच्चों ने इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। संभावना जताई जा रही है कि मशीनों को ले जाने में असफल होने पर चोरों ने तालाब में फेंक दिया। कतरास थानेदार असित कुमार सिंह ने बताया कि दो जगह से साउंड सिस्टम चोरी होने की बात आ रही है कुछ दिन पूर्व कतरास से भी सिस्टम चोरी हुई थी और दूसरा जोगता से भी चोरी की सूचना मिली है। मिलान किया जा रहा है। जांच-पड़ताल के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भूली अमन सोसायटी में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- घरवालो ने कहा पढ़ाई को लेकर था तनाव पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव



**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**भूली।** भूली के आजाद नगर अमन सोसाइटी गेट नंबर 3 महिला मदरसा के समीप एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की पहचान मो इस्माइल खान के रूप में की गई है। इस्माइल के पिता मो कलेंडर ने बताया कि उनका बेटा पढ़ाई को लेकर कुछ दिनों से काफी डिप्रेशन में था। घरवालो ने बताया कि बीती रात को उसके बड़े भाई का मंगनी समारोह भी था जिसमे वह काफी उत्साह के साथ शामिल भी हुआ था। इसके बाद सोमवार की सुबह वह उठकर बाहर घूमफिर कर भी आया था। फिर वह अपने कमरे में चला गया था। सुबह नौ बजे जब दरवाजा बंद देख उसे आवाज दिया तो कोई जवाब नही मिला। इसके बाद काफी देर तक जब दरवाजा नही खुला तो हथौड़ी से दरवाजे की कुंडी तोड़ दी। जब घर वाले अंदर गए तो उनके होश उड़ गए। इस्माइल गमछे के सहारे पंखे से लटका हुआ था। घर मे यह दृश्य देखकर चीख पुकार मच गया। सभी आनन फानन में इस्माइल को उतारकर असर्फी अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस्माइल खान अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह धनबाद पीके राय कॉलेज में ग्रेजुएशन कर रहा था।

### हिल कालोनी से चोरों ने उड़ाए लाखों के सामान

***धनबाद।** हिल कालोनी दुर्गा मंडप के समीप एक क्वाटर से चोरों ने लाखों के सामान उड़ा दिया। घटना बीते शनिवार की है। भुक्तभोगी हिल कालोनी निवासी आरती कुमारी ने मामले की शिकायत धनबाद थाना में दर्ज कराई। पुलिस को आरती कुमारी ने बताया कि 20 अप्रैल की रात वह दरवाजा बंद कर सोने चली गई। उस रात उनके क्वाटर से चोरों ने सोने के दो चेन, दो अंगुठी, हार सेट, चार कान के झुमके, तीन लोकेट, दो मंगलसुत्र, सात चांदी की अंगुठी, पांच चांदी के चेन, दो सेट सोना का कंगन, चार हजार नगद, एक आईफोन, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड लेकर चंपत हो गए। सुबह जब सभी की नींद खुली तो सभी सामान घर से गायब हो गए थे। दरवाजा भी खुला था और लौकर टूटा था। लौकर में रखे सभी जेवर और मोबाइल चोरी हो चुके थे। करीब तीन लाख रुपये की चोरी का अनुमान लगाया गया।*

## लोदना में एक नंबर चानक पर दर्जनों अपराधियों ने बोला धावा

# कर्मियों को बंधक बनाकर की लूटपाट, काटे 100 मी. केबल



घटनास्थल पर बिखरे सामान

- घटना के बाद से दहशत

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**लोदना।** एक नंबर चानक पर रविवार की रात दर्जनों अपराधियों ने धावा बोला और गार्ड राजकुमार पासी एवं राजकिशोर को बंधक बनाकर लूटपाट की साथ ही 100 मीटर केबल काटकर ले गये। इस घटना से कर्मियों में भय व्याप्त है। कर्मियों का कहना है कि आए दिन चोर चानक पर आते रहते हैं पर प्रबंधन सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं कर रहा है। इधर, कोलियरी प्रबंधन घटना की जानकारी होने से इनकार कर रहा है। लोदना ओपी पुलिस भी घटना की जानकारी होने से इनकार कर रही है, जबकि कोलियरी अभियंता अंकित कुमार का कहना है कि घटना की लिखित सूचना लोदना ओपी में दी गई है। इस संबंध में कर्मियों ने कहा कि रविवार की रात 25 से 30 अपराधी आए थे। गार्ड राजकुमार पासी एवं रामकिशोर कुर्मी सहित अन्य कर्मियों को बंधक बना लिया गया था। लूटपाट कर 100 मीटर केबल काट कर ले गए। उन लोगों ने कहा कि यह घटना सीआईएसएफ के हटने के बाद से शुरू हो गई है। प्रबंधन ने यहां से सीआईएसएफ को हटा लिया है। सीआईएसएफ के हटते ही लुटेरे सक्रिय हो गए हैं। चानक पर पहुंच कर लूटपाट करते हैं। वहां पड़े लोहे के समान को उठाकर ले जाते हैं। वे लोग हथियार से लैस रहते हैं जिसके कारण कर्मी उनका विरोध नहीं कर पाते हैं। अगर यही हालत रही तो चाणक के समीप जितने भी लोहे पड़े हुए हैं वह धीरे-धीरे लोहा चोरों के भेट चढ़ जाएंगे। इधर क्षेत्र में चर्चा है कि प्रबंधन और प्रशासन की मिलीभगत के बिना खेल नहीं हो सकता है। यदि जल्द इस पर लगाम नहीं लगा तो कंपनी को लाखों का नुकसान हो सकता है।

# पानी के विवाद में किन्नरों ने जश्रसं नेता को पीटा

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**भगतडीह।** झरिया थाना क्षेत्र के विक्ट्री कुम्हार गड्ढा में सोमवार की देर शाम पानी विवाद में किन्नरों के झुंड ने जश्रसं के विश्वकर्मा शाखा अध्यक्ष मनोज पासवान की पिटाई कर दी। इतना ही नहीं किन्नरों ने मनोज के घर में घूसकर टीवी, मोबाइल सहित अन्य समान तोड़ दिये। जब मनोज पूरे परिवार के साथ धनसार थाना शिकायत करने पहुंचा तो किन्नरों ने थाना परिसर में भी जमकर हंगामा कर दिया। पुलिस ने किन्नरों को फटकार लगाई तो सभी झरिया थाना पहुंच गए। हालांकि दोनों पक्षों ने धनसार थाना में शिकायत की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मनोज ने बताया कि उसके घर के सामने एक सार्वजनिक नल है जिससे वहां के लोग पानी भरते है। इधर यहीं के रहनेवाली बबली नामक किन्नर ने झगड़ा करने लगी। थोड़ा देर के बाद बबली ने अन्य किन्नरों को फोन कर बुला लिया। आधा घंटा बाद चार टेम्पो से लगभग पंद्रह की संख्या मे किन्नर वहां पहुंचे और घर मे घूसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने लगे। दूसरे पक्ष की बबली किन्नर का कहना है कि सोमवार को उसकी मां ने फोन पर सूचना दी की वहीं के रहने वाले मनोज पासवान का पुत्र गौतम पासवान, रितिक पासवान, गोगो पासवान व रीना आदि मिलकर मारपीट कर रहे हैं । यह सुनकर मैं अपनी मां के घर गई तो उक्त सभी लोगों ने मुझे जान मारने के नियत से लाठी डंडा और गैता से मारपीट की उक्त लोगों ने मेरे गले का सोने का चेन व सोने की कान के बाली छीन लिए। बबली किन्नर ने झरिया थाना में शिकायत की है।




# लोस चुनाव को लेकर एसएसपी ने किया नक्सल प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण



- डंडाटांड़ और मनियाडीह स्थित मतदान केंद्रों का लिया जायजा

### मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

*दल बल के साथ एसएसपी ने मनियाडीह थाना अंतर्गत पड़ने वाले कई मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मनियाडीह, प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय डंडाटांड़, प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर, मध्य विद्यालय जाताखूंटी, प्राथमिक उर्दू विद्यालय भूस्की, मध्य विद्यालय चरककला, प्राथमिक विद्यालय चरकखुर्द का एरिया डोमेनेशन करते हुए नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान संदीप गुप्ता, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-दो, मो साजिद हुसैन अंचल निरीक्षक टुंडी समेत मनियाडीह थाना की टीम और सीआरपीएफ सशस्त्र बल के जवान भी उपस्थित थे।*

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**धनबाद।** आगामी लोकसभा चुनाव को भयमुक्त व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए धनबाद पुलिस अपनी सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटी है। इसी के तहत सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने नक्सल प्रभावित टुंडी मनियाडीह क्षेत्र का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। भौतिक निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने डंडाटांड़ और मनियाडीह पहुंचे, जहां उन्होंने हेलीपेड स्थल का निरीक्षण किया। चुनाव के दौरान केंद्रीय सुरक्षा बलों के ठहरने के लिए डंडाटांड और मनियाडीह स्थित विद्यालय भवनों का भी जायजा लिया और सुरक्षा बलों के ठहराव को लेकर सभी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की और चुनाव में भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील किया।

# बीसीसीएल : अमल में नहीं वेलफेयर बोर्ड का आदेश, जोखिम में श्रमिक परिजनों की जान

## जर्जर आवास, पेयजल, लो वोल्डेज सहित कई समस्याओं का कर रहे सामना


जर्जर आवास का फाइल फोटो

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**धनबाद।** सीआईएल चेयरमैन ने विलासपुर में लगभग चार माह पूर्व वेलफेयर बोर्ड की बैठक में श्रमिक आवासों के निरीक्षण के संदर्भ में जो निर्णय लिया था उसपर आज तक अमल नहीं किया गया। परिणाम स्वरूप आज भी जर्जर श्रमिक आवासें में कई समस्याओं के साथ रहने के लिए श्रमिक परिवार विवश हैं। यह स्थिति बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र संख्या दस डिगवाडीह न्यू कालोनी, डुमरियाटांड़, भूलन-बरारी, दंगाल धौड़ा आदि क्षेत्र की है। डिगवाडीह में तीन दशक पूर्व 370 यूनिट का आवास श्रमिकों के लिए बनाया गया था। इस आवास में अभी भी दो एरिया क्रमशः लोदना और पूर्वी झरिया के श्रमिक रहते हैं। अब कालोनी की चारदीवारी का नामोनिशान नहीं है। जर्जर आवास को श्रमिक खुद मरम्मत करा कर उसमें रह रहे हैं। पिट वाटर की सुविधा नहीं है। कई शौचलयों की टंकियों के छत वर्षों से टूटे हैं। टूटी नालियों से पानी और मलवा रास्ते में बहता रहता है।

### हकदार का नहीं रंगदार का है यहां कब्जा

श्रमिकों के कई आवासों पर तो कब्जा है ही, रिटायर के बाद भी उक्त आवासों में लोग रह रहे हैं। कुछ आवासों को तो बेच भी दिया गया है। कई श्रमिक आवास की मांग प्रबंधन से करते हैं, मगर उनके वास्तविक हक पर रंगदार का कब्जा है। सीनाजोरी के साथ चोरी की बिजली जलाने के अलावा टीवी, फ्रीज, कूलर, टुलु पम्प भी चलाये जा रहे हैं। इतना ही नहीं इनवर्टर और बैटरी वाली गाड़ियां भी चार्ज की जा रही हैं। इस कारण लो वोल्टेज अक्सर रहता है। अगर निरीक्षण ईमानदारी से हो तो पूरी स्थिति का खुलासा हो सकता है।

### कायाकल्प में अधिकारियों का रवैया उदासीन

बीसीसीएल प्रबंधन अगर पूर्व की बैठक में लिए गये निर्णय को अगर सकारात्मक अंजाम देने का प्रयास करे तो इससे ना केवल जर्जर आवासों का कायाकल्प हो सकता है, बल्कि अवैध कब्जा का भी खुलासा हो सकता है। बैठक के अनुसार निरीक्षण कमिटी में यूनियन प्रतिनिधि को भी रखा जाना है। निरीक्षण सीआईएल की सभी अनुषांगिक इकाइयों के श्रमिक धौड़ों में जाकर करना है। जहां तक धनबाद में बीसीसीएल के आवासों की हालत है वह प्रायः सभी क्षेत्रों में जर्जरता बयां करती है, लेकिन इसके पुनरूद्धार के लिए मांग करने पर भी कदम नही उठाये जाते हैं। अभी लोदना एरिया के विभिन्न जगहों में अवैध निर्माण तो किये ही जा रहे हैं, बीसीसीएल के आवास भी बेचे जा रहे हैं।

# ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर एसोसिएशन करेगा वनप्लस उत्पादों का बहिष्कार

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**धनबाद।** ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर एसोसिएशन ने 1 मई से वन प्लस उत्पादों की बिक्री बंद करने का सामूहिक निर्णय लिया है। एसोसिएशन के झारखंड सचिव अमृत दास ने कहा कि ब्रांड की नीतियों के संबंध में वन प्लस के साथ बातचीत करने का प्रयास किया गया लेकिन प्रयासों पर चुप्पी साध ली गई। इस वजह से निर्णायक कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। कंपनी के गलत नीतियों की वजह से राजस्व की हानि होती है। कंपनी खुदरा विक्रेताओं के दावों पर भी खड़ा नहीं उतर रही है। साथ ही घटिया उत्पाद का उदाहरण दिया जा रहा है। वन प्लस के फोन के स्क्रीन पर हरी खड़ी रेखाओं का दिखना और गुणवत्ता मानकों से समझोता करना चिंताजनक विषय बन गया है। कई ग्राहकों ने रिपोर्ट की है। अमृत दास ने बताया कि वनप्लस के व्यापार लाइसेंस को तत्काल रद्द करने की मांग की जा रही है। ओरा इंडिया जिनके अपने 4500 स्टोर्स देशभर में है और वनप्लस के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है और उनके साथ एकजुटता दिखाते हुए, ऐमरा झारखंड ने एकजुट होकर राज्य भर में वनप्लस का संपूर्ण बहिष्कार करने का फैसला लिया है।

# फिर इस चुनाव में भी नहीं बदला गया मतदान केन्द्र

**धनबाद।** पिछले कई चुनावों से नगर निगम के वार्ड संख्या 48 के मतदाता अपने आवास से लम्बी द्वरी पर परिवर्तित मतदान केन्द्र को लेकर चुनाव के दिन परेशान होते हैं। कई महिलाएं और बुजूर्ग इस कारण लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी नहीं निभा पाते हैं। लोगों ने इसकी मांग कई बार उठाई लेकिन इस पर कोई निर्णय संबंधित अधिकारी द्वारा नहीं लिया जा रहा है। इस बार 25 मई को यहां लोकसभा का चुनाव होगा। गर्मी का मौसम है। अगर उस दिन कड़ी धूप रहेगी तो फिर अधिकांश मतदाता पिछले चुनाव की तरह इस साल भी मतदान से दूर रहेंगे। उल्लेखनीय है कि पहले डिगवाडीह बाजार, त्रिकोनियांमोड़ के लोग डिगवाडीह स्कूल, टाटा कंपनी के स्कूल में वोट देने जाते थे, अब पिछले कई चुनावों से बरारी स्कूल में लागों को लगभग 2 किलोमीटर दूर जाकर जंगल के रास्ते या फिर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के रास्ते मतदान केन्द्र तक पहुंचना होता है। यही वजह है कि हर चुनाव में मतदान का प्रतिशत यहां प्रभावित होता है। इसके लिए जनप्रतिनिधि भी कभी आवाज नहीं उठाते हैं। फिर इस साल मतदान केन्द्र नहीं बदले जाने से लोगों को परेशानी होगी।

# पीके रॉय कॉलेज के छात्रों ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**धनबादः**पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज के एनएसएस इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर से रणधीर वर्मा चौक तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया । रैली के माध्यम से कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने समाज को यह संदेश देने की कोशिश किया, हमारा वोट कितना महत्वपूर्ण है। इसके लिए पोस्टर के माध्यम से कहते कहते थक चुके, अब तो आप समझ जाओ, मतदान कितना जरूरी है, एक बार अपने विवेक को जगाओ।, चलो मतदान करने को, देश को बदलने को। रैली की शुरूआत कॉलेज परिसर से नगर निगम धनबाद के सहायक नगर आयुक्त संतोषी मुर्मू,एनएसएस प्रोगाम ऑफीसर डॉ मो आलमगीर अंसारी और एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर शर्मिला कुमारी की अध्यक्षता में हुई। कॉलेज के छात्रों ने अपने मुंह पर टेप लगाकर रैली में भाग लिया। रैली में राहुल नोनिया, प्रिया कुमारी, राखी कुमारी, रुपाली कुमारी, विक्की ठाकुर, अभिषेक कुमार आदि मौजूद थे।

# एसएसएलएनटी की छात्राओं ने निकाली चुनाव जागरुकता रैली

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**धनबाद ।** एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सोमवार को लोकसभा चुनाव से संबंधित एक चुनाव जागरूकता रैली सुबह 7:00 बजे महाविद्यालय से सिटी सेंटर तक निकली गई। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी,चुनाव के संबंध में युवाओं के बहुमूल्य विचार, धनबाद में सत प्रतिशत वोट हो, आपका वोट आपकी आवाज, बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता, वोटर हेल्पलाइन एप, आपका वोट आपकी पसंद आपका भविष्य, मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए फॉर्म सिक्स कैसे भरे, जैसे कई बहुमूल्य विषयों पर अपनी स्वरचित बातों को लेखाचित्र पर प्रदर्शित किया। इस अवसर पर


जागरुकता रैली में शामिल छात्राएं

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर शर्मिला रानी, प्रोफेसर इंचार्ज वन विमल मिंज, प्रोफेसर इंचार्ज दो डॉ सुमिता तिवारी, बरसर डॉक्टर शोभा सरिता, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉक्टर नीलू सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित हुए। इसी क्रम में पीके रॉय कॉलेज के छात्र छात्राओ ने मुंह पर टेप लगाकर मौन मतदाता जागरूकता रैलीनिकली । छात्रों ने हाथो में - कहते कहते थक चुके, अब तो आप समझ जाओ, लिखा नारा थाम रखा था ।

# आरोग्य भारती ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर किया वृक्षारोपण

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**धनबाद ।**आरोग्य भारती पर्यावरण विभाग द्वारा सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जगजीवन नगर में वृक्षारोपण एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता आरोग्य भारती महानगर अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह पूर्व क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण परिषद ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए आरोग्य भारती के प्रांतीय संयुक्त सचिव जयप्रकाश सिंह ने कहा कि पृथ्वी को बचाने के लिए तीन पी यानी पेड़ पौधे को लगाना एवं संरक्षण करना,पानी का संरक्षण एवं संचयन करना एवं सिंगल यूजप्लास्टिक का प्रबंधन करना आवश्यक है तभी पृथ्वी को बचाया जा सकता है। मुख्य वक्ता के रूप में गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रांत पर्यावरण प्रमुख अरुण राय ने कहा कि 22 अप्रैल 1970 को पहली बार विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। पृथ्वी पर संकट के कारण क्या है ,इस संकट में मनुष्य की भूमिका क्या है और इसका समाधान क्या है इस पर विस्तार से चर्चा किया गया। जलवायु परिवर्तन ,प्रकृति एवं जैव विविधता का ह्रास एवं प्रदूषण पृथ्वी पर संकट के मुख्य बिंदु हैं। इसके समाधान के लिए हम सभी को आगे आना होगा।कार्यक्रम कार्यक्रम में अजय सिंहा ,सुनील उरांव ,अनिल शर्मा, धनंजय कुमार उर्फ. लोहा सिंह, किशोर जी आदि उपस्थित थे।

### सेंट जेवियर्स में मनाया गया वर्ल्ड अर्थ डे

**धनबाद।** वर्ल्ड अर्थ डे के उपलक्ष्य में जीजीसीईटी सेंट जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण किया। छात्रों को इस दिन के मनाए जाने का कारण बताया गया जिसमें छात्रों को अपनी पृथ्वी को बचाने के लिए जरूरी कार्य से अवगत कराया गया। जैसे ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना कचरा ना फैलाना। स्कूल प्रधानाचार्य इंद्रनाथ सिन्हा ने विद्यालय और अपने आसपास के वातावरण को संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही विद्यालय में वृक्षारोपण भी करवाया गया। मौके पर उप प्रधानाचार्य कृष्णा विश्वास, कोऑर्डिनेटर क्रमशः झुंपा सिंह तथा चांदनी त्रिगुनाइत भी मौजूद रही।


पौधरोपण करते छात्राएं

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

# कार्यक्रम की अनुमति के लिए 48 घंटे पहले करना होगा ऑनलाइन आवेदन

## पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दी जाएगी अनुमति

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उन्हें आदर्श आचार संहिता, चुनावी खर्च, हर कार्यक्रम के लिए अनुमति लेने की प्रक्रिया सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उपायुक्त ने कहा कि राजनीतिक दलों को रैली, सभा या किसी तरह के अन्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए सुविधा पोर्टल पर 48 घंटे से पहले ऑनलाइन अनुमति लेना अनिवार्य है। आवेदन प्राप्त होने के बाद पहले आओ पहले पाओ के आधार पर अनुमति दी जाएगी। कार्यक्रम में वीडियो सर्विलेंस टीम मौजूद रहेगी। इसलिए जो भी विवरण व्यय पंजी में दर्ज करें, वह सही-सही करें। हर खर्च की सही जानकारी सभी प्रत्याशी उपलब्ध कराएंगे। परिणाम घोषित होने के बाद जांच में खर्च का ब्यौरा गलत पाए जाने पर जीते हुए उम्मीदवार की उम्मीदवारी चुनाव आयोग द्वारा रद्द भी की जा सकती है। अवसर पर व्यय कोषांग के वरीय प्रभारी सह स्टेट जीएसटी के उपायुक्त गालिब अंसारी एवं व्यय कोषांग के नोडल सह सहायक आयुक्त जीएसटी ध्रुव नारायण राय ने चुनाव के दौरान रैली, पदयात्रा, नुक्कड़ सभा, बैनर पोस्टर की छपाई, स्टार कैंपेनर, हेलीकॉप्टर का खर्च सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही बताया कि नॉमिनेशन से पहले हर उम्मीदवार को एक नया बैंक अकाउंट खोलना अनिवार्य है। इसमें नामांकन से लेकर परिणाम घोषित होने की तिथि तक प्रतिदिन किए गए खर्च को दशार्ना है। इसी अकाउंट से चुनाव के लिए प्राप्त राशि एवं चुनाव के लिए खर्च की गई राशि का लेन-देन करना है। हर खर्च के लिए वाउचर रखना अनिवार्य है। 10 हजार रुपए से अधिक का भुगतान चेक द्वारा करना है।



बैठक में शामिल उपायुक्त माधवी मिश्रा और अन्य

# उप विकास आयुक्त ने किया प्रशिक्षण केंद्रों का दौरा

**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोक सभा निर्वाचन के आलोक में मतदान पदाधिकारियों के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आज भी जारी रहा। आज प्रथम मतदान पदाधिकारियों को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरुनानक कॉलेज में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरुनानक कॉलेज का दौरा किया एवं प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मॉक पोल करना महत्वपूर्ण है। इसे अच्छे से सभी सीख लें। मॉक पोल डाटा को डिलीट करना ना भूलें।वहीं एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय में जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी ने प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# राजकीय पॉलिटेक्निक में डिस्पैच सेंटर का डीसी ने किया निरीक्षण

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**धनबाद।** आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद स्थित चिन्हित बज्रगृह-सह-डिस्पैच एवं कमिशिनंग के लिए चिन्हित कमरों में में चल रही तैयारी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए धनबाद एवं झरिया विधानसभा वार तैयार नक्शे में बने ले-आउट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। जिसमें सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दशार्ये गए स्थानों एवं कमीशनिंग के लिए चिन्हित कमरों के संबंध में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस पॉइंट, सिटिंग अरेंजमेंट, डबल लॉक सिस्टम, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की। उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय के अलावा मूलभूत सुविधाएं, बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था के अलावा बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर में पर्याप्त संख्या में अग्निशमक यंत्र व अग्निशमन के लिए अन्य उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। मौके पर डीडीसी सादात अनवर ,डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद समेत अन्य कर्मी मौजूद रहें।


निरीक्षण करती उपायुक्त और अन्य

# जमीन अधिग्रहण में बीसीसीएल से करोड़ों के भुगतान में धोखधड़ी

## पांच एकड़ जमीन की वंशावली में नहीं दिया बहनों का नाम, सीएमडी से की शिकायत

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**भगतडीह।** बस्ताकोला आउटसोर्सिंग को विस्तारीकरण को लेकर बीसीसीएल ने बस्ताकोला मौजा के खाता संख्या सौ की 35 एकड़ 44 डीसमिल जमीन को अधिग्रहण करना शुरू कर दिया है। इस जमीन के हकदार आठ रैयत हैं जिसमें एक परिवार के पांच भाइयों को करोड़ों की राशि बीसीसीएल ने भुगतान कर दी। यह भुगतान होते ही धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आ गया । रैयत नारायण चंद्र वर्मा के नाम से लगभग पांच एकड़ से अधिक जमीन है। नारायण चंद्र की मृत्यु हो चुकी है। उनके वंशज भक्ति वर्मा ,शक्ति वर्मा, पंचम वर्मा, श्यामसुंदर वर्मा और मुक्ति प्रसाद वर्मा, फुलकुमारी, राधा और कमला हैं। इनके पुत्रों ने इनके अपनी बहनों का नाम वंशावली मे न देकर उसके हक से वंचित कर दिया है। इस संबंध में एक बहन फुलकुमारी के पुत्र राजेंद्र प्रसाद स्वर्णकार ने अपने साथ हुए धोखाधड़ी का मामले की शिकायत सीएमडी, बस्ताकोला महाप्रबंधक, क्षेत्रीय प्रबंधक सहित अन्य पदाधिकारियों से की है। शिकायत मिलने के बाद अधिकारी हरकत में आकर मामले की जांच करने में जुट गये हैं। हालांकि राजेंद्र प्रसाद स्वर्णकार के प्रतिपक्ष अधिवक्ता ने फुलकुमारी के पुत्र राजेंद्र को भुगतान के लिए दावा पत्र भी भेजा था। इधर राजेंद्र का कहना है कि अगर मुझे इंसाफ नहीं मिला तो न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।आरोप है कि अंचलाधिकारी की ओर से आए कर्मचारी ने एक व्यक्ति विशेष के घर मे बैठकर ही वंशावली बना दी, जबकि कर्मचारी को मुहल्ले मे आकर जानकारी लेनी चाहिए थी।

शपथ पत्र में लिख दिया कि बहन है ही नहीं बस्ताकोला मौजा के खाता संख्या सौ प्लाट नंबर मे लगभग पांच एकड़ जमीन के बदले आठ हकदार है।जिसमे पांच भाई भक्ति, शक्ति, मुक्ति, पंचम वर्मा,श्यामसूंदर वर्मा और तीन बहन फुलकुमारी, राधा देवी और कमला देवी शामिल है।लेकिन एक भाई पंचम वर्मा और अन्य भाइयों के पुत्र बिनोद, मनोज, सुरेश, दिनेश, राजेश, गोपाल वर्मा ने अंचलाधिकारी कार्यालय को धोखे मे रखकर वंशावली बनाई जिसमें अपनी बहन का नाम तकअंकित नहीं किया। इधर फुलकुमारी के पुत्र के लाख गुहार लगाने के बाद भी बीसीसीएल ने अंचलाधिकारी के द्वारा निर्गत वंशावली के आधार पर सभी भाइयों को लगभग सात करोड़ का भुगतान कर दिया। इन पांचों भाइयों ने एक शपथपत्र मे यहां तक बीसीसीएल को लिख कर दिया कि उनकी कोई भी बहन नहीं है।

जब शिकायकर्ता राजेंद्र ने बीसीसीएल को पत्र सौंप बहन होने की जानकारी देते हुए धोखाधड़ी की शिकायत की।यह शिकायत मिलते ही अधिकारियों को यह मामला गले का फांस बन गया। इधर शिकायत कर्ता राजेंद्र का आरोप है कि एजीएम परवेज आलम ने मुझे हमेशा गलत कागजात की जानकारी देते हुए दिगभ्रमित करता रहा। जब भुगतान के संबंध मे जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि सीओ की ओर से निर्गत वंशावली के आधार पर सभी को भुगतान करवा दिया गया है।


शिकायत पत्र दिखाते पीड़ित

### जांच के बाद होगी कार्रवाईः सीओ

इस धोखधड़ी को लेकर सीओ राम सुमन प्रसाद ने कहा कि यह वंशावली कब बनी है। मुझे मालूम नहीं है।अगर गलत वंशावली बनी है तो पीड़ित पक्ष शिकायत करे, जांच के बाद कार्रवाई होगी। एजीएम सह भूसंपदा अधिकारी परवेज आलम ने कहा आपत्ति की शिकायत कर सकते हैं।

### अब डाकघर में आकर ही पासबुक में एंट्री कराने का निर्देश

# गड़बड़ी हुई तो खाताधारी ही होंगे जिम्मेवार : वरीय डाक अधीक्षक

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**धनबाद ।** केके पॉलिटेक्निक गोविंदपुर पोस्ट ऑफिस में पिछले दिनों हुई करोड़ों की हेरा- फेरी मामले में वरीय डाक अधीक्षक धनबाद उत्तम कुमार सिंह ने डाकघर के तमाम खाताधारियों से कहा है कि वे अपने पासबुक में डाकघर में आकर विभागीय प्रिंटर पर एंट्री करायें अन्यथा लिखित या मैन्युअल अपडेशन, एंट्री को लेकर किसी प्रकार की गड़बड़ी होती है तो उसका जिम्मेवार स्वयं खाताधारक होंगे। उल्लेखनीय है कि धनबाद डाक मंडल के निरसा स्थित केके पॉलिटेक्निक पोस्ट ऑफिस में पिछले दिनों करोड़ों रुपए की राशि निजी खाते में डालकर घपलेबाजी करने का सनसनीखेज मामला पकड़ में आया था।

यह मामला पूरी तरह से केंद्र सरकार के अधीन है। ऐसे में वरीय डाक अधीक्षक धनबाद में मामला सीबीआई के अधीन कर दिया है। उक्त मामले में करोड़ों की घपला बाजी उजागर हो चुकी है तथा चार चिन्हित डाक कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस मामले को पिछले दिनों यहां के सभी समाचार पत्रों में भी प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था।उल्लेखनीय है कि धनबाद डाक मंडल में धनबाद एवं बोकारो जिला के तमाम डाकघर शामिल हैं।

## पृथ्वी दिवस पर झरिया को प्रदूषण से बचाने को निकली रैली, जमकर लगाए नारे

# पेड़ लगाओ खुद को बचाओ, प्लास्टिक हटाओ प्लेनेट बचाओ

### सिर पर ग्लोब रखकर बच्चों ने कई इलाके का किया भ्रमण



रैली में शामिल बच्चे


ग्लोब लेकर जातीं लड़कियां

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**झरिया।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर झरिया कोलियरी क्षेत्र के बच्चों ने कोयला क्षेत्र कई इलाके में एक अनोखी जागरूकता रैली निकाली और संबंधित अधिकारियों से पृथ्वी को ओपन कास्ट कोयला खनन से होने वाले अत्यधिक नुकसान से बचाने की अपील की। यह आकर्षक कार्यक्रम झरिया स्थित शैक्षणिक एवं सामाजिक परियोजना कोलफील्ड चिल्ड्रेन क्लासेस, झरिया द्वारा संचालित किया गया था। सुबह 30 से अधिक बच्चे सिर पर ग्लोब मॉडल और हाथ में तख्तियां लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए मोहरीबांध, कुजामा, घनुडीह क्षेत्रों का भ्रमण किया। मिट्टी के मटके से ग्लोब बनाए गए। लोग जानने को उत्सुक थे कि क्या हो रहा है। बच्चों ने उगते सूरज के सामने नारा दिया, 'क्या कहती है धरती माता, मेरा रूप वापस दो' 'पेड़ लगाओ खुद को बचाओ'। इसके बाद झरिया के पूर्वी भाग में मोहरीबांध कुजामा कोलियरी में प्लास्टिक हटाओ, प्लेनेट बचाओ आदि नारे लगाए।

गौरतलब है कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर हर साल 22 अप्रैल के दिन पूरी दुनिया में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। झरिया में बच्चों इसमें शामिल होकर ग्लोब का चित्र बनाया और केंदुआ घनसाढ़ी इकाई में पेड़ लगाए। पौधरोपण में 70 साल की बुजुर्ग महिला प्रेमा देवी और कोलकाता की लुब्धक चटर्जी ने केंदुआ में पेड़ लगाए। कार्यक्रम में अतिथि प्रबुद्ध मुखोपाध्याय, , बापी दास के साथ डीनोबिली स्कूल के छात्र सौमिल दे, सौम्यदीप रॉय, अनंगारी रॉय, एमए की छात्रा सावित्री कुमारी भी उपस्थित थीं। सभी ने कहा कि अब हमें खुद को बचाने के लिए पेड़ लगाना चाहिए। रैली का नेतृत्व कर रहीं सामाजिक कार्यकर्ता और कोलफील्ड चिल्ड्रन क्लासेस की संस्थापक पिनाकी रॉय ने कहा हम सरकार के सामने अपील करना चाहते हैं कि झरिया को अंधाधुंध कोयला खनन से होने वाले प्रदूषण से बचाया जाए। मोहरीबांध, कुजामा, डीपूधौड़ा, घुंडीही की धरती अब पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। रैली में शिक्षिका मौसमी रॉय व छात्रा सुमन कुमारी, झरिया के छात्र पंकज कुमार, सोनू कुमार, रिंकी कुमारी, संजना कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अनिकेत कुमार, अभिषेक कुमार, नंदनी झा, तानिया कुमारी, नंदनी कुमारी, अंजनी कुमारी, नंदन कुमार, गुंजन कुमारी आदि और केंदुआ के बच्चे दुर्गा कुमारी, प्रेम कुमार, चांदनी कुमारी, राजवीर कुमार, राजू कुमार, नीलम कुमारी, वर्षा कुमारी आदि मौजूद थे।

## भौंरा में दो गुटों के बीच हिसक झड़प में चले लाठी-डंडे, तीन घायल

**भौंरा।** सोमवार की शाम पांच बजे भौंरा में दो गुटों के आपसी रंजिश को लेकर झड़प हो गयी। मोहलबनी के रहने वाले सद्दाम खान एवं महफूज खान ने अपने दर्जनों दोस्तों के साथ गौरखूंटी निवासी अमर रवानी के घर पर हमला कर दिया। इसके बाद दोनों तरफ से खूब लाठी डंडे चले जिसमें अमर रवानी, सद्दाम खान एवं महफूज खान तीनों घायल हो गये। मौके पर पहुंचे सुदामडीह थाना प्रभारी ने कहा कि मारपीट की घटना की सूचना मिली है। घायल तीनों युवकों का सी एच सी चासनाला स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कराया गया इसके बाद सद्दाम एवं महफूज को सुदामडीह पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इससे पहले भी अमर रवानी के घर पर इन लोगों द्वारा हमला किया गया था। मामले में सुदामडीह प्रभारी सूरज रजक ने कहा कि घटना की जांच कर रहे हैं। मामला पुरानी रंजिश का लग रहा है। उन्होंनेफायरिंग की घटना से इनकार किया। ज्ञात हो कि अमर रवानी झामुमो नेता शंकर रवानी एवं बालिका देवी हत्याकांड का मुख्य आरोपी है।

## जयरामपुर में फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण

**अलकडीहा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झरिया की ओर से सोमवार को जयरामपुर कोलियरी में 45 फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट दिये गये। कार्यक्रम में उपस्थित पिरामल फाउंडेशन एस डी सी के सुनील साव, एमपीडब्ल्यू के वरुण बाउरी की ओर से दिया गया। कार्यक्रम में एएनएम चंदना चटर्जी और सहिया साथी रेखा भट्‌ट उपस्थित थे। किट में प्लास्टिक का टब, सावुन, तौलिया, मग, सेवलॉन, मलहम, ग्लप्स के अलावा कई सामग्री थे। मरीज को बताया गया कि कैसे इसका उपयोग करें। कहा नियमित उपयोग करने से बीमारी नहीं बढ़ेगी। समय-समय पर डॉक्टर से सलाह जरूर लें। सहियाएं घर-घर जाकर जो जानकारी देती है और जो दवा देती है इसका नियमित सेवन करें। मच्छरदानी का प्रयोग जरूरी है, मच्छर काटने से बीमारी होती है। अपने घर के आसपास साफ सुथरा रखें किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर डॉक्टर से जरूर सलाह लें। जानकारी ही बचाव है हम लोग जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आए हैं। मौके पर शांति देवी, सुलेखा देवी, रानी देवी, शांति प्रिया, संजू, पूनम देवी, सरिता देवी, रेखा साहनी, पुष्प लता देवी, मनोरमा गुप्ता आदि थीं।

# बांसजोड़ा क्षेत्र में 15 दिनों से पानी के लिए हजारों के बीच हाहाकार

### दो माह के अंदर खराब हो गया नया सबमर्सिबल पंप

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**लोयाबाद।** सिजुआ क्षेत्र के बांसजोड़ा कोलियरी के पुराना कार्यालय के पास लगा नया समर्सिबल पंप महज दो माह के अंदर खराब हो गया । पंप के खराब हो जाने से पंद्रह दिनों से इलाके में पिट वाटर की आपूर्ति ठप है। इधर, भीषण गर्मी में पिटवाटर नहीं मिलने से बांसजोड़ा, बांसजोड़ा 12 नंबर, गडेरिया, व बांसजोड़ा बस्ती सहित अन्य श्रमिक मोहल्ले की करीब दस हजार आबादी के बीच पानी की किल्लत हो गई है। करीब आठ साल बाद राम रहीम के नाम से चर्चित कांग्रेस के जिला महासचिव असलम और राजकुमार महतो के अथक प्रयासों के बाद उक्त स्थान से लोगों को बोरहाल से पानी मिलना शुरू हुआ था। सोमवार को कोलियरी प्रबंधन द्वारा एक दूसरा सबमर्सिबल पंप की व्यवस्था कर बोरहोल में डालने का काम किया जा रहा रहा है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो मंगलवार से संभवतः लोगों को पिटवाटर मिल सकता है। ज्ञात हो कि उत्खनन परियोजना बनने के बाद बांसजोड़ा कोलियरी प्रबंधन द्वारा कोलियरी के छह नंबर बंद चानक के पास से बोरोहोल के माध्यम से पिट वाटर की आपूर्ति शुरू की गई थी। बोरहोल के ध्वस्त हो जाने से पिट वाटर की आपूर्ति पूरी तरह से ठप पड गई थी। लोगों ने बताया कि इस भीषण गर्मी में पानी नही मिलने से काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।


पंप की मरम्मत में लगे कर्मी

## बीआईटी सिंदरी में ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के विद्युत विभाग में सोमवार को एक दिवसीय ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार को संबोधित करते हुए अमेरिका के आई ईईई के प्रबंध निदेशक मिस्टर रसेल हैरिसन ने सरकार के साथ काम करने के महत्व को समझाया और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि सरकारी संस्थानों और विभागों के साथ काम करना अत्यंत आवश्यक है ताकि समाज में प्रगति और विकास हो सके। ऑनलाइन सेमिनार में कार्यकारी विद्युत विभाग के हेड, डॉ एमडी अबुल कलाम, बीआईटी सिंदरी के निदेशक डॉ पंकज राय, बीआईटी सिंदरी के आई ईईई स्टूडेंट ब्रांच परामर्शक विनीत शेखर, अमित कुमार चौधरी ने किया। सेमिनार में बीआईटी सिंदरी के विद्यार्थी और शिक्षक शामिल थे।

# जलापूर्ति की मांग को लेकर बीडीओ से मिलीं उप प्रमुख आशा देवी

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**बलियापुर।** बढ़ती गमी और सूखते जलस्त्रोतों से क्षेत्र में जलसंकट गहराता जा रहा है। अरसे से निर्माणाधीन नल जल योजना भी दम तोड़ती नजर आ रही है। इसी की लेकर प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी सोमवार को बीडीओ से नल जल योजना से जलापूर्ति, खराब पड़े जल मीनारों और चापाकलों की मरम्मत आदि समस्याओं के निदान पर वार्ता की। इस संबंध में बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा द्वारा कहा गया कि जलापूर्ति योजना पर लगातार नजर रख रहे है। पेयजल की समस्या न हो इसको लेकर कोषांग भी बनाया गया है। खराब जलमीनारों की सूची मंगा ली गई है, पंचायतों को मरम्मत करने बोला गया है। उप प्रमुख आशा देवी ने बलियापुर पूर्वी पंचायत की समस्या को रखते हुए कहा कि बलियापुर नीचे टोला, बोरमुड़ी, बाघजोबरा, सिंगियाटांड़, डांगापाड़ा कालोनी, और डांगापाड़ा रोड साइड के मकानों में पानी सप्लाई और क्नेशन देने की मांग की। जिससे की लोगों की समस्या का समाधान हो सके। इसके साथ ही बाघमारा पंचायत के कुंवरडीह और छाताटांड पंचायत के पाथरडीह टोला में भी जलापूर्ति की मांग की। सभी समस्याओं को सुनने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।


बीडीओ का ज्ञापन देतीं उप प्रमुख आशा देवी

# डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई के बच्चों ने पृथ्वी की रक्षा का दिया संदेश

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**जोरापोखर।** सोमवार को डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में विश्व पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सबसे पहले स्कूल की प्रार्थना सभा में छात्रों को विशेष रूप से संबोधित किया गया, जिसमें उन्हें इसके महत्व के बारे में बताया गया। स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने कहा कि हमारी पृथ्वी इस ब्रह्मांड का एक छोटा सा अंश है जो हमें जीवित रहने के लिए वातावरण मुहैया करवाता है। इसलिए यह जरूरी है कि हम पृथ्वी को संभालकर रखें। मौके पर विज्ञान विभाग के अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों में श्लोगन, लेखन और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छठी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने श्लोगन प्रतियोगिता में भाग लिया और पृथ्वी को संभाल कर रखने के लिए खूबसूरती के साथ संदेश दिया एवं चित्रों के माध्यम से प्रकृति के रूप में पृथ्वी के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। इन गतिविधियों को संचालित करने का मुख्य उद्देश्य हमारी पृथ्वी के प्रति छात्रों में जागरूकता पैदा करना है ताकि वे प्रकृति और पर्यावरण से संबंधित अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कर सकें। मौके पर स्कूल शिक्षक इंदजीत दास मौजूद थे।


बच्चों के साथ प्राचार्य और शिक्षक

# संत जेवियर्स स्कूल फूसबंगला में पृथ्वी दिवस पर बच्चों ने निकाली झांकी

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**जोरापोखर।** संत जेवियर्स स्कूल फूसबंगला में सोमवार को बच्चों ने प्राचार्य पुनीत पीटर शाह की अगुवाई में पृथ्वी दिवस के अवसर पर अलंकृत आकृतियों कि झांकियां प्रस्तुत कर पृथ्वी बचाने का संकल्प लिया। इस दौरान जूनियर क्लास के बच्चे एलकेजी से स्टैंडर्ड 5 के बच्चे ग्रीन थीम ड्रेस पहनकर पृथ्वी बचाने को तरह तरह के आकृतियों से अलंकृत किए तथा श्लोगन लिखे पोस्टरों कि तख्तियां लेकर लोगों को पृथ्वी बचाने को जागृत किया। नंदनी कुमारी, श्वेता विश्वकर्मा, ,प्रिंसी राज ,शिफा जन्नत , रुद्र प्रताप सिंह, सूफियान ,सम्राट आदि बच्चों ने अपनी अपनी कलाकृति से अभिभावकों का मन मोह लिया। इस क्रम में आयशा कुरैशी ,सरवानी मजूमदार ,कोमल, प्रीति ,पंपा गुहा ,ममता मिश्र आदि शिक्षकों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। स्कूल के प्राचार्य पुनीत पीटर शाह ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी तथा पेड़ पौधों को उगाने और डिफोरेस्टेशन के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।


कार्यक्रम में शामिल बच्चे

## विस्थापन-रोजगार के खिलाफ सीपीआईएम ने किया संघर्ष का आह्वान

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**अलकडीहा।** सोमवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) लोदना मधुबन शाखा के सदस्यों ने विस्थापन, रोजगार सहित पुनर्वास, बिजली, पानी, सड़क महंगाई, बेरोजगारी आदि जन सवालों को लेकर संघर्ष तेज करने के लिए लोदना के आम जनता के घरों में जाकर इन सवालों को लेकर कोष संग्रह किया। मधुबन ब्रांच (1) के साथियों ने कोष संग्रह के साथ-साथ इन जन मुद्दों को लेकर आम जनता से संघर्ष में शामिल होने की भी अपील की। इस कार्यक्रम में मधुबन ब्रांच (1) के सचिव प्रजा पासवान, सुरेश पासवान शंकर पासवान, भोला माली, आनंदी पासवान आदि उपस्थित थे।

## लेनिन की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**सिंदरी।** साम्यवादी क्रांतिकारी लेनिन की 154 वीं जयंती पर माकपा की सिंदरी बलियापुर लोकल कमेटी ओर से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी का उद्घाटन करते हुए माकपा के वरिष्ठ नेता काली सेन गुप्ता ने कहा कि लेनिन रूसी क्रांति के नायक थे। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता राज नारायण तिवारी ने किया। संचाल लोकल कमेटी के सचिव विकास कुमार ठाकुर ने किया। विचार गोष्ठी को सूर्य कुमार सिंह, गौतम प्रसाद, हेमंत कुमार जायसवाल, रानी मिश्रा, मिठू दास, सुबल चंद्र दास, सविता देवी, राम लायक राम आदि ने संबोधित किया।

# पौधरोपण कर पृथ्वी की रक्षा का लिया गया संकल्प

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**झरिया।** ग्रीन लाइफ झरिया एवं यूथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को पृथ्वी दिवस पर प्राथमिक विद्यालय खास झरिया के प्रांगण में आम एवं मेहगुनी के कई पौधे लगाए गए। सभी लोगों ने एक-एक पौधा लगाकर पृथ्वी की रक्षा का संकल्प लिया। ज्ञात हो कि पृथ्वी दिवस के दिन हवा, पानी, धरती, नदी, तालाब, वृक्ष जैसे प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा एवं बेहतर कल के प्रयासों में एकजुट होने का आग्रह करते हैं। ग्रीन लाईफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह ने कहा कि यह पृथ्वी हमें पूर्वजों से विरासत में नहीं मिली, बल्कि भावी पीढ़ी से उधार में मिली है। अतः यह धरती हमें आने वाली पीढ़ी के लिए सुरक्षित बचाना है इसलिए इसकी रक्षा जरूरी है । डॉ मनोज ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ ही वृक्षों की रक्षा करनी होगी । रोजगार के लिए ही मानव ने जंगलों को नुकसान पहुंचाया है, अब समय आ गया है कि पेड़ लगाने की प्रवृत्ति को स्वरोजगार से जोड़ा जाए।


पौधे लगाते लोग

### कोयलांचल का वायु प्रदूषण बन रहा जलवायु परिवर्तन का कारण : अखलाक

यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा कि कोयलांचल का वायु प्रदूषण जलवायु परिवर्तन का कारण बन रहा है। हमारी भावी पीढ़ियां अधिक गर्मी, अधिक ठंढा एवं अधिक बरसात से प्रभावित होगी। अखलाक ने कहा कि कोयला खनन की गलत नीतियों पर यदि रोक नहीं लगाई जाती है यहां वायुमंडल में इतना ऑक्सीजन की कमी होगी की लोगों को पीठ पर ऑक्सीजन बैग ले कर चलना होगा। मौके पर शिवचरण शमा, श्रीकांत अंबष्ठ, प्रधान शिक्षक भूपेंद्र सिंह, डॉ मनोज सिंह, राजेश राउत, फिरोज, चांद, अजय कुमार, सोहेल, चांदनी, मुस्कान, साहीबा, कायनात ,फलक आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मैट्रिक में बलियापुर प्रखंड टॉपर आकाश प्रमाणिक को किया सम्मानित

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**बलियापुर।** बलियापुर प्रखंड के पलानी गांव के छात्रा आकाश प्रमाणिक ने मैट्रिक परीक्षा में पूरे प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आकाश की इस उपलब्धि पर प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी उनके आवास पर जाकर उन्हें अंग वस्त्र तथा उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सच्चे लगन और मेहनत से किया गया कार्य हमेशा सफल होता है तथा शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम अपने और परिवार के सपनों को पूरा कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने छात्र आकाश को शुभकामनों के साथ आशीर्वाद दिया। मौके पर उप प्रमुख आशा देवी, मुखिया शांति देवी, पंसस लक्ष्मी नारायण महतो, पंसस दिवाकर महतो, पंसस निमर्ली देवी, शिक्षक स्वपन कुमार महतो, धीरेन प्रमाणिक, आरती देवी, दिलीप कुमार महतो, विश्वजीत महतो, धर्मदेव तुरी आदि मौजूद थे।


सम्मानित करतीं आशा देवी और अन्य

## निरसा के यज्ञ मैदान में भाजपा ने किया जनसभा का आयोजन

# संविधान बदलने का झूठा आरोप लगा रही कांग्रेस : बाबूलाल


जनसभा में ढुलू महतो, बाबूलाल मरांडी, अपर्णा सेनगुप्ता और अन्य

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**निरसा।** निरसा के यज्ञ मैदान में सोमवार को भाजपा द्वारा जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता सह राज्य के पहले सीएम बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा पर संविधान को बदलने का झूठा आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी बताए कि उसने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न क्यों नहीं दिया। इमरजेंसी लाकर संविधान को तहस-नहस करने वाली तथा उसमें 80 बार से अधिक संशोधन करने वाली कांग्रेस पार्टी किस मुंह से भाजपा पर यह आरोप लगाती है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद भाजपा ने संविधान दिवस मनाने की परंपरा शुरू की। उन्होंने कहा कि विपक्षी आरोप लगाते हैं कि हेमंत सोरेन आदिवासी है इस कारण उसे जेल में भेजा गया है। ईडी ने 191 पेज का आरोप पत्र न्यायालय को दिया है, उसे पढ़ लीजिए सारी सच्चाई सामने आ जाएगी। हेमंत सोरेन ने भ्रष्टाचार किया है इस कारण वह जेल में है। इस अवसर पर लगभग आधा दर्जन पंचायत प्रतिनिधियों ने भाजपा का दामन थामा। सभा को सिंदरी विधानसभा के विधायक की पत्नी तारा देवी, सुरेश साव, सत्येंद्र कुमार, रोहित लाल सिंह, अंबिका खवास, मन्नू तिवारी, विनय सिंह, सरोज सिंह, भूपेंद्र सिंह, बम्पी चक्रवर्ती, डब्लू बाउरी, जयप्रकाश सिंह, मुन्ना सिंह आदि ने भी संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर एवं संचालन निताई रजवार ने किया। बाबूलाल मरांडी का स्वागत पारंपरिक आदिवासी नृत्य के साथ आदिवासियों ने किया।

### इंडिया गठबंधन में टिकट के लिए हो रही मारामारी : ढुलू

*चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ढुलू महतो ने कहा कि आम जनता को यह तय करना है कि स्वार्थ एवं परिवारवाद को प्राथमिकता देने वाली पार्टियों नकारना है या राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने वाले नरेंद्र मोदी का साथ देगी। अलगुलान रैली के नाम पर रांची में जो हुआ उसे राज्य की जनता ने देखा है। इंडिया गठबंधन में टिकट के लिए मारामारी एवं आपस में माथा फोड़ा फोड़ी करने वाले दल अभी से ही आपस में झगड़ रहे हैं तो सत्ता मिलने पर क्या करेंगे। मैंने सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के खिलाफ एवं रंगदारी के खिलाफ आवाज बुलंद किया तो मुझ पर सरकार ने झूठा मुकदमा दर्ज करवाया है। मुकदमों से मैं डरने वाला नहीं हूं। क्षेत्र की जनता के विकास के लिए अगर शहीद भी होना पड़े तो मैं पीछे नहीं हटूंगा। धनबाद में विकास के लिए जो भी बन पड़ेगा मैं उसे करने में पीछे नहीं हटूंगा।*

### निरसा से भाजपा प्रत्याशी को मिलेंगे दो लाख वोट : अपर्णा

*सभा को संबोधित करते हुए अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में पार्टी विरोधी कार्य करने वाले लोगों को पार्टी चिन्हित करें। जो लोग यह समझते हैं कि हम हैं तो पार्टी है उन्हें यह समझना चाहिए की पार्टी है तो हम हैं। निरसा विधानसभा के सभी बूथ से कम से कम 370 वोट भाजपा के पक्ष में दिलाने का काम कार्यकर्ता करें। कार्यकर्ताओं के बदौलत ही निरसा विधानसभा में भाजपा का कमल खिला है। इस बार निरसा विधानसभा की जनता 2 लाख से ज्यादा मत देकर ढुलू महतो को लोकसभा भेजने का काम करेगी।*

## एसएसएनएम विद्यालय केंदुआडीह में बच्चों को दिया गया सफाई का प्रशिक्षण


सफाई करते बच्चे

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**पुटकी।** पृथ्वी दिवस के अवसर सोमवार को स्विच ऑन संस्था के सहयोग से स्वाभिमान संस्था द्वारा नगर निगम के वार्ड नम्बर दस अन्तर्गत शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक विद्यालय केंदुआड़ीह में बच्चों को वेस्ट मैनेजमेंट पर प्रशिक्षण दिया गया । कार्यक्रम संस्था की अध्यक्ष भुनेश्वरी देवी ने बताया कि जहां-तहां कचरा नहीं फेंकना चाहिए सूखा कचरा और गीला कचरा को अलग-अलग रखना और उन्हें रीसायकल के लिए दिया जाय। विद्यालय और गांव में जो भी गीला कचरा इकट्ठा रखा जाए और उन्हें खाद के रूप में उपयोग किया जाएगा और सूखा कचरा निकलेगा उसे कबाड़ी वाले को रीसायकल के लिए सीधे बुलाकर दिया जाए। जिससे कचरा कहीं भी जमा न हो और बदबू हवा में फेल कर बीमारी फैलाएगा जब गांव से कचरा काम जाने लगेगा तो डंपिंग में जमा नहीं होगी और इस तरह से हम कुछ हद तक वातावरण को स्वच्छ बना पाएंगे इसके लिए सभी को मिलकर कदम बढ़ाने की आवश्यकता है घर विद्यालय गांव सभी जगह जागरूक करने की प्रयास स्वाभिमान द्वारा किया जा रहा है वेस्ट चीजों से घर के सजाने के सामान भी बनाने की प्रशिक्षण महिलाओं को दी जा रही है महिलाएं आत्मनिर्भर बने कुछ चीजों को मार्केट तक पहुंच। कर रोजगार भी करें । मौके पर संस्था की नमिता देवी के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं ,ग्रामीण उपस्थित थे ।

## जनता ढुलू महतो को जिताकर भेजेगी संसद : राज सिन्हा


बैठक के दौरान राज सिन्हा, ढुलू महतो और अन्य

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**पुटकी ।** धनबाद प्रखंड अंतर्गत धोबनी नील कोठी तालाब के समीप धनबाद प्रखंड भाजपा की बूथ स्तरीय बैठक प्रखंड अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में धनबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो, धनबाद विधायक राज सिन्हा उपस्थित थे। लोकसभा प्रत्याशी ढुलू महतो ने कहा कि कांग्रेस में आज भी परिवारवाद देखने को मिल रही है परंतु भाजपा ने एक गरीब किसान के बेटे को लोकसभा का टिकट दे कर आगे बढ़ने का अवसर दिया । वही राज सिन्हा ने कहा कि धनबाद से लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को लोकसभा में भेजने का कार्य यहां के जनता के द्वारा किया जायेगा एव चुनाव मे बुथ एवं पन्ना प्रमुखों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। मौके पर जिलाध्यक्ष श्रवण राय ,प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रमेश कुमार राही,जिला महामंत्री नितिन भट्ट , रवि सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र हांसदा, जिला मंत्री सुरेश महतो,जिला कार्यकारणी सदस्य सुप्रभात कुमार, पंकज कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा प्रत्याशी चयन में करे सुधार : सरयू राय


विजय झा और अन्य लोगों के साथ सरयू राय

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**बाघमारा ।** बरोरा थाना क्षेत्र में जितनी जमीन जबरन कब्जा ढुलू ने की है उसपर गैंग्स ऑफ वासेपुर से बड़ी फिल्म बन सकती है। उक्त बातें सोमवार को मुराईडीह बस्ती स्थित कांग्रेस नेता अमित महतो के घर पहुंचे भारतीय जनतंत्र मोर्चा के अध्यक्ष सरयू राय ने कही। उन्होंने कहा कि बाघमारा के भाजपा विधायक सह धनबाद के लोकसभा उम्मीदवार किस प्रकार आदिवासी,सरकारी तथा रैयतों की जमीन जबरन कब्जा किया है उसे देख आश्चर्य हो रहा है। सरयू राय ने कहा कि भाजपा से अलग होने के बाद भी मेरे रगों में भाजपा ही दौड़ता है। जनसंघ के समय पंडित दिन दयाल उपाध्याय ने कहा था कि अगर प्रत्याशी चयन में गलती हो जाती है तो उसे कार्यकर्ताओं द्वारा सुधार किया जाना चाहिए। उसी के तहत भाजपा द्वारा धनबाद में गलत उम्मीदवार का चयन किया गया है जिसका विरोध किया जा रहा है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि मारवाड़ी समाज के कृष्णा अग्रवाल द्वारा किये गए शिकायत के चंद घंटे बाद ही ढुलू महतो ने धमकी भरा फोन किया। यहां तक कि अगले ही दिन कुख्यात अपराधी प्रिंस खान द्वारा एक ही पटकथा का प्रयोग करते हुए मुझे तथा कृष्णा अग्रवाल को धमकी दी जाती है। इसी विवाद ने मुझे धनबाद की राजनीतिक में कूदने को मजबूर कर दिया है। जबकि जमशेदपुर पूर्वी की जनता का अब भी कर्ज उतारना बाकी है। मौके पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह,जिलाध्यक्ष विजय झा,उदय सिंह,गौतम मंडल,कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष बलराम साव,अमित महतो,सुनील सिंह,त्रिपुरारी सिंह,श्यामजी सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## संत मैथ्यूज हाई स्कूल राजगंज पृथ्वी की रक्षा के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता


कार्यक्रम में शामिल बच्चे

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**राजगंज।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर संत मैथ्यूज हाई स्कूल राजगंज की ओर से धरती के संरक्षण और सुधार के विषय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पृथ्वी बचाओ पेंटिग का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी पृथ्वी को बचाने की शपथ ली। स्कूल के निर्देशक रबिन्द्र चंद्र दे, प्राचार्य राहुल कुमार दे ने पृथ्वी के महत्व को बताया कि हमारे धर्म शास्त्रों में माता पृथ्वी से सर्वप्रथम क्षमा प्रार्थना करना सिखाया गया है। मौके पर सहायक अध्यापक रामकृष्ण नेओगी, गौतम कुमार, अंजलि रानी, कुणाल कुमार, माधव स्वणर्कार, दिलीप बाउरी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पृथ्वी दिवस पर डीएवी पब्लिक स्कूल अलकुसा के बच्चों ने निकाली रैली



**पुटकी।** डीएवी पब्लिक स्कूल अलकुसा ने सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर रैली निकाल कर लोगो को जागरूक किया। जूनियर क्लासेस के बच्चो ने हरे वस्त्र पहन कर पृथ्वी दिवस को प्रदर्शित किया। कक्षा एल.के.जी, और यू.के.जी, के बच्चों ने कविताएं प्रस्तुत कीं और पृथ्वी संरक्षण के नारे लगाए। विद्यालय के छात्रों ने मध्य विद्यालय पुटकी तक एक रैली का आयोजन किया जिसमे छठी, सातवीं और आठवीं कक्षा के छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने इस वर्ष के थीम झ्र प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक्स के तहत प्लास्टिक के नुकसानकारी प्रभावों से पृथ्वी को बचाने के लिए पोस्टर और बैनर के साथ नारे लगाए ।

### बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूल भवन के मरम्मत की मांग

कतरास। तेतुलमारी नगरीकला स्थित उत्क्रमित उच्च विधालय के एक भवन के छत का प्लास्टर तीन दिन पूर्व गिर गया था जिससे वहां मौजूद छात्र बाल-बाल बच गये। घटना के समय स्कूल मे टिफीन की घंटी लगी थी जिसमें करीब चालीस की संख्या में छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते थे। घटना की जानकारी प्राचार्य सबिता कुमारी ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कतरास को देकर मरम्मत की मांग की है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के कई कमरे अत्यंत जर्जर हैं। इसकी जानकारी हमने कई माह पूर्व पंचायत के मुखिया सहीत ग्रामीणों के अलावा विभाग के अधिकारियों को दे दी है। घटना से ग्रामीणों मे काफी रोष है। उनका कहना है कि विभाग शीघ्र इसे संज्ञान मे लेकर समाधान की दिशा मे पहल करें अन्यथा आन्दोलन करने को बाध्य होंगे। वही बीईईओ कतरास अशोक कुमार पाल ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। विद्यालय भवन की मरम्मत शीघ्र कराई जाएगी। जर्जर भवन को नये बनवाने के लिए विधालय के प्रबंध समिति बैठक कर उसका रिपोर्ट सौंपे, इससे विभाग के वरीय अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा, शीघ्र समाधान किया जाएगा।

### अपने-अपने बूथों को मजबूत कर फिर से नरेंद्र मोदी को बनाएं पीएम : चंद्रप्रकाश



**राजगंज।** भारतीय जनता पार्टी राजगंज मंडल स्तरीय लोकसभा चुनाव निमित्त महत्वपूर्ण बैठक दलुडीह बिटिया मैरिज हॉल में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा राजगंज मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, संचालन सुदाम चंद्र अड्डी व धन्यवाद ज्ञापन गौतम कुमार साव ने किया। बैठक के पूर्व महापुरुषों के तस्वीर पर पुष्पांजलि करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया एवं राष्ट्रगान से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि सबका साथ सबका विकास मूल मंत्र के साथ मोदी जी के इस संदेश को घर-घर पहुंचने के लिए सभी कार्यकर्ता को लगना पड़ेगा। कहा कि सभी कार्यकर्ता को अपना बूथ सबसे मजबूत करने के लिए अपने-अपने बूथों में मेहनत करना है और फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। बैठक में मुख्य रूप से गिरिडीह लोकसभा के प्रभारी एवं चतरा के सांसद सुनील सिंह, टुंडी विधानसभा के प्रभारी विनय सिंह, टुंडी विधानसभा के संयोजक ज्ञानरंजन सिन्हा, टुंडी विधानसभा के सहसंयोजक राम प्रसाद महतो,विक्रम पांडेय,रमेश महतो, गुड्डू घोष,प्रमोद कुमार, फिरोज दत्ता, नीलकंठ रवानी, आर.के.चौधरी, जसवंत सिंह, प्रदीप वर्मा, सूरज सोनी,अजय माहुरी,मंजीत तिवारी, सुरेश किस्कु,प्रवीण चौधरी,नंदू मोदक,विक्रम ठाकुर,गणेश रवानी,रीता देवी,मीणा देवी आदि मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थी को मिला दो लाख

**राजगंज।** भारतीय स्टेट बैंक राजगंज शाखा के द्वारा सोमवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत लाभार्थी को दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। लाभार्थी फेनु देवी के पति का देहांत पीलिया बीमारी से हो गया था। फेनु देवी के पति स्वगीय बंशीधर महतो के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक राजगंज में दो लाख का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना करवाया गया था। जिसका सालाना प्रीमियम मात्र चार सौ छत्तीस रुपये ही था। फेनु देवी को चेक मुख्य प्रबंधक आर बी ओ धनबाद ग्रामीण के सुधीर कुमार के द्वारा सौंपा गया। मौके पर शाखा प्रबंधक चंदन कुमार सिंह, फील्ड ऑफिसर संजय कुमार, सेवा प्रबंधन रोहन कुमार बरनवाल, महादेव सिंह,संतोष कुमार दास,शिवम राय आदि थे।

### गोविंदपुर के 231 मतदान केंद्रों पर उपलब्ध कराएं आवश्यक सुविधाएं : बीडीओ

**गोविंदपुर ।** गोविंदपुर प्रखंड के सभी 231 मतदान केंद्रो में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करने का निर्देश प्रखंड प्रशासन ने संबंधित प्रधानाध्यापकों को दिया है। अधिकांश विद्यालयों में शौचालय की साफ-सफाई , टूटे शौचालय की मरम्मत, मतदान केंद्र भवन की बिजली व्यवस्था, पानी की व्यवस्था आदि सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी जहीर आलम, अंचलाधिकारी शशिभूषण सिंह, अंचल निरीक्षक कुमार सत्यम भारद्वाज व पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने अपने स्तर से सभी मतदान केदो का भौतिक सत्यापन कर लिया है। अब सभी मतदान केदो में सुविधाओं की जांच की जा रही है। बीडीओ ने कहा कि जिस मतदान केंद्र में सारी सुविधाएं मौजूद नहीं रहेगी उनके प्रधानाध्यापकों के खिलाफ कारर्वाई की जाएगी। उन्होंने विद्यालय विकास के फंड से मतदान केदो मे सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मतदान के पूर्व दिन और मतदान के दिन मतदान दल के भजन की व्यवस्था संबंधित विद्यालयों की रसोईया करेंगी। इसके लिए रसोईया मतदान दल से उचित राशि लगी प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद कुमार पांडे एवं राजीव रंजन सभी विद्यालय प्रधानों को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिया है। उन्होंने गुरु गोष्ठी में विद्यालयों में सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और कोई कमी है तो उसे यथाशीघ्र दूर करने का भी निर्देश दिया है। जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नहीं आया है वे ऑफलाइन या ऑनलाइन 27 अप्रैल तक करा सकेंगे। शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी विद्यालयों द्वारा प्रतिदिन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।

### चिरकुंडा में आमसभा कर किया गया मतदाताओं को जागरूक

**चिरकुंडा।** लोकसभा चुनाव को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर विभिन्न वार्डों में लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इसी अभियान के तहत सोमवार को वार्ड संख्या 16 में आमसभा का आयोजन किया गया । आमसभा के माध्यम से विभाग के कनिय अभियंता उत्तम कुमार ने उपस्थित महिला-पुरूष व युवा मतदाता को बतलाया कि वोट देना क्यों जरूरी है । उन्होंने लोगों से निभीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील करते हुए मतदान करने के लिए मतदाता शपथ दिलाया गया । मौके पर सीआरपी राधा देवी,सीमा देवी, सुपरवाइजर अमर दास, चिनमय बनर्जी, अनिल साव, ओंकारनाथ श्रीवास्तव, भुवन राखा, राजेश बाउरी आदि थे।

## सामाजिक बुद्धिजीवी व्यवसायी मंच ने ढुलू-चंद्रप्रकाश को दिया समर्थन


प्रेस वार्ता में शामिल लोग

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**कतरास।** सामाजिक बुद्धिजीवी एवं व्यवसायी मंच कतरास बाजार के तत्वावधान में सोमवार को राजस्थानी समाज भवन हटिया कतरास बाजार में चुनाव पर हमारी सहभागिता परिचर्चा को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। वार्ता के दौरान व्यवसायी मंच के सदस्यों ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ढुलू महतो एवं गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को अपना नैतिक समर्थन दिया। सवाल के जवाब में मंच ने बाघमारा विधायक के 15 साल के कार्यकाल को सभी वर्गों के लोगों ने भय मुक्त, समावेशी, सफल पक्षपात रहित कहा। विधायक ढुल्लू महतो के ऊपर लगे आरोपों के उत्तर में शिक्षाविद मोहन प्रसाद लाल ने कहा राजनीतिक षड्यंत्र तथा व्यक्तिगत स्वार्थ से आरोप लगाए गये। साथ ही कहा कि ऐसे लोगों को अपनी ऊर्जा तथा अपनी क्षमता का प्रयोग क्षेत्र के विकास में सहयोग के रूप में करना चाहिए। मंच के सदस्यों ने कहा कि ढुलू महतो पारिवारिक सदस्य के रूप में काम करेंगे और धनबाद का विकास होगा। कतरास बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष उदय वर्मा ने कहा कि व्यवसायियों के हित में विधायक आगे रहते हैं छोटे से बड़े कार्या का समाधान भी किया। कतरास के व्यवसायी उनके कार्यकाल से संतुष्ट हैं। प्रेस वार्ता में हरीश तांबी,अभिमन्यु सिंह, कृष्ण कन्हैया राय, महेश अग्रवाल, शंकर बर्णवाल, समीर जायसवाल, रमेश विश्वकर्मा, विष्णु चौरसिया, दीपक चौरसिया, धनंजय नंदन, गौतम गोस्वामी, पिंटू दे, प्रदीप गुप्ता, प्रह्लाद चौरसिया, सरोज विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे.।

### उग्रवादियों के गढ़ में घुसकर गृहमंत्री अमित शाह ने ललकारा, कहा

# नक्सली समर्पण करें नहीं तो उखाड़ देंगे

**एजेंसी । 22 अप्रैल**

**कांकेर :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सली समर्पण करें नहीं तो दो साल में उन्हें उखाड़ देंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विकास कार्यों में नक्सलवाद को बड़ी बाधा बताते हुए नक्सलियों को चेताया और कहा कि वे आत्मसमर्पण कर दें नहीं तो दो साल में उन्हें उखाड़ देंगे। छत्तीसगढ़ के कांकेर में भाजपा उम्मीदवार भोजराज नाग के समर्थन में जनसभा करने पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, इस देश से नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद को समाप्त किया और नक्सलवाद समाप्ति की कगार पर है। छत्तीसगढ़ में पांच साल तक भूपेश बघेल की सरकार थी, नक्सलवादियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती थी। बीते चार माह में छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का जिक्र



करते हुए गृहमंत्री शाह ने कहा चार माह में 90 से ज्यादा माओवादियों को खत्म करने का काम बीजेपी की सरकार ने किया, 113 को गिरफ्तार किया, ढाई सौ ने सरेंडर किए। नरेंद्र मोदी और भाजपा की सरकार को दो साल दे दीजिए, नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बना दीजिए, छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को उखाड़ कर फेंक देंगे। जब तक नक्सलवाद है तब तक आदिवासी भाइयों के घर बिजली नहीं पहुंचती, स्कूल नहीं, राशन की दुकान नहीं है। नक्सली आत्मसमर्पण कर दें वरना इस देश से नक्सलवाद को समाप्त कर देंगे। कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए अमित शाह ने कहा, भगवान श्री राम के ननिहाल में आया हूं और हम सब ने अपने जीवन में इस 17 तारीख को एक अनुपम दृश्य देखा। 500 साल से टेंट में बैठे रामलला ने अपना जन्मदिन भव्य मंदिर में मनाया और वहां सूर्य तिलक का दृश्य हुआ।

### माधवी लता को गले लगानी वाली एएसआई सस्पेंड, वीडियो वायरल होने पर एक्शन

**हैदराबाद :** हैदराबाद से बीजेपी की लोकसभा प्रत्याशी माधवी लता से हाथ मिलाने उन्हें गले लगाने वाली महिला असिस्टेंट सब-इंस्टपेक्टर को सस्पेंड कर दिया गया है। माधवी लता अपने इलेक्शन कैम्पेन के लिए सैदाबाद इलाके के दौरे पर थीं। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात सैदाबाद पुलिस स्टेशन की महिला एएसआई ने उनसे हाथ मिलाया और उन्हें गले लगाया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हैदराबाद सिटी पुलिस कमिश्नर के. श्रीनिवास रेड्डी ने इस वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए महिला एएसआई को निलंबित कर दिया। एएसआई माधवी लता के चुनाव प्रचार के दौरान बंदोबस्त ड्यूटी पर थीं। वायरल वीडियो में वह बीजेपी प्रत्याशी के पास आती दिख रही हैं, और हाथ मिलाने के बाद उन्हें गले लगा लेती हैं। असदुद्दीन ओवैसी के समर्थकों और अन्य सोशल मीडिया यूजर्स ने वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया और हैदराबाद के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को टैग करके उनका ध्यान आकर्षित किया। अधिकारियों ने मामले में जांच के आदेश दिए और फिर एएसआई को निलंबित कर दिया। इधर, हाल ही में, हैदराबाद की बेगम बाजार पुलिस ने माधवी लता पर हेट स्पीच के मामले में एफआईआर दर्ज की है। भाजपा उम्मीदवार पर कथित तौर पर एक समुदाय को निशाना बनाने और हैदराबाद में एक धर्मस्थल की ओर तीर चलाने का इशारा करने आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी, कहा

# 'अगर आशीष मिश्र कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे तो यह जमानत शर्तों का उल्लंघन'

- पीड़ित पक्ष ने आशीष मिश्र पर लगाया है गंभीर आरोप

**एजेंसी । 22 अप्रैल**

**नई दिल्ली :** लखीमपुर खीरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य आरोपी आशीष मिश्र टेनी को लेकर सख्त टिप्पणी की है। अदालत का कहना है कि अगर आशीष मिश्र टेनी शारीरिक रूप से अलग अलग कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं, तो यह जमानत की शर्तों का उल्लंघन है। बता दें कि केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्र के बेटे आशीष मिश्र टेनी, लखीमपुर खीरी हिंसा मामले से जुड़े मुख्य आरोपियों में से एक हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अगर आशीष मिश्र राजनीतिक कार्यक्रमों में शारीरिक रूप से शामिल हो रहे हैं, तो यह उनकी जमानत शर्तों का उल्लंघन होगा। शीर्ष अदालत ने पीड़ितों की ओर से पेश वकील



प्रशांत भूषण से अपने आरोपों को साबित करने वाला हलफनामा दाखिल करने को कहा। इससे पहले शीर्ष अदालत ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण भयानक घटना करार दिया था और आशीष मिश्र को जमानत के दौरान उत्तर प्रदेश या दिल्ली में नहीं रहने के लिए कहा था। प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया कि आशीष मिश्र टेनी उत्तर प्रदेश में राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं और हाल ही में एक कार्यक्रम में साइकिल वितरित कर रहे थे। इसके जवाब में जस्टिस सूर्यकांत और पीएस नरसिम्हा की पीठ ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर टेनी अलग अलग कार्यक्रमों में शारीरिक रूप से उपस्थित हो रहे हैं, तो यह निश्चित रूप से जमानत का उल्लंघन है।

### ये है पूरा मामला

बता दें कि 3 अक्टूबर 2021 को लखीमपुर खीरी में हिंसा के दौरान चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। यह हिंसा तब भड़की थी जब किसानों द्वारा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे का विरोध किया जा रहा था। इस दौरान एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन ने चार किसानों को कुचल दिया, जिसके बाद गुस्साए किसानों ने एक ड्राइवर और भाजपा के दो कार्यकर्ताओं की कथित तौर पर पीट-पीट कर हत्या कर दी। इस हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हो गई थी।

## मणिपुर में 11 मतदान केंद्रों पर दोबारा हुई वोटिंग

- पहले चरण में हिंसा के बाद आयोग ने लिया था फैसला

**एजेंसी । 22 अप्रैल**

**इम्फाल :** मणिपुर में इनर मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के 11 मतदान सेंटरों पर आज फिर से वोटिंग हो रही है। इन सभी मतदान केंद्रों पर बीते 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण में वोटिंग के दौरान आगजनी, हिंसा और तोडफोड़ हुई थी। इसको लेकर ही चुनाव आयोग ने फिर से मतदान कराए जाने के आदेश दिए थे। मणिपुर इनर लोकसभा सीटों की जिन 11 बूथों पर दोबारा वोटिंग हो रही हैं इसमें साजेब, खुरई, थोंगम, लेइकाई बामन कंपू (नॉर्थ-ए), बामन कंपू (नॉर्थ-बी), बामन कंपू (साउथ-वेस्ट), बामन कंपू (साउथ-ईस्ट), खोंगमान जोन-वी(ए), इरोइशेम्बा, इरोइशेम्बा ममांग लेइकाई, इरोइशेम्बा मयाई लेइकाई और खैदेम माखा के बूथ शामिल हैं। दरअसल 19 अप्रैल को इनर और आउटर मणिपुर लोकसभा सीटों के लिए मतदान हुआ था। इनर और आउटर मणिपुर में इस दौरान 72 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई थी। वहां चुनाव की वोटिंग के दौरान कई बूथों पर गोलीबारी, ईवीएम में तोडफोड़ और बूथ कैप्चरिंग की घटनाएं सामने आई थीं। बिष्णुपुर जिले के थमनपोकपी में बूथ केंद्र पर गोलीबारी में तीन लोग घायल हो गए थे।

## कर्नाटक : सीआईडी करेगी नेहा हत्याकांड की जांच, स्पेशल कोर्ट में होगी सुनवाई

**एजेंसी : 22 अप्रैल**

**बंगलुरु :** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार ने हुबली के नेहा मर्डर केस की जांच सीआईडी को सौंपने का फैसला किया है। इससे पहले इस केस की जांच स्थानीय पुलिस कर रही थी। इसके साथ ही एक स्पेशल कोर्ट का गठन भी किया जाएगा, जिसमें केस की यथाशिघ्र सुनवाई होगी। इस हत्याकांड को लेकर लोगों में बहुत गुस्सा है। लोग जमकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। आरोपी के लिए सख्त सजा की मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि हमने केस की जांच सीओडी (सीआईडी) को सौंप दी है। इसके लिए हम एक स्पेशल कोर्ट का गठन भी कर रहे हैं। यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि पुलिस समय से चार्जशीट दाखिल करे, ताकि कोर्ट उसके आधार पर जल्द से जल्द अपना फैसला दे सके। मैं उनके (नेहा के माता-पिता) घर पर नहीं जा सका। जिले के प्रभारी मंत्री और पार्टी कार्यकर्ता गए थे। एच के पाटिल (कानून मंत्री) भी जा रहे हैं, मैं भी जाऊंगा। दरअस, इस जघन्य हत्याकांड के बाद पूरे सूबे में माहौल गरम है। सियासत भी अपने चरम पर है। सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी बीजेपी के बीच राजनीतिक खींचतान चरम पर है। कई हिंदू संगठन भी विरोध प्रदर्शनों में शामिल हो रहे हैं।



### कांग्रेस पार्षद की बेटी की कॉलेज में हुई हत्या

हुबली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमत की बेटी नेहा हिरेमत (23) की 18 अप्रैल को बीवीबी कॉलेज के परिसर में उसके सहपाठी फैयाज ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद आरोपी फैयाज मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन कॉलेज के लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। नेहा एमसीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। फैयाज पहले उसके साथ ही पढ़ता था। दोनों कभी एक-दूसरे के दोस्त हुआ करते थे।

## खबरें एक नजर में

### दिल्ली में मर्डर, गाड़ी में बैठे 2 लोगों पर बदमाशों ने की फायरिंग, एक की मौत

**नई दिल्ली :** राजधानी दिल्ली से सटे अलीपुर थाना क्षेत्र में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब अज्ञात हमलावरों ने दो लोगों को गोली मार दी। इस हमले में एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गई जबकि, दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। घायल के पांव में गोली लगी है। घायल व्यक्ति का नरेला के अस्पताल में इलाज जारी है। हमलावर एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। बताया जाता है कि राजधानी के पास अलीपुर में बदमाशों ने बिना पुलिस के डर के दो लोगों पर गोली चला दी। इस हादसे से आस-पास में अफरा-तफरी मच गई। लोग सकते में थे। जानकारी के मुताबिक हमलावर एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। फिर उन्होंने टाटा ऐस गाड़ी में बैठे 3 लोगों पर फायरिंग कर दी। इसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक नरेंद्र नाम के शख्स की मौत की बात सामने आई है। नरेंद्र पेशे से एक टेंपो चालक है। नरेंद्र के अलावा इस हादसे में उसका एक साथी पांव में गोली लगने से घायल हो गया है। कहा जा रहा है की हमलावर एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। घटना के बाद अलीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुटी है। 25 साल के मृतक नरेंद्र को 7 से 8 गोली लगी हैं, वहीं, उनके दूसरे साथी 23 साल के तरुण को पैर में 3 गोली लगी हैं।

### पंजाब में कांग्रेस को झटका : पूर्व सांसद मोहिंदर केपी शिअद में शामिल

**चंडीगढ़ :** पंजाब में कांग्रेस को आज एक और बड़ा झटका लगा। कांग्रेस के पूर्व सांसद मोहिंदर सिंह केपी आज शिरोमणि अकाली दल में शामिल हो गए। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल दोपहर में केपी के आवास पर आए और उन्हें पार्टी में शामिल करवाया। केपी को जालंधर या होशियारपुर सीट से प्रत्याशी घोषित किया जाएगा। शिअद प्रमुख सुखबीर बादल ने शनिवार को जालंधर के एक होटल में इसको लेकर बैठक भी की थी। केपी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की सूची में शामिल हैं। शिअद को जालंधर और होशियारपुर सीट से कोई मजबूत चेहरा नहीं मिल रहा है, ऐसे में केपी शिअद के चुनावी गणित में पूरी तरह फिट बैठ रहे हैं। महिंदर सिंह केपी जालंधर के दलित समाज में अच्छी पकड़ भी रखते हैं। यहां तक कि केपी चन्नी के करीबी माने जाते हैं। वह 2009 में जालंधर से सांसद बने थे। 2014 में होशियारपुर से विजय सांपला से वह हार गए थे। वह तीन बार विधायक और राज्य में दो बार मंत्री रह चुके हैं। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रधान रह चुके हैं। पुराना चेहरा होने के कारण केपी की अच्छी पकड़ है।

### कांकेर में मारे गए सभी 29 नक्सलियों की हुई पहचान, सभी पर था 1.78 करोड़ इनाम

**कांकेर :** 16 अप्रैल को कांकेर में हुई देश की सबसे बड़ी मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त पूरी हो गई है। पुलिस ने मुठभेड़ में मारे गए सभी 29 नक्सलियों की पहचान और इनाम की राशि की जानकारी सार्वजनिक की है। मारे गए सभी नक्सलियों पर कुल 1 करोड़ 78 लाख रुपए का इनाम घोषित था। वहीं नक्सलियों से जब्त एके- 47 और इंसास जैसे हथियारों पर पुलिस ने 7 लाख 55 हजार का इनाम रखा था। दरअसल कांकेर के छोटे बेठिया थाना क्षेत्र के माड़ इलाके में 16 अप्रैल को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी जिसमें 29 से ज्यादा नक्सली मारे गये थे। पुलिस फोर्स और नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में नक्सली कमांडर शंकर राव को ढेर किया गया था। शंकर राव पर 25 लाख का इनाम था। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में हथियार बरामद किया था। बहरहाल इस पूरे मुठभेड़ मामले की जांच हो रही है। बताया जाता है कि मारे गए नक्सलियों की पहचान के बाद सुरक्षा एजेंसियां अब इस पूरे संगठन को ध्वस्त करने की रणनीति बना रही है।

### पंडोखर धाम में लगी आग, साधु-संतों के लिए बनीं कुटियाएं खाक

**दतिया :** मध्य प्रदेश के दतिया ज़िले के पंडोखर धाम में सोमवार दोपहर को आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग फैलती गई। देखते ही देखते आग साधु-संतों समेत भक्तों के लिए बनीं कुटियाओं तक पहुंच गईं। दूर से ही ऊंची-ऊंची लपटें दिखाई दे रही थीं। पंडोखर थाना पुलिस और भांडेर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड का अमला मौके पर पहुंचा। फायर ब्रिगेड के अमले ने स्थानीय लोगों की मदद से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इधर पंडोखर धाम सरकार गुरुशरण शर्मा ने आग लगाए जाने के आरोप लगाए हैं। बताया जा रहा है कि पंडोखर धाम में मंगलवार 23 अप्रैल से महोत्सव शुरू होना है, जो 8 मई तक चलेगा। इसमें पंडोखर पीठाधीश्वर पंडित गुरुशरण शर्मा, वृंदावन के अर्पिताचार्य जी महाराज और साध्वी पीताम्बरा के प्रवचन होंगे। देशभर से अनुयायी यहां पहुंच रहे हैं।

## 14 वर्षीया दुष्कर्म पीड़िता को सुप्रीम कोर्ट ने दी गर्भपात कराने की इजाजत

- करीब 30 हफ्ते का है पीड़िता का गर्भ

**एजेंसी । 22 अप्रैल**

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 14 वर्षीय एक दुष्कर्म पीड़िता को 30 हफ्ते का गर्भ गिराने की इजाजत दे दी। इसी के साथ सर्वोच्च न्यायालय ने बॉम्बे हाईकोर्ट के लड़की को गर्भ गिराने की मंजूरी न देने के फैसले को भी पलट दिया। कोर्ट ने डॉक्टरों के एक्सपर्ट पैनल के नेतृत्व में पीड़िता की प्रेग्नेंसी को खत्म करने का निर्देश दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल किया। सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई के सायन स्थित लोकमान्य तिलक महानगरपालिका सर्वसाधारण रुग्णालय एवं वैद्यकीय महाविद्यालय (एलटीएमजीएच) के डीन को निर्देश दिया कि वह नाबालिग के गर्भपात के लिए चिकित्सकों के दल का तत्काल गठन करें। बता दें कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए 24 सप्ताह रखी गई है। इनमें बलात्कार पीड़िताओं और कुछ अन्य महिलाओं जैसे कि विकलांग और नाबालिग को शामिल किया गया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने शुक्रवार को ही पीड़िता की ओर से तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप की मांग को लेकर भेजे गए एक ई-मेल पर गौर किया। पीठ ने मुंबई के सायन अस्पताल से पीड़िता की शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति के बारे में रिपोर्ट मांगी थी।

### *14 वर्षीय कथित दुष्कर्म पीड़िता का मामला*

*इससे पहले, शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई की थी। तब सुप्रीम कोर्ट ने 14 वर्षीय कथित दुष्कर्म पीड़िता की मेडिकल जांच का आदेश दिया था। मामले में नाबालिग की मां ने शीर्ष कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस याचिका में बॉम्बे हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें गर्भावस्था को काफी समय हो जाने के कारण गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था।*

## सलमान खान फायरिंग केस : बंदूक की तलाश में सूरत पहुंची क्राइम ब्रांच टीम

- तापी नदी में किया सर्च ऑपरेशन
- अनमोल बिश्नोई फायरिंग केस का मास्टर माइंड

**एजेंसी । 22 अप्रैल**

**मुम्बई :** सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम सूरत पहुंची है। क्राइम ब्रांच की टीम तापी नदी में बंदूक की तलाश कर रही है। सूत्रों ने बताया कि इस फायरिंग में आरोपियों ने जिस बंदूक का इस्तेमाल किया, उसकी तलाश के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम सूरत पहुंची है। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान क्राइम ब्रांच को बताया कि उन्होंने वारदात को अंजाम देने के बाद बंदूक सूरत की एक बड़ी नदी में फेंक दी थी। क्राइम



ब्रांच की टीम सूरत में सर्च कर रही है। स्थानीय प्रशासन की मदद से गोताखोर अरेंज किए गए हैं। एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक क्राइम ब्रांच यूनिट 9 के इंचार्ज हैं। अपनी टीम के साथ गुजरात पहुंचे हैं। बता दें कि सलमान खान फायरिंग मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने पिछले शनिवार को लॉरेंस विश्नोई और अनमोल विश्नोई को आरोपी बनाया था और केस में कई नई धाराएं जोड़ी हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच अनमोल विश्नोई के खिलाफ जल्द ही लुक आउट नोटिस जारी करने की तैयारी में है। बता दें कि अनमोल बिश्नोई इस फायरिंग केस का मास्टर माइंड है और इस समय वह विदेश में है। इसके अलावा क्राइम ब्रांच साबरमती जेल में बंद लॉरेंस विश्नोई की हिरासत की मांग के लिए कोर्ट में अर्जी भी दाखिल करने की तैयारी में है।

## श्रीनगर में नौ जगहों पर एनआईए ने मारा छापा

**एजेंसी । 22 अप्रैल**

**जम्मू कश्मीर :** जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में सोमवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने छापा मारा है। यहां नौ अलग-अलग जगहों पर एजेंसी की टीमें दल-बल के साथ पहुंचीं। सभी जगहों पर कार्रवाई चल रही है। बताया जा रहा है कि आतंक संबंधी मामले में जांच के सिलसिले में यह कार्रवाई की गई है। इससे पहले रविवार को सुरक्षाबलों ने राजोरी के थन्ना मंडी इलाके में एक आतंकी ठिकाना ध्वस्त कर एक से आधा किलो की आठ इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस बरामद कर एक बड़ी साजिश को टाल दिया है। इस बीच पुंछ जिले में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी मददगार कमरूद्दीन को दो चीन निर्मित ग्रेनेड व एक पाकिस्तानी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। लोकसभा चुनावों में अशांति फैलाने के लिए पाकिस्तान लगातार साजिशें रच रहा है। राजोरी जिले के थन्नामंडी के आजमताबाद इलाके में सेना, पुलिस की एसओजी ने एक सूचना के आधार पर संयुक्त तलाशी अभियान में एक आतंकी ठिकाने का पदार्फाश करते हुए आठ आईईडी समेत गोला-बारूद बरामद किया है। एक आईईडी एक किलो व सात अन्य आधा-आध किलो की हैं। इसके अलावा दो वायरलेस सेट, एके47 की तीन मैगजीन, 102 कारतूस, चार्जर व अन्य सामान बरामद हुआ। सुरक्षाबल इलाके में तलाशी अभियान चला रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इन आईईडी का इस्तेमाल सात मई को अनंतनाग-राजोरी सीट पर होने वाले चुनाव में गड़बड़ी फैलाने के लिए किया जाना था।

## सूर्य के बारे में लगातार डेटा भेज रहा है आदित्य मिशन : इसरो चीफ



**एजेंसी । 22 अप्रैल**

**नई दिल्ली :** सूर्य के रहस्यों को समझने में जुटा भारत का आदित्य एल1 को लेकर इसरो ने बड़ी जानकारी दी है। इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन प्रमुख एस. सोमनाथ ने कहा कि देश की प्रमुख अंतरिक्ष अनुसंधान एजेंसी का आदित्य-एल(1) सौर मिशन लगातार सूर्य के बारे में डेटा भेज रहा है। आभूषण कंपनी पी सी चंद्रा ग्रुप द्वारा विशेष पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के बाद सोमनाथ ने कोलकाता में पत्रकारों से कहा कि अंतरिक्ष यान के कई उपकरण कई पहलुओं पर डेटा फीड करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। सूर्य मिशन पर और जानकारी देते हुए इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा कि हम सूर्य को निरंतर तरीके से देख रहे हैं, जिसमें पराबैंगनी चुंबकीय चार्ज गणना, कोरोना ग्राफ अवलोकन, एक्स-रे अवलोकन और अन्य चीजें शामिल हैं।भारत का पहला सौर मिशन यान आदित्य-एल(1) दो सितंबर, 2023 को लॉन्च किया गया था।

### *इस उपग्रह को पांच साल के लिए रख रहे*

*इसरो चीफ सोमनाथ ने संवाददाताओं से कहा कि हम इस उपग्रह को पांच साल के लिए रख रहे हैं और प्राप्त गणनाओं का विश्लेषण दीर्घकालिक उपाय के रूप में किया जाएगा। यह आपकी तत्काल खबर की तरह नहीं है कि आज सूर्य के बारे में कुछ बताया गया है, कल कुछ और होगा, चीजें हर दिन बदल रही होंगी। उन्होंने कहा कि सभी गणनाएं अभी होंगी लेकिन नतीजे बाद में पता चलेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या यह मिशन सूर्य ग्रहण पर प्रकाश डाल सकेगा। सोमनाथ ने कहा कि ग्रहण तब होता है जब सूर्य चंद्रमा द्वारा अवरुद्ध हो जाता है। जाहिर है, हमारा मिशन ग्रहण से पहले, ग्रहण के दौरान और उसके बाद में सूर्य के बारे में डेटा भी एकत्र कर रहा है। अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के साथ सहयोग के बारे में उन्होंने कहा कि इसरो एक संयुक्त उपग्रह 'निसार' (नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार) बना रहा है।*

# पृथ्वी हमारी मां, इसे खुशहाल रखना हमसबों का दायित्व : मुन्ना कुशवाहा

■ **वर्ल्ड अर्थ डे पर सर जेसी बॉस बालिका विद्यालय में सेमिनार का आयोजन**



**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**गिरिडीह।** वर्ल्ड अर्थ डे के खास मौके पर आज सर जेसी बोस मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय में विद्यालय के सभागार में प्राचार्य मुन्ना प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में एक इंटर हाउस सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में गठित 6 हाउस के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस मौके पर सीसीए के प्रभारी राकेश कुमार और मेंटर मोहम्मद अख्तर अंसारी ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के मौके पर स्पीच कंपटीशन ,पोस्टर मेकिंग कंपटीशन और डिस्प्ले बोर्ड डेकोरेशन का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न हाउस की छात्राओं ने अपने वक्तव्यों के माध्यम से सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों को अपनी और आकर्षित किया। इंग्लिश स्पीच में नमिता कुमारी प्रथम स्थान पर रही। हिंदी में प्रज्ञा कुमारी द्वितीय स्थान पर जबकि संस्कृत में स्वाति कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पृथ्वी की समस्याएं ,पृथ्वी के महत्व और मानव जीवन में इसकी महत्ता को लेकर के पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का भी आयोजन किया गया। करीब 70 से 75 विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक पोस्टर बनाएं जिसमें से तीन सर्वश्रेष्ठ चुने गए जिसमें प्रथम प्रीति प्रज्ञा दशम बी ,द्वितीय रोहिना परवीन 12 आर्ट बी और तृतीय मुस्कान कुमारी 12 साइंस बी के के पोस्टर को स्थान मिला। बाकी सभी पोस्टर्स और चार्ट पेपर्स को हाउस के डिस्प्ले बोर्ड पर सजाया गया जिसका लाभ विद्यार्थी उसे देखकर पढ़कर समझ कर ले पाएंगे। प्राचार्य श्री कुशवाहा ने कहा कि पृथ्वी हमारे मां है जिस प्रकार से एक मां का दायित्व उनके बच्चों के लिए होता है पृथ्वी भी उसी प्रकार हम मानव जाति को जीवन के तमाम सुविधाओं को उपलब्ध कराती है लेकिन हम मानव इतने कृतघ्न हो चुके हैं कि अपने क्रिया कलापों से इस धरती मां के दिल को तड़पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में हम धरती के संतानों का यह परम कर्तव्य बनता है कि हम अपने धरती मां को खुशहाल बनाएं, हरा भरा बनाए रखें और इन्हें प्रदूषण से बचाने में अग्रणी भूमिका निभाएं। ताकि यह धरती भी खुशहाल रह सके। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और और सभी हाउस के इंचार्ज हाउस मास्टर्स, कर्मचारियों के साथ-साथ सभागार में विद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# एलईडी जागरूकता वाहन के माध्यम से लोगों को किया जा रहा है जागरूक

■ **मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन कर रहा है हर संभव प्रयास**



**गिरिडीह।** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु व्यापक जन जागरूकता को लेकर एलईडी जागरूकता वाहन के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। डिजिटल वैन के माध्यम से गांव, कस्बों, टोलों में जाकर लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। खासकर वैसे बूथों में जहां पूर्व में मतदान प्रतिशत कम रहा है। इस दौरान आमजनों को मतदान तिथि 20 मई और 25 मई को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अलावा जिन्होंने अभी तक फॉर्म 6 नहीं भरा है वो अभी फॉर्म 6 से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा एलईडी वैन के माध्यम से सी विजिल ऐप, सुविधा ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, सक्षम ऐप आदि की भी जानकारी दी गई।

Before: The Notary Public,Dhanbad.

**AFFIDAVIT**

We, I Shahbaz Ansari 2. Md. Jamil Akhtar S/O MD Sarfuddin, by faith Muslim, by Occupation Cultivation, Resident of Bhuiyan Chitro, P.O:- Gunghasa, P.S:- Topchanchi, District:- Dhanbad (Jharkhand), do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:-

(1) That, "MD Sarfuddin" and or "Sharifuddin Ansari" both are same and one person i.e my father.

(2) That, my above noted statements are true and correct and I have concealed nothing.

(3) That, I am swearing this affidavit for avoid future complication and for my needful purpose.

S.NO. 47 Date : 22.4.2024

# 40 करोड़ की लागत से बन रहा नगर निगम भवन के सामने का हिस्सा टूटकर गिरा



**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**गिरिडीह।** ऑफिसर्स कॉलोनी में 40 करोड रुपए की लागत से बन रहे नगर निगम भवन का सामने का हिस्सा टूट कर गिर गया। सोमवार को संबंधित विभाग ने इसके जांच से संबंधित आदेश दे दिया है। भवन निर्माण का हिस्सा गिरने के बाद अब इसके गुणवत्ता पर सवाल खड़ा होना शुरू हो गया है। बता दें कि जब भवन का सामने का हिस्सा टूटकर नीचे गिरा उस समय काम कर रहे 24 मजदूर बाल बाल बच गए। अन्यथा बड़ी अनहोनी घट सकती थी। यह कार्य निरंजन राय कंस्ट्रक्स के द्वारा किया जा रहा था। 40 करोड़ रुपए की लागत से नगर निगम के नए भवन का निर्माण हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है की घटिया किस्म के सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब निर्माण के समय ही भवन का हिस्सा टूट कर गिर गया तो निर्माण के बाद भवन का क्या होगा। स्थानीय लोगों ने डीसी और संबंधित विभाग से निष्पक्ष जांच कर कंस्ट्रक्शन के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# पारसनाथ महाविद्यालय में प्लास्टिक मुक्त जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन



**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**गिरिडीह।** पारसनाथ महाविद्यालय इसरीबाजार में सोमवार को प्लास्टिक मुक्त भारत विषय पर जागरूकता संगोष्ठी सह क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संचालन एनएसएस पदाधिकारी डॉ शशि भूषण ने किया। उन्होंने प्लास्टिक से पृथ्वी पर होने वाले नुकसान को विस्तार से बतलाया। कहा कि मनुष्य जिस रफ्तार से प्लास्टिक का उपयोग कर रहा है वह धरती के लिए और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा है। अधिक पेड़ पौधे लगाकर पृथ्वी पर ग्लोबल वार्मिंग से बचा जा सकता है। वहीं प्राचार्य मनोज कुमार मिश्रा ने कहा कि व्यक्ति जब बाजार जाए साथ में एक थैला लेकर चले और सामग्री को उस थैला में लेकर घर वापस आए,आज कोई भी सामान प्लास्टिक में लेकर जहां-तहां फेंक देते हैं जो पानी के बह कर नदी नालों के माध्यम से जलाशयों में जाता है जिससे वह ना सड़ता है और ना ही गलता है जबकि मिट्टी में दबने से मिट्टी में पानी का रिसाव कम कर देता है और बहुत लंबे समय तक वह जल के रिसाव को धरती से बंद कर देता है जो धरती के लिए नुकसानदेह है। इसलिए हमें जितना भी प्लास्टिक है उसे डिस्ट्रॉय कर देना चाहिए नहीं तो वही प्लास्टिक को पशु भोजन के रूप में ले लेते हैं और उसके पेट में जाकर वह खतरनाक बीमारी पैदा करता है और समय रहते पशु काल के गाल में समा जाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने भी अपना विचार रखा,इस दौरान क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यशवंत सिन्हा, योगेश प्रसाद, मौलाना इसरायल, कुबेर प्रसाद, मोहम्मद आसीफ, मेघलाल महतो, डेगनारायण महतो आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने छापामारी कर 150 बोतल अंग्रेजी शराब को किया जब्त

***गिरिडीह।*** *सरिया थाना क्षेत्र के कोयरिडीह से पुलिस ने रविवार की देर शाम 150 बोतल अंग्रेजी अवैध शराब को जप्त किया है। सोमवार को जप्त शराब को बरमसिया स्थित डिपो कार्यालय लाया गया। बताया गया कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बगोदर-सरिया धनन्जय प्रसाद राम के निर्देशन पर जिला से प्रतिनियुक्त एफएसटी टीम के अनिल कुमार के द्वारा कल शाम रंजीत राम पिता वंशी राम के स्थित आवास और गोदाम में छापामारी की गयी। दोनों स्थानों से छोटा-बड़ा बोतल मिलाकर कुल 150 अंग्रेजी अवैध शराब को विधिवत जप्त गया है। जिसके बाद एफएसटी टीम के दिये गये आवेदन के आधार पर सरिया थाना में उत्पाद अधिनियम दर्ज कर कांड का अनुसंधान किया जा रहा है। इस कांड के अभियुक्त रंजीत राम की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है।*

समक्ष लेख्य प्रमाणक, धनबाद ।

**शपथ-पत्र**

मैं श्री बिश्वनाथ कुम्हार पिता स्व० कीर्तन कुमार, उम्र-लगभग 74 वर्ष, धर्म- हिन्दू, पेशा- खेती आदि, साकिम- लोवाडीह, पो0- बी.पॉलिटेक्निक, थाना- धनबाद, जिला - धनबाद, झारखण्ड एतद् द्वारा शपथपूर्वक ब्यान करता हूँ कि :-

1. यह कि, आधार कार्ड में मेरा नाम बिश्वनाथ कुम्हार पिता कीर्तन कुमार अंकित है ।
2. यह कि, मेरा आधार नं0- xxxx xxxx 3848 है।
3. यह कि, अधिकार अभिलेख एवं ऑनलाईन पंजी II तथा नया खतियान में मेरा नाम बिश्व नाथ कुम्हार पिता मितल कुम्हार अंकित है ।
4. यह कि, कीर्तन कुमार एवं मितल कुम्हार दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है, जो मेरा स्वर्गीय पिता है ।
5. यह कि, मैं यह शपथ पत्र सम्बन्धित पदाधिकारी / विभाग के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु बना रहा हूँ ।
6. यह कि, यह शपथ पत्र की सारी बाते मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है ।

S.NO. 26 Date : 22 APR 2024

समक्षः लेख्य प्रमाणक धनबाद ।

**शपथ-पत्र**

मैं, ठाकुर साव, पिता- स्व० छुटु साव, उम्र- 48 वर्ष, धर्म- हिन्दु, पेशा - व्यवसाय, साकिन- डुमरा, दीवान टोला, पो०- नवागढ़, थाना- बाघमारा जिला - धनबाद (झारखण्ड), शपथपूर्वक ब्यान करता हूँ कि :-

1. यह कि, मेरे आधार कार्ड में मेरा पिता का नाम "छुटु साव" दर्ज है परन्तु मेरे जमीन का ऑनलाईन पंजी - II तथा "कन्टीनिवस खतियान" में मेरे पिता का नाम "छोतु महतो" दर्ज हुआ है ।
2. यह कि, मेरे जमीन का "मैनुअल खतियान" में मेरे पिता का नाम "छोटु महतो" दर्ज हुआ है ।
3. यह कि, "छुटु साव" एवं "छोतु महतो" तथा "छोटु महतो" तीनों एक ही व्यक्ति का नाम है जो मेरे स्वर्गीय पिता का नाम है।
4. यह कि, उपरोक्त बाते मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है ।
5. यह कि, मैं यह शपथ-पत्र सक्षम पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु बना रहा हूँ।

S.NO. 44 Date : 22 APR 2024

समक्ष, लेख्य प्रमाणक, धनबाद ।

**शपथ-पत्र**

मैं, विजय कुमार सिंह, पिता-रामयश सिंह, धर्म-हिन्दू, आधार सं0-xxxx xxxx 2611 सा0- किड्स पैराडाइस विद्यालय के पास, दुहाटॉड़, धनबाद, थाना- धनसार, जिला- धनबाद (झारखण्ड) एतद् द्वारा शपथपूर्वक निम्न घोषणा करता हूँ:-

(1) यह कि, मेरे आधार में मेरा नाम विजय कुमार सिंह एवं मेरे पिता का नाम रामयश सिंह अंकित है ।

(2) यह कि, पॅजी-।।,अधिकार अभिलेख एवं कन्टीन्युवस खतियान में मेरा नाम विजय सिंह एवं मेरे स्व० पिता का नाम राम जस सिंह दर्ज है ।

(3) यह कि, विजय कुमार सिंह एवं विजय सिंह एक ही व्यक्ति का नाम है जो मैं स्वयं हूँ ।एवं रामयश सिंह एवं राम जस सिंह दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है जो मेरे स्व0 पिताजी हैं ।

(3) यह कि, उपरोक्त सारी बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है ।

(4) यह कि, मैं यह शपथ-पत्र संबंधित सक्षम पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु बना रहा हूँ ।

S.NO. 37 Date : 22/4/24

# वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव समारोह आज, तैयारी पूरी



**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**गिरिडीह।** स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव समारोह 23 अप्रैल को नारी सम्मान दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा। सोमवार को स्टेशन रोड स्थित जिला क्षत्रिय कल्याण समाज के जिला कार्यालय से इसकी जानकारी दी गई। साथ ही हनुमान जन्मोत्सव भी बड़े ही धूमधाम से बगल के बजरंगबली मंदिर में मनाया जाएगा। इस दौरान सुंदरकांड का पाठ भी किया जाएगा। इस बाबत समाज के जिला अध्यक्ष विष्णु सिंह ने बताया की अमर स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह जी का विजयोत्सव समारोह कल स्टेशन रोड स्थित वीर कुंवर सिंह चैक पर नारी सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि गिरीडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू होंगे। बताया गया कि दिन 12 बजे से भंडारा तथा संध्या 4 बजे बाबू वीर कुंवर सिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इस मौके पर विधायक नवनिर्मित सीढ़ी का उद्घाटन भी करेंगे। विष्णु सिंह ने बताया कि इस दौरान नारी सम्मान का कार्यक्रम किया जाएगा। वही इस बार के रामनवमी में पहली बार अखाड़ा में नारी शक्ति ने हिस्सा लिया है। नारी शक्ति को बंधन करते हुए अंग वस्त्र और पट्टा पहनाकर सम्मानित किया जाएगा। कहा की संध्या 7 बजे दीपोत्सव भी मनाया जाएगा।

# सड़क हादसे में पति की दर्दनाक मौत, पत्नी घायल



**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**जमुआ/गिरिडीह।** जमुआ थाना क्षेत्र में सोमवार अहले सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पति की दर्दनाक मौत हो गई जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल है। मृतक नगर थाना क्षेत्र के भंडारीडीह मवेशी अस्पताल के पास रहने वाला विनोद चौधरी था जबकि घायल मृतक की पत्नी मीरा देवी है। घटना की सूचना पर जमुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चारपहिया वाहन और स्कूटी को कब्जे में ले लिया। वहीं जमुआ पुलिस द्वारा शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया गया घटना को लेकर मृतक के भाई गुड्डू चौधरी ने बताया कि उसके भैया-भाभी स्कूटी से शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान जमुआ सुबह करीब साढ़े 6 बजे एक चारपहिया वाहन ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी घटना में उसके भैया की मौत हो गई। जबकि घायल भाभी का इलाज कोर्ट रोड स्थित नवजीवन नर्सिंग होम में चल रहा है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

Before: The Notary Public, Dhanbad

**AFFIDAVIT**

I, Dipak Roy S/O Bhaku Roy, by faith Hindu, Aadhar No. xxxx xxxx 8090, Permanent resident of Ladhurka Chitra, Hura Puruliya, West Bengal-723101, A/P Bhagatdih, P.S. Jharia, District Dhanbad (Jharkhand), do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows :-

1. That, in my Aadhar Card my name has been mentioned as Dipak Roy and father's name has been mentioned as Bhaku Roy, but in Register-II, continous Khatian and Adhikar Abhilekh my name has been mentioned as Shaku Roy and my father's name has been mentioned as Rudu Roy.
2. That, Dipak Roy and Shaku Roy is one and the same person i.e. I myself and Bhaku Roy and Rudu Roy is one and the same person who is my father.
3. That, I am swearing this affidavit to file it before the competent authority for confirmation of my aforesaid statements and for needful.

S.NO. 33 Date : 22 APR 2024

BEFORE: THE NOTARY PUBLIC, DHANBAD

**AFFIDAVIT**

I, SAHADAT MIYAN, S/O Late. Tejo Miyan, aged about 74 years, by faith Muslim, by Occupation-Business, Resident of Amlatand, P.S.- Gobindpur, District:- Dhanbad (Jharkhand), do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:-

1. That, in my Aadhaar Card vide its No:- xxxx xxxx 7607 my name hasbeen mentioned as "Sahadat Miyan" (सहादत मियां) but in Online Register-ll record in Volume:- 1, Page No:-313 and in "Manual Land Rent Receipt" and in Sale / Purhase Deed vide Sale Deed No. 12548, dated: 16.11.2009 my name has recorded / written as "शहादत अंसारी" ।
2. That, "Sahadat Miyan" (सहादत मियां) and or "शहादत अंसारी" both are same and one person i.e, I myself.
3. That, I am swearing this affidavit for avoid future complication in my name and for my needful purpose.

S.NO. 43 Date : 22 APR 2024

समक्षः लेख्य प्रमाणक, धनबाद ।

**शपथ-पत्र**

मैं निमाई गोराई पिता स्व० जोगिन्द्र गोराई पता - साकिम- खोखरा पहाड़ी पो0-लेदाहड़िया थाना- निरसा जिला-धनबाद राज्य - झारखण्ड, एतद् द्वारा शपथपूर्वक घोषणा करता हूँ :-

1- यह कि, आधार कार्ड में मेरा नाम निमाई गोराई पिता जोगिन्द्र गोराई दर्ज है।

2- यह कि, मेरा आधार नं0 7569 2821 8512 है।

3- यह कि, अधिकार अभिलेख एवं ऑनलाईन पंजी ii में मेरा पिता का नाम जगु गोराई है।

4- यह कि, मेरा पिता का नाम जोगिन्द्र गोराई एवं जगु गोराई दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है, जो मेरा स्व0 पिता है।

5- यह कि, उपरोक्त सारी बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है।

6- यह कि, मैं यह शपथ-पत्र सक्षम पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु बना रहा हूँ।

S.NO. 17 Date : 28 MAR 2023

## मोदी जी के 400 पार के लक्ष्य को पूर्ण करने को जनता उत्साहित : सुरेश मंडल

***गिरिडीह।*** *लाभार्थी सम्पर्क अभियान के तहत गाण्डेय विधानसभा में भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य सुरेश प्रसाद मंडल ने अपने सहयोगी दीपक प्रजापति के साथ लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत आज गिरिडीह मुफ्फसिल में लोगों से मुलाकात कर कोडरमा लोकसभा की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी दिलीप वर्मा के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस दौरान सुरेश प्रसाद मंडल नें लाभूको को यह बताया की केन्द्र की मोदी सरकार की अधिकतर योजनायें देश के अंतिम पंक्ति में खड़े गरीब देशवासियों के कल्याण हित में बनाकर उसे मुख्यधारा से जोड़ने के साथ साथ उसे समृद्ध बनाने का प्रयास किया। लाभार्थी संपर्क के दौरान इसके चरितार्थ होने की अनुभूति मिल रही है। इस क्रम में कई लाभार्थी उत्साहित होकर यह भी बोल रहे है कि मोदीजी के 400 पार के लक्ष्य को पुर्ण करने में हम भी अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाएंगे।*

# पर्यटक स्थल खंडोली डैम में चलाया गया मतदाता जागरुकता कार्यक्रम




**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**
**गिरिडीह।** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप एक्टिविटी के तहत व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ताकि आमजनों को मतदान के महत्व की जानकारी तथा सभी को जागरूक व प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज स्वीप कोषांग द्वारा नोडल पदाधिकारी, (स्वीप कोषांग) सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के नेतृत्व में बेंगाबाद प्रखंड के खंडोली डैम में मतदाता हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। साथ ही वहां मौजूद सभी लोगों को लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन की तिथि, मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्पलाइन ऐप, 1950, सी विजिल ऐप, सुविधा ऐप, सक्षम ऐप आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान खंडोली में नौका विहार कर सभी लोगों से मतदान करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, बेंगाबाद, सहयोगी पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, डीसीपीयू काउन्सलर, हेल्प डेस्क मैनेजर दिवाकर पाठक समेत स्वीप कोषांग की टीम व प्रखंड के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

समक्षः लेख्य प्रमाणक, धनबाद ।

**-: शपथ पत्र :-**

मैं, ब्रजधारी महतो, पिता-स्व० दर्शनधारी महतो, पितामह - स्व0 मोची महतो, श्रेणी - पिछड़ा, पेशा - खेती, पता - तुमादाहा, पो० भितिया, थाना - गोविन्दपुर, जिला- धनबाद, झारखण्ड (भारतीय) । आज शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम - दर्शनधारी महतो दर्ज है। जबकि अंचल कार्यालय, गोविन्दपुर द्वारा जारी पंजी - ।।, खतियान आदि में मेरे पिता का नाम-दर्शन महतो दर्ज है। मैं, शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरे पिता दर्शनधारी महतो एवं दर्शन महतो दोनों नामों से जाने जाते थे ।

मैं, शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि उपरोक्त जानकारी मेरे अनुसार पूरी तरह से सत्य है, गलत पाये जाने पर सारी जवाबदेही मेरी होगी ।

दिनांक-

S.NO. 14 Date : 22 APR 2024

BEFORE: THE NOTARY PUBLIC, DHANBAD

**AFFIDAVIT**

I, ASHARAF ANSARI, S/O- Late. Shahadat Ansari, aged about- 53 years, by faith- Muslim, by Occupation- Cultivation, Resident of Village- Mango, P.O.- Tupkadih, P.S.- Balidih, Dist.- Bokaro, (Jharkhand), do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:-

(1) That, in my Aadhaar Card vide its No.- XXXX XXXX 4507 my father's name hasbeen mentioned as "Shahadat Ansari" but in Online Register- II record in Volume-1, Page No. 181, and in "Continuous Khatiyan" and in "Adhikar Abhilekh" and in "Manual Continuous Khatiyan" my father's name has recorded/written as "सहादत मियाँ" ।

(2) That, "Shahadat Ansari" (सहादत अंसारी) and or "सहादत मियाँ" both are same and one person i.e. my deceased father.

(3) That, I am swearing this affidavit for avoid future complication in my father's name and for name and for my needful purpose.

S.NO. 46 Date : 22 APR 2024

BEFORE THE NOTARY PUBLIC, DHANBAD

**AFFIDAVIT**

I, Prabhash Chatterjee, Aadhaar no- xxxx xxxx 6676, Son of Late Motilal Chatterjee, aged about 66 years, Resident of Bodiya, P.O.- Keliasole, P.S.- Nirsa, District Dhanbad, do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows :-

1. That in my Aadhaar Card my name has been mentioned as "Prabhash Chatterjee S/o Motilal Chatterjee" but in my Online Register-II record in Volume No. 01, Page No. 244 my name has recorded as "Prayas Chandra Chattaraj S/o Motilal Chattaraj".
2. That "Prabhash Chatterjee" and or "Prayas Chandra Chattaraj" both are same and one person i.e. I myself and "Motilal Chatterjee" and or "Motilal Chattaraj" both are same and one person i.e my deceased father.
3. That, I am swearing this affidavit to avoid future complication and for my needful purpose.

S.NO. 45 Date : 22 APR 2024

# जिला खनन विभाग व बीएसएल की टीम पर हमला

## अवैध बालू खनन रोकने पहुंचे थे अफसर, कई हुई चोटिल

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**बोकारो :** झारखंड के बोकारो जिले में बालू के अवैध खनन व कारोबार के विरुद्ध सोमवार की शाम पांच बजे चलाये गये अभियान के दौरान सेक्टर 11 अंतर्गत भतुआ बस्ती दामोदर नदी तट के पास माफियों के इशारे पर भीड़ ने जिला खनन विभाग और बोकारो स्टील प्लांट की टीम पर हमला बोल दिया. बालू माफियों के इशारे पर भीड़ ने टीम के कई सदस्यों के कपड़े फाड़ दिये और वाहनों की चाबी छीन ली. इस दौरान बीएसएल नगर सेवा विभाग लैंड एंड एसेट के महाप्रबंधक एके सिंह को हल्की चोट आयी. हमले में कई पत्रकारों के अलावा अन्य लोग भी चोटिल हुए हैं. भीड़ ने एक होमगार्ड जवान का मोबाइल छीन लिया.



### 50 से अधिक ट्रैक्टर ड्राइवर भाग निकले

कार्रवाई करने गयी टीम के लोगों ने जहां-तहां छिप कर खुद को सुरक्षित किये और जिला पुलिस को सूचना दी. सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने तुरंत पुलिस बल भेजा. इसके बाद टीम के सदस्यों को वहां से निकाला गया. बताया जाता है कि खनन विभाग व बीएसएल की टीम ने पहले अवैध खनन रोकने की कोशिश की. टीम को देख 50 से अधिक ट्रैक्टर ड्राइवर भाग निकले. इस दौरान टीम ने पांच ट्रैक्टरों की चाभी जब्त कर ली. यह देख वहां बड़ी संख्या में लोग जुट गये, जो बाद में हमलावर हो गये.

### बीएसएल के सुरक्षा गार्ड ने 4 लोगों को पकड़कर पुलिस को सौंपा

बोकारो में भीड़ के हिंसात्मक होने पर जब पुलिस बल पहुंचा, तो बीएसएल के सुरक्षा गार्ड की भी हिम्मत बढ़ी. गार्ड ने चार लोगों को दबोच लिया, जिन्हें बाद में हरला थाना के सुपुर्द कर दिया गया. हमले से पहले जब्त ट्रैक्टरों की चाबी भी थाना में जमा की गयी है. इससे पूर्व हमले की जानकारी मिलने पर हरला थाना इंस्पेक्टर अनिल कच्छप दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. पुलिस टीम को देख कर लोग तितर-बितर हो गये. पुलिस ने बीएसएल व प्रशासन के अधिकारियों को वहां से निकाला. श्री कच्छप ने बताया कि किसी भी अधिकारी को कोई परेशानी नहीं हुई है. वहीं लैंड एंड एसेट के महाप्रबंधक एके सिंह ने मामले में कहा कि बीएसएल की जमीन पर कोई अवैध कारोबार नहीं चलेगा. कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.

### अपनी जमीन पर चल रहे अवैध धंधे को रोकने को ले बीएसएल गंभीर

महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि क्षेत्र में बालू का अवैध कारोबार हो रहा है. सूचना के आधार पर कार्रवाई के लिए टीम पहुंची थी. लेकिन मॉब हमलावर हो गयी. मॉब पर किसी बात का असर नहीं हो रहा था. इसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी. सूचना पर पुलिस पहुंची और टीम को बाहर निकाला. इस बीच, अवैध खनन पर लगाम कसने के लिए हो रही कार्रवाई व मॉब की ओर से हुई प्रतिक्रिया के कारण बोकारो-धनबाद मुख्य मार्ग पर घटनास्थल का दृश्य बेहद अफरातफरी वाला हो गया था. बताते चलें कि भतुआ दामोदर तट से बालू का अवैध खनन और कारोबार फिर शुरू हो गया है.

### ढुलू महतो ने कुमार जय मंगल को दिया जवाब कहा-

## अनुकंपा का विधायक क्या जाने आंदोलन




ढुलू महतो और विधायक कुमार जय मंगल

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**बोकारो।** धनबाद लोकसभा सीट से घोषित एनडीए प्रत्याशी ढुलू महतो तथा बेरमो के विधायक कुमार जय मंगल के बीच आरोप प्रत्यारोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे से आशीर्वाद लेने से कुमार जय मंगल खफा हैं कुमार जय मंगल ने कहा था कि एनडीए प्रत्याशी ढुलू महतो की छवि खराब है। जिसके कारण धनबाद के मतदाता इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अनुपमा सिंह के साथ है। बोकारो में जनसंपर्क अभियान के दौरान इसका जवाब एनडीए प्रत्याशी ढुलू महतो ने कुमार जय मंगल को दिया है। उन्होंने कहा है कि उनके ऊपर जो मामले दर्ज है सभी मामले आंदोलन के दौरान दर्ज किए गए हैं, गरीबों मजदूरों तथा किसानों के हक की लड़ाई उन्होंने लड़ी है जिसके कारण उन पर मुकदमा दर्ज किया गया है। अपने को आंदोलन का उपज बताते हुए श्री महतो ने कहा कि बाघमारा की जनता ने उन्हें विधायक बनाया है तथा धनबाद की जनता अब अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए लोकसभा में भेजेगा जहां तक कुमार जय मंगल की बात है तो सेवा की भावना से उन्हें कोई संबंध नहीं है तथा आंदोलन से उन्हें क्या लेना देना मजदूर विरोधी समझौता करते रहे हैं तथा आंदोलन की नहीं बल्कि अनुकंपा के विधायक है जनता इस बार उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी स्वर्गीय राजेंद्र बाबू का प्रतिनिधित्व की बात कर रहे हैं तो राजेंद्र बाबू का राजनीतिक उत्तराधिकारी का हक उनके छोटा भाई कुमार गौरव को भी है। अपने अनुज का हक छीनकर अपनी पत्नी को देने का काम किया है जिसके कारण जनता उनसे खफा है। धनबाद लोकसभा ही नहीं बल्कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भी इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।

## तालाबके निकट झाड़ी में मिला अज्ञात व्यक्ति का शौ

**चंदनकियारी।** चंदनक्यारी थाना क्षेत्र के लालपुर पंचायत के देलटार ग्राम में तालाब के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला पाया गया है जिससे गांव में सनसनी फैल गया। शव से काफी बदबू आ रही थी। तभी ग्रामीणों ने देखा तो झाड़ी के अंदर में एक 70 वर्षीय अज्ञात पुरुष व्यक्ति का शव मिला है। ग्रामीणों के द्वारा चंदनक्यारी थाना में सूचना दिया गया तभी थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में ले कर आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर शव का पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है न्यूज लिखे जाने तक किसी ने पहचान नहीं कर पाया था। शव को देखने के लिए सैकड़ो ग्राम में उपस्थित थे।

## सुशासन दल निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. उषा सिंह को समर्थन करेगा

**बेरमो।** सुशासन दल के प्रदेश अध्यक्ष रामकिंकर पांडेय ने सोमवार को अपने आवासीय कार्यालय डबल स्टोरी फुसरो में प्रेस वार्ता कर कहा कि गिरिडीह लोकसभा में वोटरों के अंदर अजमंजस की स्थिति बनी हुई है। ऐसी स्थिति में निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. उषा सिंह सर्वश्रेष्ठ प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में है। कहा कि गिरिडीह में जितने भी प्रत्याशी राष्ट्रीय दल से खड़े हैं उससे जनता संतुष्ट नहीं है। इस स्थिति में निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. उषा सिंह सब पर भारी पड़ रही है। वह शिक्षित महिला चिकित्सक के साथ गौ सेवा, समाजसेवा सहित कई अन्य कार्य कर रही हैं। प्रदेश प्रवक्ता मिथुन चंद्रवंशी ने कहा कि गिरिडीह से सुशासन दल निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. उषा सिंह को समर्थन सुशासन दल कर रहा है। कहा कि गिरिडीह में संसाधन की हर तरह की व्यवस्था होने के बावजूद आज गिरिडीह लोकसभा काफी पिछड़ा है।

# स्टैंडिंग कमेटी का डीईओ सह डीसी ने की बैठक

## निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों से कराया गया अवगत

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने स्टैंडिंग कमेटी की बैठक की। बैठक में कमेटी के सदस्यगण समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए जारी दिशा-निर्देश से अवगत कराया। इस दौरान लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 06 गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान कर्मियों की



बैठक को संबोधित करते डीसी उपस्थित अधिकारी

डिस्पैच सेंटर (रवानगी केंद्र) एवं ईवीएम की रिसिविंग सेंटर (प्राप्ति केंद्र)/काउंटिंग सेंटर (मतगणना केंद्र) चिन्हित भवन/परिसर की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सामग्री-ईवीएम को साथ लेकर मतदान कर्मियों की रवानगी को ले डिस्पैच सेंटर के लिए बीएस सिटी के सेक्टर 08 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल को निर्धारित किया गया है। वहीं, मतदान के बाद ईवीएम के रिसिविंग सेंटर/काउंटिंग सेंटर के लिए आइटीआई मोड़,बाजार समिति को निर्धारित किया गया है। बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन में इस्तेमाल होने वाले ईवीएम-वीवीपैट का पहला रेंडमाइजेशन आगामी 24 अप्रैल अपराह्न 03 बजे से होगा। उक्त तिथि/समय को प्रथम रेंडमाइजेशन के समय तथा वज्रगृह को खोलने एवं बंदकर सील करने के समय आप सबों की उपस्थिति अनिवार्य है। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार,सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो अशोक कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, ईवीएम कोषांग के नोडल मो. सफीक आलम, ईवीएम कोषांग के पियूष, मीडिया कोषांग के अविनाश कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों (झारखंड मुक्ति मोर्चा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, आजसू आदि) के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब किया जब्त



**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर अवैध शराब व्यापार के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाने का निर्देश प्राप्त है। इसी के आलोक में सहायक आयुक्त उत्पाद को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर निरीक्षक उत्पाद सदर के पर्यवेक्षण में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम एवं प्रतिनियुक्ति गृहरक्षकों के द्वारा सोमवार को चतरोचट्टी थाना अन्तर्गत चिंद्री गांव में जागो साव,छोटन साव,राजेंद्र साव के घर पर छापेमारी की गई। विधिवत तलाशी के क्रम में घर से भारी मात्रा में विदेशी शराब, खाली बोतल, लेबल एवं ढ़क्कन बरामद हुआ। संबंधित अभियुक्तों जागो साव,छोटन साव,राजेंद्र साव के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। मौके से टीम ने विदेशी शराब 298 लीटर, खाली बोतल 1500 पीस, ढ़क्कन 1100 पीस एवं लेबल 500 पीस* को जब्त किया है। छापेमारी दल में *निरीक्षक उत्पादसंजीत देव,अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी, प्रतिनियुक्त गृहरक्षक आदि शामिल थे। जानकारी हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 एवं रामनवमी पर्व को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण झ बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# जीपीएस टेक्निकल कैंपस में माना विश्व पृथ्वी दिवस



**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**बोकारो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कालेज, बोकारो में वर्ल्ड अर्थ डे, उत्साह से मनाया गया. यह कार्यक्रम आफलाइन तथा आनलाइन दोनों माध्यम में आयोजित हुआ और इसका विषय प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक था. कालेज निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार ने स्वागत भाषण दिया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व वक्ता डॉ. निखिल कांत, पर्यावरण प्रेक्टिशनर/ एन्थुजज़ियास्ट एवं पोयट औफ क्लाइमेट क्राइसिस, उपनिदेशक ए.आई.सी.टी.ई. नयी दिल्ली, भारत सरकार, ने ऑनलाईन माध्यम द्वारा मार्गदर्शन किया. उन्होंने अपने मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि विश्व निशाने पर है. उन्होंने इस विषय पर मरमस्पर्शी गजल और कविता पाठ किया, जिसे श्रोताओं ने बहुत सराहा. कालेज की ग्रीन आर्मी में 20 नये छात्रों ने अपने नाम बतौर सार्जेंट पंजीकृत करवाये तथा पेड़-पौधों का संरक्षण करने का शपथ ग्रहण किया.

छात्रों ने नवीन पौध को पानी दिया. कालेज ने प्लास्टिक के उपयोग में 60% कटौती करने का लक्ष्य रखा है. छात्रा सृष्टि कुमारी, नीतू कुमारी व शुभानी झा ने मंच का संचालन किया. ग्रीन आर्मी तथा कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. अपूर्वा सिन्हा, प्रो. सुषमा, प्रो. गौतम, प्रो. मुकेश कुमार सिन्हा, गुरमेल सिंह व अन्य का योगदान रहा. संस्थान अध्यक्ष तरसेम सिंह व सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने बधाई दी.

## अरविंद कुमार बने प्रधान फैमिली जज



**बोकारो।** अरविंद कुमार नंबर 1 बोकारो के नए नव नियुक्त फैमिली जज के रूप मेंसोमवार को अपना पदभार ग्रहण किया। आज से वे नियमित रूप से अपना कोर्ट का संचालन करेंगे। अरविंद कुमार 2002 बैच के न्यायिक पदाधिकारी है। प्रधान जिला जज में इनकी पदोन्नति 28.03.2022 को हुई श्री कुमार बिहार के सासाराम के रहने वाले है । इनके पिता अशोक बिहारी सिंह भी पेशे से वकील है। इनका जन्म 06.06.1971 को हुआ था। इसके पूर्व श्री कुमार झारखंड के गढ़वा, धनबाद, हजारीबाग, रांची, लोहरदगा, साहेबगंज, राजमहल, चतरा, गिरिडीह, देवघर में न्यायिक पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवा दे चुके है बोकारो कोर्ट में श्री अरविंद कुमार का इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के ओर से एसोसिएशन के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। बोकारो में फैमिली जज के रूप में पदभार ग्रहण करने पर अधिवक्ता वंशिका सहाय, संजीत सिंह, दीपिका सिंह, हसनैन आलम, फटिक चंद्र सिंह, रंजन कुमार मिश्रा, निखिल डे, इंद्रनील चटर्जी, कमल कुमार सिन्हा, सुनील चांडक ने शुभकामना और बधाई दी है।

## सेक्टर 5 पेट्रोल पंप के पीछे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**बोकारो।** सेक्टर 4 थाना पुलिस ने सेक्टर 5 पेट्रोल पंप के पीछे झाड़ी में एक अज्ञात व्यक्ति का शो बरामद किया है जिसकी पहचान नहीं हो पाई है पुलिस पहचान की कोशिश कर रही है तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पेट्रोल पंप के बगल में स्थित एक गिराज के मालिक ने दुर्गंध आने पर भारी में जाकर देखा तो सारी गली अवस्था में शौ को पाया तत्काल इस बात की जानकारी सेक्टर 4 थाना पुलिस को दी गई पुलिस ने पोस्टमार्टम के भेज कर मामले की तहकीकात प्रारंभ कर दी है।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**कार्यालय चास नगर निगम चास, बोकारो**
आइ0टी0आइ0 मोड़, चास, बोकारो पिन–827013
E-mail:- chasmunicipalcouncil@gmail.com

**–: आम सूचना :–**

वित्तीय वर्ष 2024–25 का होल्डिंग टैक्स 30 जून 2024 के पहले जमा करने पर चास नगर निगम के करदाताओं को कर (वर्तमान वित्तीय वर्ष) में अधिकतम 15% तक की छूट देय है, जो निम्न प्रकार हैः–

- सभी करदाताओं को 5% की छूट।

**इसके अतिरिक्तः–**

- होल्डिंग महिला के नाम होने से 5% की छूट।
- वरिष्ठ नागरिक होने से 5% की छूट।
- स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5% की छूट।
- आर्मी, ट्रांसजेडर होने पर 5% की छूट।
- विकलांग होने पर 5% की छूट।
- यह छूट केवल आवासीय धृतियों पर लागू होगी।

Online (https://udhd.jharkhand.gov.in) जमा करने पर 5% की छूट।
नोट :– 30 जून के उपरांत बकाये टैक्स पर प्रतिमाह 1% की दर से ब्याज देय होगा।

प्रशासक–सह–अपर नगर आयुक्त,
चास नगर निगम

PR 323968 Urban Development(24-25)#D

**कार्यपालक अभियन्ता राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह का कार्यालय**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 02/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह ।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 27.04.2024 को 10.30 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, रा0 ग्रा0 नि0 कार्यक्रम, गिरिडीह ।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 29.04.2024 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथिः– दिनांक 29.04.2024 को 3.30 बजे अपराह्न।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थानः– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, रा0 ग्रा0 नि0 कार्यक्रम, गिरिडीह ।
7. कार्यो का विस्तृत विवरणः– **लोकसभा चुनाव 2024 निमित कार्य।**
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1 | बगोदर | कुल 05 चिन्हित स्थलों पर 05 ईकाई वाले अस्थायी शौचालय एवं बाथरूम का निर्माण। | 2,49,550.00 | | | |
| | सरिया | कुल 03 चिन्हित स्थलों पर 05 ईकाई वाले अस्थायी शौचालय एवं बाथरूम का निर्माण। | 2,02,590.00 | | | |
| | | कुल 02 चिन्हित स्थलों पर 02 ईकाई वाले अस्थायी शौचालय एवं बाथरूम का निर्माण। | | | | |
| | बिरनी | कुल 01 चिन्हित स्थलों पर 05 ईकाई वाले अस्थायी शौचालय एवं बाथरूम का निर्माण। | 1,02,770.00 | | | |
| | | कुल 02 चिन्हित स्थलों पर 02 ईकाई वाले अस्थायी शौचालय एवं बाथरूम का निर्माण। | | | | |
| | | कुलः– | 5,54,910.00 | 11,100.00 | 1,250.00 | 10 दिन। |

निविदा की शर्ते कार्यपालक अभियन्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह, कार्यालय के सूचना पट्ट एवं गिरिडीह जिला के website www. giridih.nic.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह

PR 323984 NREP(24-25)#D

## हेल्पिंग हैंड बना बुजुर्ग का सहारा



बुजुर्गों को अपना घर आश्रम भेजते हेल्पिंग हैंड के कार्यकर्ता

**बोकारो।** हेल्पिंग हैंड्स चास बोकारो इकाई द्वारा चैस चेक पोस्ट स्थित श्मशान घाट कली मंदिर के पास लाचार एवं असहाय एक अनाथ व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 65 साल की होगी ' बीमारी एवं अस्वस्थ होने के कारण दो-चार दिनों से गिर पड़ा हुआ था दो-चार दिनों से नंग-धड़ंग गिर पड़ा हुआ था ' उसके शरीर से बदबू आ रही थी उसकी शरीर पर मक्खियों लग रही थी ' स्नान कराकर एवं साफ सुथरा कर उस व्यक्ति को हेल्पिंग हैंड्स के संस्थापक गोपाल मुरारका एवं राम केडिया के सहयोग से एंबुलेंस द्वारा चास से पुरुलिया स्थित अपना घर आश्रम भेजा गया जहां उसे अनाथ व्यक्ति की सेवा की जाएगी' मौके पर गोपाल मुरारका ने कहा कि असहाय एवं लाचार व्यक्तियों को पुरुलिया स्थित अपना घर आश्रम में निशुल्क सेवा की जाती है एवं समय-समय पर व्यक्तियों से उनके परिजनों के बारे में पूछा जाता है परिजनों के बारे में पता लगने पर मरीज या व्यक्ति को उनके परिजनों से मिलवा दिया जाता है ' राम केडिया ने कहा कि समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों की मदद करने से सुकून मिलता है ' प्रवक्ता संजय सोनी ने कहा कि ऐसे कार्य कर हम कई लोगों से अपना रिश्ता जोड़ लेते हैं ' कोई पूंजी नहीं है ' मौके पर रंजीत कुमार लखन महथा गोपाल एंबुलेंस वाले उपस्थित थे ।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में हुई चुनावी जनसभा

**आवाज प्रतिनिधि। 22 अप्रैल**

**बेरमो।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के समर्थन में सोमवार की शाम ढोरी पांच नंबर धौडा स्थित राकोमयू के प्रधान कार्यालय में जनसभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता झामुमो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी व संचालन कांग्रेस के बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया ने किया। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह सहित इंडी गठबंधन के समर्थक शामिल हुए। प्रत्याशी श्री महतो ने कहा कि विधायक रहकर जिस तरह से अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास का कार्य किये हैं। उसी तरह से इस बार जनता मुझे मौका देगी तो गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र का विकास करेंगे। कहा कि राज्य में हमारी सरकार झारखंड के लिए जो विकास कार्य की है उससे पूर्व की सरकार ने विकास कार्य किया ही नहीं है। कहा कि केंद्र सरकार देश की जनता को लोकलुभावन वादा करके ठगने का काम करेगी।

बेरमो विधायक श्री सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। जनता केंद्र सरकार के जुठे वादे में फसने वाली नहीं है। इस बार गिरिडीह की जनता बदलाव चाह रही है। वर्तमान सांसद के कार्यकाल में गिरिडीह में विकास कार्य नहीं हुआ है। गठबंधन के प्रत्याशी अपने टुंडी विधानसभा क्षेत्र में जिस प्रकार से कार्य किये हैं। चुनाव जीतने पर उसी तरह से गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में विकास करेंगे। कहा कि गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए एक एक कार्यकर्ता तन मन से चुनाव में लग जाएं। मौके पर झामुमो जिला सचिव जयनारायण महतो, मोहन मुर्मू, अशोक मुर्मू, अनिल अग्रवाल, घुनू हांसदा, कांग्रेस के उत्तम सिंह, महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, श्यामल सरकार, राकेश सिंह, रामदेव रवि, वीरेंद्र सिंह, कृष्णा कुमार चांडक, मुखिया नकुल महतो, भोलू खान, दीपक महतो, रंजीत महतो, शिवनंदन चौहान, केदार सिंह, संतोष महतो, सुभाष महतो, प्रमोद सिंह, अनिल रजवार, अजंता समंत, प्रभु दयाल, अशोक मंडल, महावीर महतो, गणेश मिश्रा, मानिक दिगार, जसीम रजा, ललन रवानी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**ऑरेंज कैप**
विराट कोहली
आरसीबी
379 रन, 8 मैच

**पर्पल कैप**
जसप्रीत बुमराह
एमआई
13 विकेट, 8 मैच




**अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | एनआर | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 0 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | +0.914 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | +0.529 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | +0.123 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 | -1.055 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.227 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.477 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 8 | 1 | 7 | 0 | 2 | -1.046 |

# गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीता

## विश्व खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**टोरंटो।** भारत के 17 वर्ष के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। गुकेश ने 14वें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेला। विश्व चैम्पियन के चैलेंजर का निर्धारण करने वाले इस टूर्नामेंट में उनके 14 में से नौ अंक रहे। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे। चेन्नई के रहने वाले गुकेश ने कास्पोरोव का रिकॉर्ड भी तोड़ा। कास्पोरोव 1984 में 22 साल के थे जब उन्होंने रूस के ही अनातोली कारपोव को विश्व चैम्पियनशिप खिताब के लिये चुनौती दी थी। गुकेश ने जीत के बाद कहा, बहुत राहत महसूस कर रहा हूं। मैं फेबियानो कारूआना और इयान



नेपाम्नियाश्चि के बीच मैच देख रहा था। इसके बाद टहलने चला गया जिससे मदद मिली। गुकेश को 88500 यूरो (78.5 लाख रुपए) ईनाम के तौर पर भी मिले। इस टूर्नामेंट की कुल ईनामी राशि पांच लाख यूरो है। वह यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय बन गए। पांच बार के विश्व चैम्पियन आनंद ने 2014 में खिताब जीता था। आनंद ने एक्स पर लिखा, डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई। आपकी उपलब्धि पर गर्व है। मुझे निजी तौर पर तुम पर बहुत गर्व है जिस तरह से तुमने कठिन हालात में खेला। इस पल का मजा लो। गुकेश को जीत के लिये ड्रॉ की ही जरूरत थी और उन्होंने नकामूरा के खिलाफ कोई कोताही नहीं बरती। दोनों का मुकाबला 71 चालों के बाद ड्रॉ पर छूटा। दूसरी ओर कारूआना और नेपाम्नियाश्चि की बाजी भी ड्रॉ रही। अगर दोनों में से कोई जीतता तो टाइब्रेक होता। गुकेश ने कहा, वो 15 मिनट पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा तनावपूर्ण थे। मैं कमेंट्री सुन रहा था और फिर मैं अपने ट्रेनर के साथ टहलने निकल गया। उसके बाद मेरे पिता दौड़ते हुए आये। उन्होंने कहा, मेरे पास बेहतरीन सहयोगी हैं। मैं उनके नाम नहीं लूंगा लेकिन उन्हें पता है कि मैं उनका कितना शुक्रगुजार हूं। कारूआना, नेपाम्नियाश्चि और नकामूरा तीनों के 8.5 अंक रहे और वे संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सात अंक लेकर पांचवें स्थान पर रहे जिन्होंने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराया। विदित गुजराती ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला और वह छठे स्थान पर रहे। अलीरजा सातवें और अबासोव आठवें स्थान पर रहे। गुकेश ने 12 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर खिताब जीता था और वह शतरंज के इतिहास में तीसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बने।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डी गुकेश को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि से लाखों को प्रेरणा मिलेगी। भारत के 17 वर्ष के ग्रैंडमास्टर गुकेश ने टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़कर वह विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। गुकेश ने 14वें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेला। मोदी ने एक्स पर लिखा, भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। उन्होंने गुकेश की तस्वीर साथ में पोस्ट करते हुए लिखा, टोरंटो में हुए टूर्नामेंट में गुकेश की शानदार उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण की द्योतक है। उनके असाधारण प्रदर्शन और शीर्ष तक के सफर से लाखों को प्रेरणा मिलेगी।

### हम्पी महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज चीन की टी लेइ को हराकर टाइब्रेकर में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में दूसरा स्थान हासिल किया। चीन की झोंग्यी तान शीर्ष पर रही जिन्होंने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक से ड्रॉ खेला। आर वैशाली लगातार पांचवीं जीत दर्ज करके संयुक्त दूसरे स्थान पर थी लेकिन टाइब्रेकर के बाद चौथे स्थान पर रही। उन्होंने रूस की कैटरीना लागनो को हराया। तान ने नौ अंक बनाये जबकि हम्पी उनसे डेढ अंक पीछे थी। लेइ तीसरे और वैशाली चौथे स्थान पर रही। अलेक्जेंद्रा गोरियाश्किना पांचवें स्थान पर रही। लागनो छठे, बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा सातवें और मुजिचुक आठवें स्थान पर रहीं। हम्पी के सात दौर के बाद ढाई अंक ही थे लेकिन बाकी सात मैचों में उन्होंने पांच अंक बनाये।

## कैस्पर रूड ने सिटसिपास को हराकर बार्सीलोना ओपन जीता



**बार्सीलोना।** नॉर्वे के कैस्पर रूड ने स्टेफानोस सिटसिपास से मोंटे कार्लो मास्टर्स फाइनल में मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए बासीलोना ओपन टेनिस फाइनल में सीधे सेटों में हरा दिया। रूड ने 7-5, 6-3 से जीत दर्ज करके सत्र का पहला खिताब अपने नाम किया। वह इस साल तीन अन्य फाइनल हार चुके हैं। यह उनके कैरियर का 11वां खिताब और क्लेकोर्ट पर दसवां खिताब है। पिछली बार उन्होंने अप्रैल 2023 में एस्टोरिल में खिताब जीता था। पिछले साल फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहे रूड की नजरें अब रोलां गैरो पर खिताबी जीत दर्ज करने पर लगी है।

### ओलंपिक पदक विजेताओं के 'प्रतिबंधित ड्रग्स' मामला

## वाडा ने अपनी जांच के रुख का किया बचाव

**नई दिल्ली।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने 2021 के एक मामले को गलत तरीके से संभालने के अपमानजनक और पूरी तरह से झूठे आरोपों को खारिज कर दिया। इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था, हालांकि इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वाडा का ये बयान उस वक्त आया जब अमेरिकी एंटी-डोपिंग एजेंसी चीफ ट्रेविस टाइगर्ट ने वाडा और चीनी अधिकारियों पर इन पॉजिटिव परीक्षणों को दबाने का आरोप लगाया था। सीएनएन के मुताबिक टाइगर्ट ने ये भी आरोप लगाया कि एजेंसी खेलों में ड्रग्स के इस्तेमाल के खिलाफ असरदार नियम बनाने में नाकाम रही है।

## आईपीएल : आज लखनऊ से बदला चुकता करने उतरेगी चेन्नई

**चेन्नई।** गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था। केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिये रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की । दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं । दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिये कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाये हैं। लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का फॉर्म चिंता का विषय है। चेन्नई ने अजिंक्य रहाणे को पारी का आगाज करने भेजा जिसकी वजह से गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतरे। सलामी बल्लेबाज के तौर पर तीन अर्धशतक जमाने के बाद गायकवाड़ के सामने यह दुविधा होगी कि वह तीसरे नंबर पर खेलें या फिर से पारी का आगाज करें। रविंद्र जडेजा भी अर्धशतक जड़ चुके हैं जिससे मोईन अली और महेंद्र सिंह धोनी को आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी का मौका मिला। चेन्नई को उम्मीद होगी कि उसका शीर्षक्रम एक बार फिर रन बंटोरकर बड़े स्कोर की नींव रखेगा। चेन्नई के गेंदबाजों में मथीषा पथिराना सर्वश्रेष्ठ रहे हैं लेकिन तेज गेंदबाजों दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुस्ताफिजूर रहमान से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

# राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई को नौ विकेट से हराया

## आईपीएल : यशस्वी जायसवाल ने ठोका नाबाद शतक



### 200 विकेट चटकाने वाले पहले गेंदबाज बने चहल

**जयपुर।** भारत और राजस्थान रॉयल्स के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग में 200 विकेट पूरे करने वाला पहला गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया। दाएं हाथ के इस लेग स्पिनर ने यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल मुकाबले की पहली पारी के दौरान अफगानिस्तान के बल्लेबाज मोहम्मद नबी को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। चहल ने अपनी ही गेंद पर नबी का कैच लपका। वर्ष 2013 में आईपीएल में पदार्पण करने वाले चहल अब तक मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर सहित तीन टीमों के लिए खेल चुके हैं। चहल पिछले साल चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व गेंदबाज ड्वेन ब्रावो (161 मैचों में 183 विकेट) को पीछे छोड़कर आईपीएल के सबसे सफल गेंदबाज बने थे।

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**जयपुर।** आज आईपीएल 2024 का 38वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडिंस के बीच खेला गया। मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 179 रन बनाए। इसके जवाब में राजस्थान ने 18.4 ओवर में एक विकेट खोकर 183 रन बनाए और नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। राजस्थान रॉयल्स ने यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन की विस्फोटक साझेदारी के बदौलत नौ विकेट से जीत दर्ज की। राजस्थान की इस सीजन में यह सातवीं जीत है। राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने आईपीएल 2024 का पहला शतक ठोका है।

### स्कोर बोर्ड

**मुंबई इंडियंस** 179/9 (20 ओवर)

| | रन | गेंद | चार | छह |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा के सैमसन बो बोल्ट | 6 | 5 | 1 | 0 |
| ईशान किशन के सैमसन बो संदीप शर्मा | 0 | 3 | 0 | 0 |
| सूर्यकुमार यादव के रोवमन पॉवेल बो संदीप शर्मा | 10 | 8 | 2 | 0 |
| तिलक वर्मा के रोवमन पॉवेल बो संदीप शर्मा | 65 | 45 | 5 | 3 |
| मोहम्मद नबी के और बो चहल | 23 | 17 | 2 | 1 |
| नेहल वढेरा के संदीप शर्मा बो बोल्ट | 49 | 24 | 3 | 4 |
| हार्दिक पांड्या पगबाधा बो आवेश खान | 10 | 10 | 1 | 0 |
| टिम डेविड के रियान पराग बो संदीप शर्मा | 3 | 5 | 0 | 0 |
| गेराल्ड कोएट्जी के हेटमायर बो संदीप शर्मा | 0 | 1 | 0 | 0 |
| पीयूष चावला नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 2 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त (बा0,लेबा1,वा9,नोबा0,पी0) 10 रन कुल 20 ओवर में 9 विकेट पर 179 रन, **विकेटों का पतन:** 1-6, 2-6, 3-20, 4-52, 5-151, 6-170, 7-176, 8-176, 9-177, **गेंदबाजी:** ट्रेंट बोल्ट 4-0-32-2, संदीप शर्मा 4-0-18-5, आवेश खान 4-0-49-1, रविचंद्रन अश्विन 4-0-31-0, युजवेंद्र चहल 4-0-48-1

**राजस्थान रॉयल्स** 183/1 (18.4 ओवर)

| | रन | गेंद | चार | छह |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 104 | 60 | 9 | 7 |
| जोस बटलर बो चावला | 35 | 25 | 6 | 0 |
| संजू सैमसन नाबाद | 38 | 28 | 2 | 2 |

अतिरिक्त (बा0,लेबा1,वा4,नोबा1,पी0) 6 रन कुल 18.4 ओवर में 1 विकेट पर 183 रन, **विकेटों का पतन:** 1-74, **गेंदबाजी:** हार्दिक पांड्या 2-0-21-0, बुमराह 4-0-37-0, नुवान तुषारा 3-0-28-0, गेराल्ड कोएट्जी 2-0-25-0, मो. नबी 3-0-30-0, पीयूष चावला 4-0-33-1, तिलक वर्मा 0.4-0-8-0

## धनबाद किक बॉक्सिंग टीम का चयन



**धनबाद।** मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के प्रांगण में किकबॉक्सिंग टीम का चयन किया गया। प्रतियोगिता में 63 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमे 24 खिलाड़ियों को आगमी 27-28 अप्रैल को स्टेट चैंपियनशिप के लिए चयन किया गया। खिलाड़ियों का चयन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं जिला सचिव राज संचु रजवार और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं नेशनल चैंपियन प्रवीण कुमार द्वारा किया गया। चयनित खिलाड़ियों को झारखंड किकबॉक्सिंग अध्यक्ष बी सी ठाकुर ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। चयनित खिलाड़ियों में प्राची प्रिया, निशा मंडल, अनुराग कुमार, आयुषी कुमारी, मनदीप कौर, राजदीप कौर, आयुष कुमार, प्रिंस कुमार, विश्वजीत, आराध्य, गर्व कुमार, शौर्य शिखर आदि शामिल है।

## भावेश, सिमरनप्रीत ने जीता ओलंपिक चयन ट्रायल

**नई दिल्ली।** भावेश शेखावत और सिमरनप्रीत कौर बरार ने पहले ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में ओएसटी 2 जीत लिया है। कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर चल रहे ट्रायल में भावेश ने फाइनल में 34 स्कोर किया और ओएसटी 1 के विजेता अनीश भानवाला (29) से आगे रहे। विजयवीर सिद्धू 22 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में सिमरनप्रीत ने पांच पांच शॉट की पहली दस सीरिज में 37 स्कोर किया। उन्होंने ओएसटी 1 विजेता और ओलंपियन मनु भाकर को पछाड़ा जिन्होंने 35 स्कोर किया । ईशा सिंह 30 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रही। रिदम सांगवान (24) चौथे और अभिंद्या पाटिल (16) पांचवें स्थान पर रही।

# मेसी के जूते, तो शेन वॉर्न की टोपी पर खर्च हुए कई करोड़ रुपये

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** महान बॉक्सर मुहम्मद अली के बॉक्सिंग शॉर्ट्स की नीलामी हुई है। ये कोई आम शॉर्ट्स नहीं है क्योंकि मुहम्मद अली ने इन्हें अक्टूबर 1975 में जो फ्रेजियर के साथ ऐतिहासिक फाइट में पहना था। इस यादगार फाइट को आज 'थ्रिला इन मनीला' के नाम से जाना जाता है, जिसमें अली विजयी रहे थे। उनके शॉर्ट्स/ट्रंक पर 6 मिलियन डॉलर यानी भारतीय रुपये अनुसार करीब 50 करोड़ रुपये की बोली लगी है। मगर ये ऐसी अकेली अजीब चीज नहीं है, जिस पर करोड़ों की बोली लगी हो। तो आइए खेल जगत से जुड़ी सबसे महंगी चीजों के बारे में जानते हैं।



### रोजर फेडरर का रैकेट और जर्सी

टेनिस में 20 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता रोजर फेडरर ने 2021 में एक चैरिटी कार्यक्रम के लिए अपने महान करियर से जुड़ी 300 चीजों को नीलामी के लिए सामने रख दिया था। इन सभी सामान की कीमत 35 करोड़ से ज्यादा लगी थी। सबसे ज्यादा बोली, फेडरर की 2009 फ्रेंच ओपन और 2007 विंबलडन चैंपियनशिप जीतने वाले रैकेट और कपड़ों को मिली थी। इन्हें डेढ़ करोड़ रुपये से भी ज्यादा राशि में खरीदा गया था।

### लियोनल मेसी की वर्ल्ड कप जर्सी

साल 2022 में अर्जेंटीना कुल तीसरी बार फीफा वर्ल्ड कप चैंपियन बना था, लेकिन ये पहला मौका था जब लियोनल मेसी ने वर्ल्ड कप ट्रॉफी उठाई थी। नवंबर 2023 में मेसी की वर्ल्ड कप विनिंग 6 जर्सी को नीलामी के लिए आगे लाया गया था। इन 6 जर्सी पर कुल 65 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की बोली लगी थी।

### शेन वॉर्न की टेस्ट कैप

क्रिकेट में लेग स्पिन गेंदबाजी के जादूगर शेन वॉर्न ने अपने 15 साल से ज्यादा समय तक चले करियर में 145 टेस्ट मैच खेले थे। याद दिला दें कि 2020 में ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में जानलेवा आग लग गई थी। ऐसे में वॉर्न की टेस्ट कैप पर नीलामी लगी थी, जिस पर 5 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की बोली लगाई गई थी। इस रकम को भीषण आग से पीड़ित लोगों की मदद के लिए इस्तेमाल में लाया गया था।



## मार्केट सूचकांक

### भारतीय

| | | |
|---|---|---|
| निफ्टी | 22336.40 | +189.40 |
| सेंसेक्स | 73648.62 | +560.29 |

### अमेरिका

| | | |
|---|---|---|
| नैस्डेक | 15,346.39 | +84.98 |
| डाओ जोंस | 38,087.40 | +101.00 |

### यूरोप

| | | |
|---|---|---|
| FTSE (BRITAIN) | 8,023.87 | +128.02 |
| CAC (FRANCE) | 8,040.36 | +17.95 |

### एशिया

| | | |
|---|---|---|
| NIKKEI 225 (JAPAN) | 37,438.61 | +370.26 |
| शंघाई (CHINA) | 3,044.60 | -20.66 |

### कमोडिटी

| | | |
|---|---|---|
| सोना 24 कैरेट/10 ग्राम प्रति | 71,334.00 | -1,472.00 |
| चांदी प्रति किलो | 80,698.00 | -2,809.00 |
| अल्यूमीनियम प्रति किलो | 0.00 | -241.85 |
| तांबा प्रति किलो | 843.00 | -2.15 |
| लेड प्रति किलो | 0.00 | -190.45 |
| जिंक प्रति किलो | 0.00 | -255.80 |
| मेंथा तेल प्रति लीटर | 0.00 | -950.00 |

### मुद्रा

| | | |
|---|---|---|
| डॉलर प्रति रुपये | 83.3814 | -0.0041 |
| पाउंड प्रति रुपये | 102.9004 | -0.2909 |
| यूरो प्रति रुपये | 88.7772 | -0.0951 |
| दीनार प्रति रुपये | 270.4802 | +0.0728 |
| रियाल प्रति रुपये | 22.2296 | +0.0017 |
| ऑस्ट्रेलियन डॉलर प्रति रुपये | 53.7010 | +0.1200 |
| सिंगापुर डॉलर प्रति रुपये | 61.1903 | -0.0601 |
| दिरहम प्रति रुपये | 22.7040 | -0.00030 |

### क्रूड ऑयल

| | | |
|---|---|---|
| डब्ल्यूटीआई क्रूड बैरल/ यूएस $ | 83.35 | +0.21 |
| ब्रेंट क्रूड बैरल/ यूएस $ | 87.14 | -0.15 |
| मरबन क्रूड बैरल/ यूएस $ | 87.08 | -0.46 |

# मुंबई के आगे कहीं नहीं ठहरता दुबई

## कई मामलों में बाजी मार ले जाती है अपनी आर्थिक राजधानी

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई अब एशिया की बिलेनियर कैपिटल बन चुकी है. हुरून ग्लोबल रिच लिस्ट 2024 के अनुसार, मुंबई में 92 अरबपति रहते हैं. इस मामले में मुंबई अब दुनिया में तीसरे पायदान पर आ चुकी है. मुंबई ने इतिहास में पहली बार बीजिंग को भी पीछे छोड़ा है. देश की राजधानी दिल्ली 57 अरबपतियों के साथ इस लिस्ट में 9वें नंबर पर रही है. मुंबई से आगे अब सिर्फ न्यूयॉर्क और लंदन ही रह गए हैं. अक्सर मुंबई की तुलना दुबई से की जाती है. मगर, इस लिस्ट में तरक्की का प्रतीक बन चुका दुबई शहर टॉप 10 में भी शामिल नहीं है. वहां सिर्फ 21 अरबपति रहते हैं और दुनिया में दुबई का 28वां नंबर है.



### दुबई और भारत के सबसे अमीर शख्स की दौलत में बेहिसाब फासला

दुबई के सबसे अमीर शख्स माजिद अल फुतैम हैं. वह रियल एस्टेट, एंटरटेनमेंट और कार डिस्ट्रीब्यूशन समूह माजिद अल फुतैम ग्रुप के चेयरमैन हैं. उनकी नेट वर्थ 2023 में 6.2 अरब डॉलर थी. दूसरी तरफ मुंबई के और भारत के सबसे अमीर इंसान रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी हैं. मुकेश अंबानी की नेट वर्थ 113.7 अरब डॉलर आंकी गई है. वह एशिया के सबसे अमीर आदमी भी हैं.

### मुंबई में 5000 स्टार्टअप, दुबई में सिर्फ 300

भारत तेजी से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है. इस यात्रा में भारत के अरबपति भी अपना पूरा योगदान दे रहे हैं. मुंबई न सिर्फ देश के सबसे ज्यादा अरबपतियों का घर है बल्कि यहां सबसे ज्यादा 5000 स्टार्टअप भी हैं. यह शहर नए लोगों को भी आगे बढ़ने का पूरा मौका दे रहा है. इसके मुकाबले दुबई में सिर्फ 300 स्टार्टअप ही हैं. मुंबई की जीडीपी लगभग 310 अरब डॉलर आंकी गई है. दुबई की जीडीपी मात्र 30 अरब डॉलर ही है. अगर आप मुंबई में बाहर खाने का प्लान बनाएं तो सिर्फ 400 रुपये के खर्च में आप अच्छे से रेस्टोरेंट में खाना खा सकते हैं. हालांकि, अगर आप यही काम दुबई में करना चाहें तो आपको लगभग 910 रुपये खर्च करने होंगे. इंटरनेट पर खर्च के मामले में भी मुंबई ही बाजी मार ले जाता है. यहां सिर्फ 700 रुपये में आप 60 एमबीपीएस के फास्ट इंटरनेट का आनंद ले सकते हैं.
अगर यही काम आप दुबई में करने बैठें तो आपको 7900 रुपये खर्च करने होंगे.

**सबसे ज्यादा अरबपति वाले टॉप 10 शहर**

| | |
|---|---|
| न्यूयॉर्क | 119 |
| लंदन | 97 |
| मुंबई | 92 |
| बीजिंग | 91 |
| शंघाई | 87 |
| शेनझेन | 84 |
| हॉन्गकॉन्ग | 65 |
| मॉस्को | 59 |
| नई दिल्ली | 57 |
| सैन फ्रांसिस्को | 52 |

**ये हैं वो 10 देश जहां हैं सबसे ज्यादा अरबपति**

| | |
|---|---|
| चीन | 814 |
| अमेरिका | 800 |
| भारत | 271 |
| ब्रिटेन | 146 |
| जर्मनी | 140 |
| स्विट्जरलैंड | 106 |
| रूस | 76 |
| इटली | 69 |
| फ्रांस | 68 |
| ब्राजील | 64 |

## जोमैटो ने मंच शुल्क बढ़ाकर प्रति ऑर्डर पांच रुपये किया




**नयी दिल्ली।** होटल से खाना ऑर्डर की सुविधा देने वाला 'ऑनलाइन' मंच जोमैटो ने चुनिंदा बाजारों में अपने शुल्क को 25 प्रतिशत बढ़ाकर चार रुपये से पांच रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया है। कंपनी के ऐप के मुताबिक उसने अपनी अंतर-शहरी फूड डिलिवरी सर्विस 'इंटरसिटी लीजेंड्स' को भी रोक दिया है। जोमैटो के प्रवक्ता ने इस बारे में पूछे जाने पर 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' यह एक कारोबारी कदम है जिन्हें हम समय-समय पर विभिन्न कारकों के आधार पर लेते हैं।'' कंपनी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, मंच शुल्क में बढ़ोतरी दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद जैसे प्रमुख शहरों में लागू होगी। जोमैटो ने पिछले साल अगस्त में प्रति ऑर्डर मंच शुल्क पिछले अगस्त से लेना शुरू किया था। उस समय यह दो रुपये प्रति ऑर्डर था। इससे धीरे-धीरे बढ़ाकर अब पांच रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया गया है। इसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंपनी स्विगी पहले से ही प्रति ऑर्डर पांच रुपये का शुल्क लेती है।

# विदेशों में कम हो गई इंडियन ज्वेलरी की डिमांड, सामने आए चौंकाने वाले आंकड़ें

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में खासकर अमेरिका और यूरोप में भारत के जेम्स और ज्वेलरी काफी डिमांड में रहती है. भारत से काफी ऐसा सामान भी एक्सपोर्ट होता है. लेकिन बीते वित्त वर्ष में जो आंकड़ें सामने आए हैं. भारत के कारोबारियों को करीब 37 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है. जानकारी के अनुसार जेम्स और ज्वेलरी के एक्सपोर्ट में पिछले साल काफी गिरावट देखने को मिली है. जिसकी वजह से ये नुकसान निकलकर सामने आया है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर किस तरह के आंकड़ें सामने आए हैं.

**हीरों का निर्यात भी हुआ कम :** इस बीच, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान तराशे और पॉलिश किए गए हीरों का कुल निर्यात 25.23 फीसदी घटकर 1,32,128.29 करोड़ रुपए रह गया, जबकि 2022-23 की समान अवधि में यह 1,76,716.06 करोड़ रुपए था. पॉलिश वाले कृत्रिम हीरों का अनंतिम सकल निर्यात बीते वित्त वर्ष में 13.79 फीसदी घटकर 11,611.25 करोड़ रुपए रह गया, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 13,468.32 करोड़ रुपए था. हालांकि, अनंतिम आंकड़ों के अनुसार सोने के आभूषणों का कुल निर्यात 2023-24 में 20.57 प्रतिशत बढ़कर 92,346.19 करोड़ रुपए हो गया, जो 2022-23 में 76,589.94 करोड़ रुपए था.



### कितना कम हुआ एक्सपपोर्ट

रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों में साफ पता चलता है कि देश का रत्न और आभूषण निर्यात बीते वित्त वर्ष के दौरान 12.17 फीसदी घटकर 2,65,187.95 लाख करोड़ रुपए रह गया है. इस दौरान अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों और चीन में धीमे सुधार के कारण उद्योग का प्रदर्शन प्रभावित हुआ. खास बात तो ये है कि वित्त वर्ष 2022-23 में रत्न एवं आभूषण का निर्यात 3,01,925.97 करोड़ रुपए था. जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने मीडिया रिपोर्ट में कहा कि पिछला वित्त वर्ष सभी उत्पाद श्रेणियों के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण था.

## एप्पल भारत में तीन साल में पांच लाख लोगों को दे सकती है रोजगार



**नयी दिल्ली।** आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल अपने विक्रेताओं के माध्यम से अगले तीन साल में भारत में पंच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है। सरकार से जुड़े सूत्रों ने यह बात कही है। फिलहाल एप्पल के विक्रेता और आपूर्तिकर्ता भारत में 1.5 लाख लोगों को रोजगार देते हैं। एप्पल के लिए दो संयंत्र चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, एप्पल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रहा है। एक पुराने अनुमान के अनुसार, यह अपने विक्रेताओं और कलपुर्जे आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से अगले तीन साल में पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है। इस संबंध में एप्पल से संपर्क किया गया तो कंपनी ने कोई बयान नहीं दिया। एप्पल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (लगभग 3.32 लाख करोड़) करने की योजना है। बाजार शोध कंपनी काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, एप्पल ने पहली बार 2023 में सबसे अधिक राजस्व के साथ भारतीय बाजार में सबसे आगे रही, जबकि सैमसंग मात्रा के मामले में शीर्ष पर रही।

# रिलायंस जियो का 13.2 फीसदी बढ़ा नेट मुनाफा

## दर्ज किया 25,959 करोड़ रुपये का रेवेन्यू

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** एशिया और भारत के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी की टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो ने वित्त वर्ष 2023-24 की मार्च तिमाही के लिए रिजल्ट्स जारी कर दिए हैं। एक्सचेंजों को दी गई जानकारी में कंपनी ने आज यानी 22 अप्रैल को बताया कि वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में कंपनी ने 13.2 फीसदी का नेट मुनाफा दर्ज किया। कंपनी ने कहा कि उसके सब्सक्राइबर बेस में इस तिमाही के दौरान शानदार ग्रोथ देखने को मिली।

4 एफवाई24 में रिलायंस जियो का नेट मुनाफा जनवरी-मार्च तिमाही में बढ़कर 5337 करोड़ रुपये हो गया। जबकि एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी ने 4716 करोड़ रुपये का नेट मुनाफा दर्ज किया था। तिमाही आधार पर कंपनी के नेट मुनाफे में 2.47 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। दिसंबर तिमाही में इसने 5,208 करोड़ रुपये का नेट मुनाफा दर्ज किया था।

**बढ़ा रेवेन्यू :** रिलायंस इंडस्ट्रीज की सब्सिडियरी कंपनी रिलायंस जियो की कमाई यानी राजस्व में चौथी तिमाही में 11 फीसदी का इजाफा देखने को मिला। इस दौरान कंपनी का रेवेन्यू 25,959 करोड़ रुपये रहा। हालांकि मार्केट को उम्मीद थी कि कंपनी 25,800 से लेकर 26,129 करोड़ रुपये तक का रेवेन्यू दर्ज कर सकती है।




### खर्च में इजाफा

भारत की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो के खर्च में भी मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 10.2 फीसदी की बढ़त देखने को मिली। कंपनी ने वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में 18,917 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 17,172 करोड़ रुपये था। दिसंबर तिमाही में कंपनी का कुल खर्च 18,518 करोड़ रुपये रहा था।

### एफवाय 24 में कैसी रही जियो की परफॉर्मेंस

कंपनी ने अपनी फाइलिंग में बताया कि उसे पूरे वित्त वर्ष 24 के दौरान 20,466 करोड़ रुपये का नेट मुनाफा हुआ है, जो कि पिछले वित्त वर्ष यानी एफवाय 23 के मुकाबले 12.4 फीसदी ज्यादा है। एफवाय 23 में कंपनी ने 18,207 करोड़ रुपये का नेट मुनाफा दर्ज किया था। एफवाय24 के दौरान कंपनी का ऑपरेशन से रेवेन्यू 1,00,119 करोड़ रुपये रहा, जो कि एफवाय 23 के 90,786 करोड़ रुपये से 10.2 फीसदी ज्यादा बैठता है।

# पोंजी स्कीम: 6600 करोड़ रुपये का बिटकॉइंन घोटाला में राज कुंद्रा के शामिल होने का शक

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** भारत की वित्तीय जांच एजेंसी, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की 98 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है। इस कार्रवाई को कथित तौर पर बिटकॉइन पोंजी स्कीम से जुड़े एक बड़े घोटाले की जांच का हिस्सा बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, जब्त की गई संपत्तियों में मुंबई के धनी इलाके जुहू में स्थित एक फ्लैट, पुणे में एक बंगला और शेयर बाजार में विभिन्न कंपनियों के शेयर शामिल हैं।

**पोंजी स्कीम क्या है :** पोंजी स्कीम एक तरह की धोखाधड़ी वाली निवेश योजना है। इसमें पुराने निवेशकों को दिए जाने वाले रिटर्न के लिए नए निवेशकों से पैसे लिए जाते हैं। आसान शब्दों में, यह एक तरह का खेल है जो तब तक चलता रहता है जब तक नए लोग पैसे लगाते रहते हैं। क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े कई फजीवर्दि इसी पोंजी स्कीम की तरह काम करते हैं।

ये योजनाएं निवेशकों को बहुत ज्यादा, असल में असामान्य रूप से ज्यादा रिटर्न का लालच देकर फंसाती हैं। दूसरी तरफ, मनी लॉन्ड्रिंग का मतलब है गैर-कानूनी तरीके से कमाए गए धन को वैध दिखाना। इसमें अपराधी जटिल वित्तीय लेनदेन करके काले धन को छिपाने की कोशिश करते हैं।



### राज कुंद्रा पर हो रही कार्रवाई

राज कुंद्रा की संपत्तियों को ईडी द्वारा जब्त किए जाने का मतलब ये नहीं है कि वो सीधे तौर पर दोषी हैं। ये कार्रवाई सिर्फ ये बताती है कि ईडी उनकी संभावित भूमिका की जांच कर रही है, जिसमें एक बिटकॉइन आधारित पोंजी स्कीम और उससे जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग शामिल हैं। ईडी जांच पूरी होने या कोर्ट के आदेश तक जब्त की गई संपत्ति उनके कब्जे से बाहर रहेगी।

### क्या है बिटकॉइन पोंजी मामला!

2017 में क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया में बिटकॉइन तहलका मचाए हुए था। यह भारी मुनाफे का लालच देकर हजारों निवेशकों को अपनी तरफ खींच रहा था। इसी मौके का फायदा उठाते हुए अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज और महेंद्र भारद्वाज नाम के तीन लोगों ने मिलकर ह्लवेरिएबल टेक पीटीई लिमिटेडह्व के नाम से एक कंपनी बनाई और ह्लगेन बिटकॉइनह्व नाम से एक पोंजी स्कीम शुरू कर दी। इस फजीवाड़े में कथित तौर पर 6,600 करोड़ रुपये की ठगी हुई।

# धनबाद कोक/ कोयला मंडी

**हार्ड कोक की दर (रु/प्रति टन)**

**हार्डकोक की कीमत में गिरावट**

| | |
|---|---|
| 1नं0 | 11,000 |
| सेमी | 12,000 |
| लो एश 30% | 13,000 |

**पर्ल कोक का दर (रु/प्रति टन)**

| | |
|---|---|
| 58-60% FC | 12,000 |
| 65% FC | 14,500 |
| 70% FC | 16,500 |

नोट :*कर अतिरिक्त

**प्रमुख शहरों का धनबाद से भाड़ा (रु/प्रति टन)**

| | |
|---|---|
| रायपुर | 1650 |
| रायगढ़ | 1450 |
| हल्दिया | 1200 |
| कोलकाता | 1050 |
| विशाखापतनम | 2600 |
| होसपेट | 4200 |
| नागपुर | 2600 |
| फरीदाबाद | 3000 |
| बटाला | 3500 |
| अहमदाबाद | 2800 |
| पटना | 1500 |
| राजकोट | 3400 |
| रुड़की | 2650 |
| कटक | 1500 |
| दिल्ली | 3000 |
| चेन्नई | 3800 |
| राउरकेला | 1250 |

## भारतीयों को खूब भा रहा है घूमना-फिरना आध्यात्मिक स्थलों की ओर बढ़ा रुझान

**नयी दिल्ली।** देश के लोग अब पहले के मुकाबले अधिक यात्रा कर रहे हैं। साथ ही अयोध्या, उज्जैन और बद्रीनाथ जैसे आध्यात्मिक स्थलों के बारे में अधिक जानकारी हासिल की जा रही है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। 'मेकमाईट्रिप इंडिया ट्रैवल ट्रेंड्स रिपोर्ट' में उसके मंच के 10 करोड़ से अधिक सक्रिय उपयोगकताओं से प्राप्त जानकारी और उनकी अन्य जिज्ञासाओं पर गौर करने के बाद यह बात सामने आई है। इससे पता चला कि 2019 के बाद से एक वर्ष में तीन से अधिक यात्राएं करने वाले लोगों की संख्या में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, आध्यात्मिक यात्राओं में बढ़ती रुचि इसकी मुख्य वजह रही। आध्यात्मिक पर्यटन संबंधी जानकारी हासिल करने की गतिविधि में 2021 की तुलना में 2023 में 97 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। इसमें कहा गया, छोटे तथा मझोले शहरों में धार्मिक महत्व वाले स्थलों की जानकारी हासिल करने के मामलों वृद्धि देखी जा रही है। अयोध्या में 2022 की तुलना में 2023 में 585 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है। इसी तरह उज्जैन और बद्रीनाथ को लेकर की गई खोज (सर्च) में क्रमशः 359 प्रतिशत और 343 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। रिपोर्ट में पाया गया कि सप्ताहांत में घूमने वाले गंतव्यों में जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के बारे में 2022 की तुलना में 2023 में 131 प्रतिशत अधिक जानकारी बटोरी गई। ऊटी और मुन्नार जैसे हिल स्टेशन भी लोकप्रिय विकल्प हैं, खासकर देश के दक्षिणी हिस्से में...।'' रिपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय यात्राओं की भी जानकारी दी गई। दुबई, बैंकॉक और सिंगापुर शीर्ष तीन सबसे अधिक खोजे गए गंतव्य बने हुए हैं, जबकि लंबी दूरी की यात्रा के लिए लोगों ने सबसे अधिक लंदन, टोरंटो और न्यूयॉर्क में रुचि दिखाई।

## ऑस्ट्रेलियन कोकिंग कोल का भाव (प्लेट के अनुसार)

| मेटालर्जिकल कोयला | रेट (एफ.ओ.बी ऑस्ट्रेलिया) |
|---|---|
| पीक डाउन रिजन | 250 ▼3 यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| प्रीमियम लो वोलाटाइल (PLV) | 250 ▼3 यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| लो वोलाटाइल हार्ड कोकिंग कोल | 213 यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| लो वोलाटाइल पीसीआई (PCI) | 161 यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| मिड वोलाटाइल पीसीआई (PCI) | 156 यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सेमी सॉफ्ट | 158.5 यूएस डॉलर/प्रतिटन |

## कोक प्राइस

| | ASH | CSR | Rate *CFR India |
|---|---|---|---|
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 66/65 | 345 ▲5 यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 65/63 | 330 ▲5 यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 64/62 | 320 ▲5 यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 62/60 | 315 ▲5 यूएस डॉलर/प्रतिटन |

# अमेरिकी नागरिकता लेने में दूसरे नंबर पर रहे भारतीय



■ **2022 में 66 हजार बने अमेरिकी नागरिक**

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**वाशिंगटन :** वर्ष 2022 में कम से कम 65,960 भारतीय आधिकारिक तौर पर अमेरिकी नागरिक बन गए और इसी के साथ जिन देशों के लोगों को अमेरिकी नागरिकता मिली है, उनकी संख्या के मामले में भारत मेक्सिको के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गया। अमेरिकी जनगणना ब्यूरो के अमेरिकी सामुदायिक सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, 2022 में विदेशी मूल के अनुमानित चार करोड़ 60 लाख लोग अमेरिका में रहे जो अमेरिका की कुल 33 करोड़ 33 लाख आबादी का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है। स्वतंत्र कांग्रेशनल अनुसंधान सेवा की वित्त वर्ष 2022 के लिए यूएस नेचुरलाइजेशन पॉलिसी (अमेरिकी नागरिकता नीति) पर 15 अप्रैल की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2022 में 9,69,380 व्यक्ति अमेरिकी नागरिक बने। रिपोर्ट में कहा गया, ह्यअमेरिकी नागरिकता पाने वाले लोगों में मेक्सिको में पैदा हुए लोगों की संख्या सबसे अधिक रही। इसके बाद भारत, फिलीपीन, क्यूबा और डोमिनिकन गणराज्य के लोगों को सर्वाधिक संख्या में अमेरिकी नागरिकता मिली।

### किस देश के लोगों को मिली नागरिकता



*सीआरएस ने बताया कि 2022 में मेक्सिको के 1,28,878 नागरिक अमेरिकी नागरिक बने। उनके बाद भारत (65,960), फिलीपीन (53,413), क्यूबा (46,913), डोमिनिकन गणराज्य (34,525), वियतनाम (33,246) और चीन (27,038) के लोगों को अमेरिकी नागरिकता मिली। उसने बताया कि 2023 तक विदेशी मूल के अमेरिकी नागरिकों में भारत के लोगों की संख्या 2,831,330 थी जो मेक्सिको के (10,638,429) के बाद दूसरी सर्वाधिक संख्या है। इसके बाद इस सूची में चीन (2,225,447) का नंबर है। सीआरएस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अमेरिका में रहने वाले भारत में जन्मे लगभग 42 प्रतिशत विदेशी नागरिक वर्तमान में अमेरिकी नागरिक बनने के लिए अयोग्य हैं।*

### कुवैत : पहली बार शुरू हुआ हिंदी में रेडियो का प्रसारण

# भारतीय दूतावास ने की कुवैती संचार मंत्रालय की तारीफ

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** कुवैत में पहली बार हिंदी में रेडियो का प्रसारण शुरू हुआ है। वहां मौजूद भारतीय दूतावास ने इसकी जानकारी दी है। भारतीय दूतावास ने प्रत्येक रविवार को कुवैत रेडियो पर एफएम 93.3 और एएम 96.3 पर एक हिंदी कार्यक्रम शुरू करने के लिए कुवैती संचार मंत्रालय की सराहना की है। भारतीय दूतावास ने कहा कि कुवैत की तरफ से उठाया गया यह कदम दोनों देशों के बीच रिश्ते को मजबूत बनाएगा।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए भारतीय दूतावास ने कहा, कुवैत में पहली बार हिंदी रेडियो प्रसारण की शुरूआत! भारतीय दूतावास 21 अप्रैल 2024 से प्रत्येक रविवार (साढ़े आठ से नौ बजे) कुवैत रेडियो पर एफएम 93.3 और एएम 96.3 पर एक हिंदी कार्यक्रम शुरू करने के लिए कुवैती संचार मंत्रालय की सराहना करता है। यह कदम भारत-कुवैत के रिश्तो को और मजबूत करेगा।



### कुवैत में भारतीय समुदाय सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय

*बता दें कि कुवैत में लगभग दस लाख भारतीय रहते हैं। इस लिहाज से यह देश का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। कुवैत में भारतीयों को पसंदीदा समुदाय माना जाता है। यहां इंजीनियर, डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, वैज्ञानिक, सॉफ्टवेयर विशेषज्ञ, प्रबंधन सलाहकार, आर्किटेक्ट, तकनीशियन और नर्स जैसे पेशेवर के अलावा खुदरा व्यापारी और व्यवसायी भी रहते हैं। लंबे समय से भारत, कुवैत का एक व्यापारिक भागीदार रहा है। 2021-2022 में दोनों देशों ने राजनायिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मनाई थी। 17 अप्रैल को कुवैत में भारतीय राजदूत आदर्श स्वाइका ने कुवैत के उप प्रधानमंत्री शेख फहद यूसुफ सऊद अल सबा से मुलाकात की थी। इस दौरान भारतीय राजदूत ने कुवैत द्वारा शुरू किए गए प्रवासी-अनुकूल उपायों की सराहना भी की थी। कुवैत में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी थी।*

## संक्षिप्त खबर

### ईरान के राष्ट्रपति रईसी तीन दिवसीय यात्रा पर पाकिस्तान पहुंचे

**इस्लामाबाद।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी सोमवार को तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर पाकिस्तान पहुंचे। इब्राहिम रईसी की यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब दो महीने पहले दोनों पड़ोसी देशों ने एक दूसरे के इलाकों में कथित आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किये थे। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर की गई एक पोस्ट में कहा, 'इस्लामाबाद हवाई अड्डे पर ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया तथा आवास और निर्माण मंत्रालय के मंत्री मियां रियाज हुसैन पीरजादा और ईरान में पाकिस्तान के राजदूत मुदस्सिर टीपू ने उनकी अगवानी की। विदेश मंत्रालय ने बताया कि ईरानी राष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी और एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है जिसमें विदेश मंत्री, कैबिनेट के अन्य सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। राष्ट्रपति रईसी का पाकिस्तान में एक व्यापक कार्यक्रम है। इस दौरान वह राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सीनेट अध्यक्ष यूसुफ रजा गिलानी और नेशनल असेंबली के अध्यक्ष अयाज सादिक से मिलेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि वह लाहौर और कराची जाकर वहां के प्रशासन से भी मुलाकात करेंगे।

### श्रीलंका में कार रेसिंग इवेंट के दौरान हादसा, 7 लोगों की मौत और 23 घायल

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के उवा प्रांत में बड़ा हादसा देखने को मिला है. जहां, कार रेसिंग के दौरान हुए हादसे में एक बच्चे समेत कम से कम सात लोगों की मौत हो गई है जबकि 23 अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं. पुलिस की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, यह दुर्घटना उस समय हुई जब सेंट्रल हिल रिसॉर्ट में कार रेसिंग के दौरान एक कार अनियंत्रित होने के बाद ट्रैक से उतर कर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को रौंद दी.पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने कहा कि दुर्घटना में 23 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और सात अन्य की मौत हो गई है. मृतकों में एक 8 साल का लड़का और चार ट्रैक असिस्टेंस भी शामिल हैं. घटना के बाद 23 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इनमें से कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**2019 में हमले के बाद से बंद था इवेंट**

दरअसल, पारंपरिक नए साल के उत्सव के रूप में यहां हर साल कार रेसिंग इवेंट किया जाता है. 2019 में ईस्टर रविवार के हमले के बाद कार रेसिंग के इस इवेंट को बंद कर दिया गया था. अब करीब 5 साल बाद कार रेसिंग इवेंट को फिर से शुरू किया गया था, लेकिन अब ईवेंट में ही हादसा हो गया. 2019 में हुए आत्मघाती हमले में 270 लोगों की मौत हुई थी. रविवार को हुए इस घटना और सात लोगों की मौत के बाद इवेंट को एक बार फिर से रोक दिया गया है।

# मालदीव में जहरीले मुइज्जू की पार्टी को मिली प्रचंड जीत तो खुश हुआ चीन



**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**माले/बीजिंग :** मालदीव के संसदीय चुनाव में चीन के इशारों पर नाच रहे राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी ह्यपीपुल्स मजलिसह्न ने प्रचंड बहुमत हासिल किया है। इस चुनाव में मुइज्जू की पार्टी को 93 में से 70 सीटों पर जीत मिली है। मुइज्जू की पार्टी को मिली इस सफलता पर चीन की सरकार खुश हो गई है। चीन के विदेश मंत्री ने सबसे पहले मुइज्जू को इस बंपर जीत पर बधाई दी है। चीन ने कहा कि वह मालदीव के लोगों की पसंद का सम्मान करता है। चीन ने यह भी ऐलान किया कि वह मालदीव की सरकार के साथ रणनीतिक भागीदारी को मजबूत करने की इच्छुक है। वहीं विशेषज्ञों ने भारत को मालदीव के प्रति नीति में बदलाव की नसीहत दी है। चीन के विदेश मंत्री ने कहा कि चीन ने मालदीव को आसानी से संसदीय चुनाव कराने के लिए बधाई देता है। साथ ही मालदीव की जनता की पसंद का सम्मान करती है। चीन मालदीव के साथ अपनी परंपरागत दोस्ती को बनाए रखने के लिए काम करने को इच्छुक है। चीन ने कहा कि वह मालदीव के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के विस्तार का इच्छुक है तथा रणनीतिक भागीदारी को और मजबूत करना चाहता है। एक तरफ जहां चीन मुइज्जू को बधाई दे रहा है, वहीं विशेषज्ञ भारत को मालदीव के साथ रिश्तों में बदलाव की नसीहत दे रहे हैं।

### भारत को विशेषज्ञों ने दी सलाह

*भारत के पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल कहते हैं कि मालदीव के संसदीय चुनावों में मुइज्जू की बंपर जीत ने भारत के उनके उकसावे के प्रति नरम रुख को बुरी तरह से उलट दिया है। यह दिखाता है कि मालदीव में भारत विरोधी, चीन समर्थक भावना को वहां की जनता का व्यापक समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि भारत को अपने दृष्टिकोण में बदलाव की आवश्यकता है। इससे पहले मुइज्जू की पार्टी ने संसदीय चुनावों में 70 सीट पर जीत दर्ज करके प्रचंड बहुमत हासिल कर लिया है। सोमवार को आए प्रारंभिक नतीजों से यह जानकारी मिली।*

### भारत के प्रभाव को कम करना चाहते हैं : मुइज्जू

*चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू (45) ने कहा है कि वह अपने देश में भारत का प्रभाव कम करना चाहते हैं। स्थानीय मीडिया ने रविवार को हुए चुनाव में पीएनसी की बड़ी जीत को प्रचंड बहुमत बताया है। साल 2019 के चुनाव में तत्कालीन सत्तारूढ़ पार्टी एमडीपी ने 64 सीट के साथ संसद में प्रचंड बहुमत हासिल किया था जबकि तत्कालीन विपक्षी दल पीपीएम-पीएनसी गठबंधन ने महज आठ सीट जीती थीं। हिंद महासागर में सामरिक रूप से महत्वपूर्ण जगह पर स्थित मालदीव में संसदीय चुनावों के लिए आधिकारिक नतीजे इस सप्ताह तक आने की उम्मीद है। देश के संसदीय चुनाव के लिए 368 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे।*

# पाकिस्तानी संसद से सांसदों के 20 जोड़ी जूते चोरी, स्पीकर ने जारी किया नोटिस

**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी संसद से सांसदों के 20 जोड़ी जूते चोरी, स्पीकर ने जारी किया नोटिस, जांच में जुटी पुलिसशादी में जूता चुराई तो सुना है, लेकिन किसी संसद के बाहर से जूता चोरी हो जाएं तो यह मजाक का पात्र होता है. पाकिस्तान में भी ऐसा ही हुआ. दरअसल, जिस संसद को सुरक्षा के लिहाज से काफी सुरक्षित माना जाता है, वहां ही जूता चोर घुस आए. उन्होंने सांसद, वरिष्ठ अधिकारी और पत्रकारों समेत 20 जोड़ी जूते चोरी कर लिए. इसके बाद से जूता चोरी की खबर सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है. लोग तरह-तरह के कमेंट कर पाकिस्तान का मजाक बना रहे हैं. पाकिस्तान के लोग अब मजाक-मजाक में जूता चोरी होने से बचाने के तरीके भी बता रहे हैं।

### मस्जिद से बाहर निकले तो सब हुए हैरान !

*दरअसल, पाकिस्तान की संसद के अंदर एक मस्जिद है. इसमें पाकिस्तान के सांसद, सुरक्षाकर्मी और पत्रकार नमाज पढ़ने के लिए जाते हैं. शुक्रवार को जुमे की नमाज पढ़ने के दौरान सैकड़ों लोग मस्जिद के बाहर अपने कीमती जूते उतारकर नमाज अदा करने गए थे. जब वो वापस आए तो 20 जोड़ी जूते-चप्पल गायब थे. इनमें पत्रकार, संसद के बड़े अफसर और कुछ सांसदों के जूते थे।*

### लोगों ने दिए टिप्स

*इस घटना के बाद से जूता चोरी होने से कैसे बचाएं, सोशल मीडिया पर लोग मजा ले रहे हैं. कई ने तो टिप्स तक दे डाले. पाकिस्तान के एक यूजर्स ने कहा, अगर आपके पास कीमती जूते हैं तो एक जूता बाहर छोड़ दें और एक जगह एक जूता छोड़ दें और दूसरा कहीं छिपा दें. चोर भाईजान एक जूता चोरी नहीं करता, दोनों जूता चोरी करता है. या एक जूता रखकर दूसरा जूता साथ ले जाएं आप जहां जा रहे हैं।*

### इजराइल : ये दर्द मेरे साथ हमेशा रहेगा

# हमास के हमले की जिम्मेदारी लेकर इजराइल खुफिया विभाग चीफ ने पद छोड़ा




**एजेंसी। 22 अप्रैल**

हमास के इजराइल पर हमले को अपनी असफलता मानते हुए इजराइली सेना के खुफिया विभाग के प्रमुख मेजर जनरल अहारोन हलिवा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मेजर जनरल हलिवा ने हमास के हमले को न रोक पाने की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेते हुए पद छोड़ दिया। गौरतलब है कि इजराइल में हमास हमले के बाद यह शीर्ष स्तर पर पहला इस्तीफा है और माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में कई अन्य शीर्ष अधिकारी और नेता भी इस्तीफा दे सकते हैं।

### हमास का हमला न रोक पाने की ली जिम्मेदारी

*हमास ने बीते साल 7 अक्तूबर को इजराइल पर हमला बोला था। हमास के हमले में इजराइल में 1200 लोगों की मौत हुई थी और 250 लोगों को हमास के आतंकियों ने बंधक बना लिया था। हमास के हमले के बाद ही इजराइल ने गाजा पर हमला बोल दिया था और अब गाजा युद्ध को सात महीने का वक्त बीत चुका है। इजराइल के हमलों से गाजा में 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और वहां गंभीर मानवीय संकट पैदा हो गया है। अपना पद छोड़ते हुए मेजर जनरल अहारोन हलिवा ने अपने इस्तीफे में लिखा कि 'मेरे नेतृत्व में खुफिया विभाग अपनी जिम्मेदारियों पर खरा नहीं उतरा। उस काले दिन का दर्द अभी भी मेरे साथ है और अब हमेशा मेरे साथ रहेगा।'*




# श्रीलंका में गूंजेगी राम की महिमा, रामायण से जुड़े स्थलों को विकसित करने में मदद करेगा भारत



**एजेंसी। 22 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने रविवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के शीर्ष अधिकारियों की मेजबानी की. इस दौरान, उन तौर-तरीकों पर चर्चा की गई जिनके जरिये भारत इस द्वीप राष्ट्र में रामायण से जुड़े स्थानों के विकास में सहयोग कर सकता है.संतोष झा ने यहां इंडिया हाउस में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज और उनकी टीम से मुलाकात की।

### श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की टीम पहुंची कोलंबो

*श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उच्चायुक्त संतोष झा ने इंडिया हाउस में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज और उनकी टीम से मुलाकात की.000रामायण से जुड़े स्थलों का विकास इस दौरान झा ने स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज और उनकी टीम से उन तौर-तरीकों पर चर्चा की गई, जिनसे भारत श्रीलंका में रामायण से संबंधित स्थानों के विकास, लोगों से लोगों के बीच जुड़ाव और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में सहायता कर सकता है।*

### रामायण ट्रेल परियोजना का उद्घाटन

*बता दें कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए जिम्मेदार संस्था है. संतोष झा श्रीलंका में स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज द्वारा समर्थित रामायण ट्रेल परियोजना के उद्घाटन समारोह में भी शामिल हुए. उन्होंने कहा कि आज जिस तरह भारत-श्रीलंका की दोस्ती फल-फूल रही है, उसी तरह रामायण ट्रेल भी फले-फूले. रामायण प्राचीन भारत के दो प्रमुख संस्कृत महाकाव्यों में से एक और हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण ग्रंथ है. श्रीलंका में रामायण ट्रेल पर 52 स्थल हैं।*

वर्ष 66 अंक 343 अखबार के स्वामी आवाज प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक - मुद्रक नवीन कुमार सिन्हा द्वारा आवाज प्रकाशन प्रा.लि. नवाडीह, बिरसा मुंडा पार्क के निकट, बी0 पोलिटेक्निक, धनबाद 828130 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक - अमित कुमार सिन्हा* सम्पादकीय व विज्ञापन विभाग - 7319894441, आर0 एन0 आई0 संख्या - 3591/1957 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिये जिम्मेवार) E-mail - awaz1947@gmail.com